

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 43 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 22 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## पीएम मोदी जोहान्सबर्ग पहुंचे, G-20 लीडर्स समिट में लेंगे हिस्सा

समाज जागरण

पीएम मोदी अपने तीन दिवसीय दक्षिण अफ्रीका दौरे के क्रम में शुक्रवार को जोहान्सबर्ग पहुंचे। यहां उनका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। वह दक्षिण अफ्रीका की ओर से आयोजित होने वाले 'G-20 लीडर्स' समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि G-20 शिखर सम्मेलन से संबंधित कार्यक्रमों के लिए जोहान्सबर्ग पहुंच गया हूं। प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विश्व नेताओं के साथ उपयोगी चर्चा की आशा है। हमारा ध्यान सहयोग को मजबूत करने, विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने पर रहेगा।

'G-20 लीडर्स' समिट का आयोजन जोहान्सबर्ग में होगा। यह विकासशील देशों में आयोजित होने वाला लगातार चौथा G20 समिट होगा। समिट में प्रधानमंत्री मोदी **'G-20'** एजेंडा पर भारत का दृष्टिकोण पेश करेंगे। उनके समिट के तीनों सत्रों में संबोधित करने की उम्मीद है इससे पहले पीएम मोदी ने अपने एक संदेश में कहा, "मैं 21-23 नवंबर तक रिपब्लिक ऑफ साउथ अफ्रीका जा रहा हूं। मैं सिरिल रामफोसा (दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति) के बुलावे पर जोहान्सबर्ग में साउथ अफ्रीका की प्रेसीडेंसी में हो रहे 20वें 'G-20 लीडर्स' समिट में शामिल होऊंगा।"

उन्होंने कहा कि यह एक खास समिट होगा, क्योंकि यह अफ्रीका में होने वाला पहला **G-20** समिट होगा। 2023 में G-20 की भारत की प्रेसीडेंसी के दौरान अफ्रीकन



यूनियन G-20 का मेंबर बना था। यह समिट दुनिया के खास मुद्दों पर बात करने का एक मौका होगा। उन्होंने कहा, "मैं समिट में 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य' के हमारे विजन के हिसाब से भारत का नजरिया पेश करूंगा। मैं पार्टनर देशों के लीडर्स के साथ बातचीत और समिट के दौरान होने वाले छठे 'आईबीएसए समिट' में हिस्सा लेने का इंतजार कर रहा हूं। इस विजिट के दौरान, मैं साउथ अफ्रीका में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के साथ अपनी बातचीत का भी इंतजार कर रहा हूं।"

इस साल के G-20 की थीम 'एकजुटता, समानता और सस्टेनेबिलिटी' है, जिसके जरिए साउथ अफ्रीका ने भारत और ब्राजील में हुए पिछले आयोजनों के नतीजों को आगे बढ़ाया है।

### अमेरिका के अल्टीमेटम पर खूब दहाड़े जेलेंस्की, बोले- कैसे खो दूं आत्मसम्मान

नई दिल्ली: यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका की ओर से थोपे गए "एक हफ्ते



के अल्टीमेटम" को लेकर देश को संबोधित करते हुए कड़ा संदेश दिया है. अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन रूस के साथ एक वर-ब्रोकर शांति समझौते के "फ्रेमवर्क" को अगले सप्ताह तक मंजूरी दे. वरना वॉशिंगटन सैन्य व खुफिया सहायता में कटौती कर सकता है. जेलेंस्की ने कहा, "यूक्रेन या तो आत्मसम्मान खो देगा या अपना सबसे अहम साझेदार". लेकिन वह किसी भी कीमत पर राष्ट्रीय गरिमा से समझौता नहीं करेंगे. उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले कुछ दिन यूक्रेन के लिए बेहद कठिन हो सकते हैं क्योंकि अमेरिका का दबाव तेज हो गया है. द गार्जियन के अनुसार, जेलेंस्की ने अपने संबोधन में कहा कि "शांति डील की मौजूदा शर्तें यूक्रेन को कमजोर स्थिति में धकेल सकती हैं और ऐसा स्वीकार करना आत्मसम्मान का नुकसान होगा."

### पीएम मोदी के दक्षिण अफ्रीका आने से प्रवासी भारतीय खुश

पीएम मोदी अपने तीन दिवसीय दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर शुक्रवार



सुबह रवाना हुए। वे वहां आयोजित होने वाले **'G-20 लीडर्स'** समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी के स्वागत करने और उनसे मुलाकात का इंतजार कर रहे भारतीय प्रवासियों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है।

दक्षिण अफ्रीका में रह रहे भारतीय प्रवासी ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फिर आ रहे हैं। हम उनके आने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री मोदी *'G-20 लीडर्स'* समिट में हिस्सा लेंगे। भारत विश्वगुरु बन रहा है। पीएम मोदी ने भारत के लिए जो कुछ भी किया है, उस पर हमें गर्व है।"

## भारत की आखिरी उम्मीद लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में: ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500

समाज जागरण

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को हमवतन आयुष शेट्टी के खिलाफ सीधे गेम में 23-21, 21-11 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में सातवें सीड वाले लक्ष्य का सामना चीनी ताइपे के दूसरे सीड चाउ टिएन चेन से होगा।

गुरुवार को मेंस सिंगल्स में प्रणय और किदांबी श्रीकांत के जल्दी बाहर होने के बाद सेन अब भारत की इकलौती उम्मीद हैं।

सिडनी ओलंपिक पार्क में 53 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य सेन को शुरूआती गेम में आयुष शेट्टी से कड़ी टक्कर मिली। सेन 6-9 से पीछे चल रहे



रहे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से चार प्वाइंट्स बनाकर 13-10 की बढ़त हासिल कर ली। शेट्टी उतार-चढ़ाव भरे शुरूआती गेम में वापसी करते रहे, उन्होंने 21-21 से बराबरी की और 23-21 से गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरा गेम लक्ष्य सेन के लिए बेहद आसान रहा। सेन ने 6-1 से बढ़त बना ली थी। शेट्टी मुकाबले में पिछड़ते नजर आए और सेन ने बढ़त को 15-7 तक पहुंचा दिया। लक्ष्य सेन ने राउंड ऑफ 16 में ची यू जेन को 21-17, 13-21, 21-13 से मात दी थी। इससे पहले उन्होंने सु ली-यैंग को 21-17, 21-13 से मात दी थी।

24 वर्षीय लक्ष्य सेन इस साल की शुरूआत में हांगकांग ओपन के फाइनल में अपनी जगह बना चुके हैं, लेकिन अभी भी सीजन के अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं।

**आयुष शेट्टी राउंड ऑफ 16 में कोडाई नाराओका को 21-17, 21-16 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।**

पुरुषों के डबल्स में, टॉप सीड सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, जो चीनी ताइपे के सु चिंग हेंग और वू गुआन शुन पर आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन पांचवीं सीड इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी से 19-21, 15-21 से हारकर टूनामेंट से बाहर हो गए।

### मनिका विश्वकर्मा मिस यूनिवर्स 2025 से बाहर

मिस यूनिवर्स 2025 का फिनाले चल रहा है, और हर कोई अपना बेस्ट दे रहा है। भारत को रिप्रेजेंट कर रही हैं मनिका विश्वकर्मा, जो राजस्थान के श्री गंगानगर की रहने वाली हैं। पॉलिटिकल साइंस और इकोनॉमिक्स में डिग्री कर रही मनिका इस मशहूर पेजेंट के फिनाले में पहुंच गई हैं।

## गुवाहाटी में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय वीजा सेंटर, पूर्वोत्तर के यात्रियों को अब दिल्ली, मुंबई नहीं जाना पड़ेगा

समाज जागरण

असम और पूरे पूर्वोत्तर के लोगों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा से जुड़े बड़े बदलाव की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया है कि जल्द ही गुवाहाटी में एक इंटरनेशनल वीजा सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके शुरू होने के बाद वीजा आवेदन के लिए बायोमेट्रिक जमा करने के लिए लोगों को दिल्ली या मुंबई की लंबी और महंगी यात्रा नहीं करनी होगी।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि वीजा आउटसोर्सिंग और तकनीकी सेवाओं की अग्रणी कंपनी VFS Global ने सिद्धांततः गुवाहाटी में एक समर्पित वीजा सुविधा केंद्र खोलने पर सहमति जता दी है। यह केंद्र 60 से अधिक देशों के वीजा आवेदनों को संभालेगा।



सरमा ने लिखा, "विदेश यात्रा करनी है? वीजा बायोमेट्रिक्स जमा करने हैं? अब इसके लिए दिल्ली या मुंबई जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जल्द ही यह परेशानी इतिहास बन जाएगी।"

अब तक पूर्वोत्तर के आवेदकों, विशेष रूप से छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और पर्यटकों को वीजा से जुड़ी औपचारिकताओं के लिए महानगरों की यात्रा करनी पड़ती थी, जिससे समय और धन दोनों का भारी खर्च होता था।

**पूर्वोत्तर के लिए बड़ी राहत**

गुवाहाटी में वीजा सेंटर की स्थापना पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

विदेश यात्रा की तैयारी में लगने वाला समय और खर्च कम होगा छात्रों और पेशेवरों को तेज और सुगम वीजा सेवा मिलेगी

गुवाहाटी क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय सुविधा केंद्र के रूप में विकसित होगा सरकार को उम्मीद है कि यह कदम न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि पूर्वोत्तर में वैश्विक संपर्क को भी मजबूत करेगा। आदिवासी समुदायों के युवाओं को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी स्थित श्रीमंत शंकरदेव कालाक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में टीईटी या टीईटी रिक्रूटमेंट परीक्षा उत्तीर्ण 377 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

## SIR फॉर्म भरने में तेजी, लेकिन बहुओं के मायके के रिकॉर्ड ने अटकाया काम, अब तक 61% फॉर्म डिजिटलाइज

बलिया: जिले में मतदाता सूची के अद्यतन और मिलान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. जिले भर में BLO घर-घर जाकर मतदाताओं को SIR फॉर्म भरवा रहे हैं. जिला प्रशासन का कहना है कि ज्यादातर फॉर्म भरे जा चुके हैं और केवल कुछ ही शेष हैं. इसके बाद सभी फॉर्म डिजिटलाइज कर दिए जाएंगे. रक्फ़ फॉर्म में तीन प्रमुख कॉलम हैं, जिनमें मतदाता को जन्मतिथि, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, माता-पिता तथा पति/पत्नी का नाम




भरना अनिवार्य है. यदि EPIC नंबर उपलब्ध न हो तो भी फॉर्म भरा जा सकता है. BLO आवश्यक जानकारी को जांचकर फॉर्म ऑनलाइन अपलोड कर रहे हैं.

**विवाहित महिलाओं के फॉर्म में सबसे अधिक दिक्कत**

BLOs के अनुसार सबसे बड़ी समस्या उन विवाहित महिलाओं के फॉर्म में आती है, जिनका नाम 2003 की वोटर लिस्ट में मायके के पते पर दर्ज था. शादी के बाद वे ससुराल आ गई हैं, लेकिन फॉर्म मिलान के लिए पुराने रिकॉर्ड की आवश्यकता पड़ती है. इस कारण BLO को 2003 की लिस्ट में उनके मायके का बूथ नंबर, विधानसभा और क्रम संख्या खोजनी पड़ती है, जिससे सत्यापन में थोड़ा समय लग जाता है. हालांकि ADM के अनुसार, हर महिला को फॉर्म उपलब्ध करा दिया गया है.

## शूटर से कैबिनेट मंत्री बनी 'गोल्डन गर्ल', अर्जुन अवार्ड विजेता को मिला IT और खेल मंत्रालय का जिम्मा

समाज जागरण

पटना: श्रेयसी सिंह को बिहार सरकार में सूचना प्रोद्योगिकी और खेल विभाग का मंत्री बनाया गया है. जमुई से विधायक बनीं श्रेयसी सिंह युवा, प्रतिभाशाली और राजनीति के साथ-साथ खेल की दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं. श्रेयसी सिंह को सूचना प्रोद्योगिकी और खेल विभाग का मंत्रालय देकर सरकार ने युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाया है. उनका तकनीकी ज्ञान और खेल में अनुभव विभागों को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाने में मदद करेगा. बिहार सरकार में उनकी नियुक्ति से प्रदेश में खेल और डिजिटल क्षेत्र के विकास की उम्मीदें जगी हैं.



इस राजनीतिक परिवार से है ताल्लुक श्रेयसी सिंह का जन्म 29 अगस्त 1991 को बिहार के जमुई जिले के गिद्धौर में हुआ था. वे पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के दिग्गज नेता दिवंगत दिग्विजय सिंह की पुत्री हैं. उनका राजनीतिक परिवार काफी प्रभावशाली है. उनके दादा कुमार सुरेंद्र सिंह नेशनल राइफल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे और उनकी मां पुतुल कुमारी भी पूर्व सांसद रह चुकी हैं. ऐसे परिवार में जन्म लेने के कारण श्रेयसी सिंह को राजनीति और खेल दोनों में अवसर मिले.

**मिल चुका है अर्जुन पुरस्कार**

खेल के क्षेत्र में श्रेयसी ने निशानेबाजी की डबल ट्रैप स्पर्धा में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खासी सफलता प्राप्त की है. उन्होंने 2014 के ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता है. इसके अलावा, उन्होंने एशियाई खेलों में भी अपनी छाप छोड़ी है. उनकी खेल प्रतिभा को वर्ष 2018 में अर्जुन पुरस्कार से भी नवाजा गया.

## 'इतनी बदनामी...': पाक विदेश मंत्री का कथित ऑडियो लीक, आर्मी चीफ असीम मुनीर पर तीखा हमला

समाज जागरण

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक लीक ऑडियो ने सियासी हलचल तेज कर दी है। वायरल क्लिप में कथित तौर पर विदेश मंत्री को आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर की कड़ी आलोचना करते सुना जा सकता है—जो देश के अंदर टॉप लेवल टकराव की ओर इशारा माना जा रहा है।

**ऑडियो में कथित आवाज कहती सुनाई देती है—**

"किसी भी आर्मी चीफ को आज इतना बदनाम नहीं किया गया



जितना उन्हें किया जा रहा है। पहले लोग नाम भी नहीं लेते थे, उस पद की इज्जत होती थी... उन्हें पता है क्या हो रहा है, लेकिन क्यों—यह नहीं।"

हालांकि ऑडियो की ऑफिशियल पुष्टि नहीं, लेकिन इसके सामने आते ही सोशल मीडिया पर मिलिट्री और खासकर जनरल मुनीर के खिलाफ भड़की नाराजगी और तीखी हो गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक आलोचना की वजहें दो प्रमुख मुद्दों से जुड़ी हैं—

**▪ आर्थिक संकट चरम पर**

महंगाई, बेरोजगारी और IMF की सख्त शर्तों से जूझते पाकिस्तान में आम जनता मिलिट्री के राजनीतिक हस्तक्षेप को देश की बदहाली का कारण मानने लगी है। आर्मी को सबसे ताकतवर संस्था माना जाता है, इसलिए आर्मी चीफ पर सीधा गुस्सा फूट रहा है।

**▪ आर्मी और सत्ता संघर्ष की खुली तसदीक**

इस लीक ने यह भी दिखाया कि सत्ता और सैन्य नेतृत्व के बीच तनाव नई ऊँचाइयों पर है—जो पाकिस्तान में कम ही पब्लिक होता है।

## दुबई में तेजस क्रैश: सीएम सुक्खू ने विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत पर दुख जताया

समाज जागरण

नई दिल्ली: न्यूज एजेंसी एएनआई ने बताया कि विंग कमांडर नमांश स्याल की पहचान उस तेजस फाइटर जेट के पायलट के तौर पर हुई है जो शुक्रवार को दुबई एयरशो के दौरान क्रैश हो गया था। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के रहने वाले ऑफिसर को श्रद्धांजलि दी। पर एक मैसेज में उन्होंने लिखा: दुबई एयर शो में तेजस एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बहादुर बेटे नमन स्याल जी के निधन की खबर बहुत दिल तोड़ने वाली और रूह कंपा देने



वाली है। देश ने एक हिम्मतवाला, कर्तव्यनिष्ठ और बहादुर पायलट खो दिया है।

सिंगल-इंजन एयरक्राफ्ट लोकल टाइम के हिसाब से दोपहर करीब 2:10 बजे बीच में अचानक ऊंचाई खोने के बाद नीचे गिर गया, और फिर अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आग के गोले में क्रैश हो गया। एयरफील्ड के ऊपर काला धुआं उठते देख दर्शक हैरान रह गए।

IAF ने कहा कि हादसे की वजह पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है, और कहा कि उसे "जान गंवाने का बहुत दुख है और वह दुखी परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।" रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीनियर मिलिट्री लीडर्स ने भी दुख जताया।

# किर्नाटक में कांग्रेस का सियासी संग्राम तेज, सिद्धरमैया-शिवकुमार नेतृत्व विवाद पर बढ़ी हलचल



सत्ता-साझाकरण पर उठे सवालों से कांग्रेस में तनाव बढ़ा। बता रही हैं आदिति फडणीस इस सप्ताह की शुरूआत में कर्नाटक की राजनीति में एक निर्णायक मोड़ आया। दो टिप्पणियों ने इसे उजागर किया। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सप्ताह की शुरूआत में राज्य का बजट पेश करते हुए कहा, ह्यजब मैं पहली बार वित्त मंत्री बना था, तो मुझ पर कटाक्ष किया गया था कि यह कुरुबा भेड़ें भी नहीं गिन सकता। मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और 16 बजट पेश किए। उन्होंने कहा, मैं 17वां बजट भी पेश करूंगा। उनकी टिप्पणी पर राज्य में कांग्रेस नेतृत्व ने सोची-समझी भावशून्यता दिखाने की कोशिश की। कुछ ही दिन में, उप मुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने एक रहस्यमयी और चेतावनी भरे अंदाज में एक पहेली पेश कर दी, जब उन्होंने एक पार्टी कार्यक्रम में कहा: मैं (कांग्रेस अध्यक्ष का) पद स्थायी रूप से नहीं संभाल सकता साढ़े पांच साल हो चुके हैं और मार्च में छह साल हो जाएंगे। राज्य सरकार में नेतृत्व परिवर्तन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं को किसी ज्योतिषी से सलाह लेने की सलाह दी। और इस तरह, कर्नाटक की तथाकथित नवंबर क्रांति की चाह दब गई - धमाके के साथ नहीं, बल्कि एक फुसफुसाहट के साथ।

मामले की पृष्ठभूमि सर्वविदित है। नवंबर में कांग्रेस सरकार ने सत्ता में अपने ढाई साल पूरे किए। बताया गया कि वर्ष 2023 में विधान सभा चुनावों के ठीक बाद राज्य में कांग्रेस के दो सबसे बड़े नेताओं के बीच यह सहमति बनी कि सिद्धरमैया पांच साल के कार्यकाल के पहले आधे समय के लिए मुख्यमंत्री होंगे, उसके बाद डीके शिवकुमार। इस बीच शिवकुमार को उप मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष बनाया गया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने अनजाने में (हालांकि इसकी संभावना कम ही है) यह कहकर सत्ता-साझाकरण की व्यवस्था को बल प्रदान किया कि शिवकुमार 2024 के लोक सभा चुनावों तक प्रदेश पार्टी अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे, जिससे यह संकेत मिला कि उसके बाद उन्हें कोई अन्य पद मिल सकता है।

कर्नाटक में बारी-बारी से मुख्यमंत्री पद की व्यवस्था बहुत कारगर नहीं रही है। वर्ष 2006 में जनता दल-सेक्युलर के नेता एचडी कुमारस्वामी ने भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाने के लिए एक तरह का तख्तापलट कर दिया था, जिसमें भाजपा के 79 विधायकों के मुकाबले उनके पास 45 विधायक थे। उन्होंने 2009 में होने वाले विधान सभा चुनावों से पहले 20-20 महीने के लिए सत्ता साझा करने का एक अनौपचारिक समझौता किया था, लेकिन बाद में वह इस समझौते से मुकर गए। बीएस येदियुरप्पा मुख्यमंत्री बने, लेकिन सिर्फ सात दिन के लिए, क्योंकि कुमारस्वामी ने गठबंधन से समर्थन वापस ले लिया जिससे सरकार गिर गई। यह दो दलों के बीच बारी-बारी से सत्ता परिवर्तन की एक व्यवस्था थी।

नए मामले में शिवकुमार अगर सिद्धरमैया को हटाना भी चाहते, तो वह किसका समर्थन लेते? सिद्धरमैया एक चतुर राजनेता हैं। उन्होंने अनुमान लगाया कि उनके प्रतिद्वंद्वी के पास इसे झेलने के अलावा कोई विकल्प नहीं है और दिल्ली में आलाकमान ने इस मामले में यथास्थिति ही बनाए रखना बेहतर समझा।

राजस्थान में कांग्रेस के साथ भी यही कहानी दोहराई गई। वर्ष 2018 में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट के नेतृत्व में कांग्रेस ने विधान सभा चुनाव जीता, लेकिन अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बन गए। पायलट ने दावा किया था कि चुनाव के समय उन्हें कुछ आश्वासन दिए गए थे। उन्होंने अपनी ही सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर बगावत कर दी और भाजपा की मदद से सरकार बनाकर सत्ता छोड़ने की तैयारी कर ली। पार्टी ने उस संकट को तो टाल दिया, लेकिन वह कभी मुख्यमंत्री नहीं बन पाए।

कर्नाटक में डीके शिवकुमार के लिए दांव ज्यादा अहम हैं। सचिन पायलट अभी 50 साल के नहीं हुए हैं और राजनीति में उनके पास अभी कई साल हैं। शिवकुमार पहले ही 63 साल के हो चुके हैं और अगर कांग्रेस 2028 के विधान सभा चुनावों में सत्ता में वापस नहीं आती है, जैसा कि लगता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री बनने के लिए 2033 तक इंतजार करना होगा। तब उनकी उम्र 71 साल होगी। शिवकुमार वोक्कालिगा हैं। वोक्कालिगा मठों के प्रमुखों ने 2023 में मुख्यमंत्री पद के लिए उनका खुलकर समर्थन किया था। लेकिन यह एक अंतहीन इंतजार में बदल गया है और धार्मिक नेता मन ही मन सोच रहे हैं कि उन्होंने शिवकुमार का समर्थन करके कोई गलती तो नहीं की।

सिद्धरमैया की इस घोषणा के साथ कि राज्य का अगला बजट भी वही पेश करेंगे, शिवकुमार ने अपनी चालें चलनी शुरू कर दी हैं। उनके कई वफादार विधायक दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। शिवकुमार का मानना है कि यही सही समय है क्योंकि बिहार में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पार्टी नेतृत्व रक्षात्मक मुद्रा में है। उनके विधायक यह याद दिलाने से कभी नहीं हिचकिचाते कि वह संसाधन के मामले में कांग्रेस के सबसे प्रमुख व्यक्ति हैं। उनके संसाधन जुटाने और संगठनात्मक कौशल के कई उदाहरण हैं। मसलन 2002 में उन्होंने महाराष्ट्र के विधायकों को एक रिसॉर्ट में एकत्र किया ताकि कोई दल-बदल न हो पाए, अन्यथा उस समय कांग्रेस सरकार गिर सकती थी। उसके बाद भी ऐसे कई मौकों पर उनकी भूमिका रही।

## यह कैसा कर्तव्य...!

भाई यह कैसी रहीं 'माता-पिता' की माया,
घर में हुए दो मुख्यमंत्री बेटा पढ़ न पाया।
क्यों? नहीं समझ पाए ये शिक्षा का महत्व,
क्या? 'क्रिकेट' में समाया था सम्पूर्ण सत्व।

इन 'पालकों' ने यह कैसा निभाया कर्तव्य,
स्वघोषित मुख्यमंत्री होना यहीं भवितव्य।
स्वयं अपने ही पास जब रखीं है लालटेन,
क्यों? ना दी पढ़ने के लिए उसे कॉपी-पेन।

पता नहीं कहां-कहां फैला था जंगल राज,
घुलना थे इनके कानों में नम्रतारूपी साज।
तब बन पाते यहीं 'जनमानस' की आवाज,
दिलों पर करते राज मिलती सत्ता परवाज।

**संजय एम तराणेकर**

# घनी आबादी के बीच स्मार्ट सिटी की कल्पना केवल परिकल्पना ना हो।




आज के युग में हमारे देश-देश के मध्यम कद के शहरों का पुनरूत्थान, उन्हें स्मार्ट सिटी की मनोनीत परिकल्पना के अनुरूप विकसित करने का विचार न सिर्फ दूरदर्शिता की निशानी है बल्कि तत्काल आवश्यकता भी बन चुका है।

माना गया है कि ऐसे शहर जहाँ निवासियों की सभी सामान्य जरूरतें शुद्ध पानी-बिजली-धूल-प्रदूषण-मुक्त सड़कें-घर-संचार-इंटरनेट-सोशल मीडिया-प्रशासनिक सुविधाएँ-सुरक्षा-शिक्षा-मनोरंजन-यातायात-स्वास्थ्य तेज और सहज रूप में उपलब्ध हों, वहां के नागरिक जीवनशैली में सहजता, शांति और संतुलन महसूस कर सकें। ऐसी अवस्था जहाँ हर आम-व्यक्ति को गुणवत्ता-पूर्ण सुविधा कम सेवा मूल्य पर आसानी से मिल सके, वहाँ के जीवन-यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हों कि धूल-प्रदूषण-मुक्त सड़कें हों, पानी-बिजली सहज रूप से उपलब्ध हो, घर पहुँच घर-बैठे इंटरनेट-सोशल मीडिया-प्रशासनिक कार्य संपन्न हों। आम नागरिक, जो स्वतंत्रता-उपरांत जन-सुविधाओं के अभाव में अब तक जूझ रहे थे, उनके लिए इसका त्वरित निराकरण संचार-माध्यमों से संभव हो सके। इस प्रकार एक स्मार्ट-शहर की स्थापना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया है।परंतु यह प्रश्न उठता है कि क्या हमारा भारत, अपनी विशाल जनसंख्या और मेट्रोपॉलिटन शहरों की घनी-संघन संरचना को देखते हुए, व मध्यम-कद-शहरों की संख्या को भी ध्यान में रखते हुए, वास्तव में इस स्मार्ट-सिटी की परिकल्पना को यथार्थ रूप दे सकता है? यदि सरकार व आम नागरिकों का संकल्प दृढ़ हो जाए, आपसी सहयोग व सामंजस्य बेहतर रूप से काम कर जाए, तो निःसंदेह भारत में स्मार्ट-सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप ले सकती है।

स्मार्ट-शहर के मानदंड स्पष्ट हो सकते हैं पर्याप्त बिजली-पानी-भोजन-घर आदि उपलब्ध हों; स्वास्थ्य-सुरक्षा-शिक्षा-मनोरंजन-यातायात की सुविधाएं सरलता से मिले; जीवन-आराम के संदर्भ में सभी आर्थिक गतिविधियाँ सुचारू रूप से चलें। ऐसी स्मार्ट-शहर यदि भारत में बन पाती है, तो निसंदेह वह देश के समग्र विकास को गति दे सकती है। लेकिन इसे मात्र दृढ़ संकल्प या नारेबाजी के आधार पर नहीं देखा जा सकता यहाँ सार्थक मेहनत, रणनीति-निर्माण, निष्पादन-प्रक्रिया और जनता-सहयोग की समान जरूरत है।

वास्तव में देश के प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता-दिवस पर घोषणा की कि भारत में एक सैकड़ा से अधिक-शहरों को स्मार्ट-सिटी बनाने की पहल होगी, तथा इसके लिए लगभग नौ-हजार करोड़ रुपये बजट का प्रावधान भी किया गया। इसके अंतर्गत केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक मैनुअल जारी भी किया गया है। इस परियोजना को आने वाले वर्षों में मूर्त रूप देना है। योजना के अनुसार- 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहर, 10 लाख-40 लाख आबादी वाले 44 शहर, 5 लाख-10 लाख आबादी वाले 20 शहर, प्रत्येक राज्य एवं केंद्र-शासित प्रदेश की राजधानी-शहरों के अंतर्गत लगभग 37 शहर तथा पर्यटन/धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण लगभग 15 शहर सम्पूर्ण रूप से स्मार्ट-सिटी के प्रावधान में लाये जाने का प्रस्ताव है।

प्रारंभ में केंद्र सरकार द्वारा इस दिशा में चयनित शहरों में शामिल हैं-इलाहाबाद (अब प्रयागराज), कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर, कोच्चि, जयपुर, अजमेर आदि। विदेशी राष्ट्रों ने भी इस पहल में रुचि दिखाई है-- जापान ने वाराणसी को स्मार्ट-सिटी के रूप में विकसित करने में शामिल होने का प्रस्ताव रखा है, दिल्ली को स्मार्ट-सिटी बनाने के लिए कतर देश के प्रिंस ने बड़ी निवेश-राशि का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, तथा चेन्नई-बैंगलोर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निकट ह्रलिटिल सिंगापुरह्न विकसित करने की चर्चा भी है। सरकार ने इस दिशा में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल को प्राथमिकता देने का निर्णय भी लिया है।

परंतु स्मार्ट-सिटी बनने के मार्ग में अनेक चुनौतियाँ भी हैं। उदाहरणस्वरूप- भारत में इस प्रकार की परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कई फंसे हैं: आधुनिकीकरण-पूर्व आधारभूत संरचनाओं , पुरानी सड़क-नाली को स्मार्ट रूप देना कठिन है; वित्तीय संसाधनों की कमी और वित्तीय सततता की समस्या है। इसके अतिरिक्त, नगरीय स्थानीय निकायों की प्राविधिक एवं नियोजन-क्षमता सीमित है; भूमि अधिग्रहण-स्वीकृति-अनुमति प्रक्रियाओं में विलम्ब और ओवरलैपिंग संस्थागत जिम्मेदारियों की समस्या भी सामने आई है। और सबसे बड़ी चुनौती बड़े विदेशी-शहरों के अनुरूप मॉडल को भारत की विविध जनसंख्या-स्थितियों, आर्थिक-सामाजिक-मानदण्डों, कमजोर-शहरी-इन्फ्रास्ट्रक्चर व घनी जनसंख्या वाले नगरों में प्रत्यक्ष ले जाना आसान नहीं है।

इसलिए यदि स्मार्ट-सिटी की परिकल्पना मात्र आकार-आधारित, तकनीकी-उपकरणों-प्रचुरता पर आधारित हो जाए, तो संभावना है कि यह केवल हवा की बातें बनकर रह जाएँ। लेकिन यदि इसके पीछे ठोस योजना, समावेशी दृष्टिकोण, नागरिक भागीदारी, पारदर्शिता, स्थानीय क्षमता-निर्माण हो जाए, तो यह यथार्थ स्वरूप ले सकती है। उदाहरणत भारत के कई स्मार्ट-सिटी परियोजनाओं में यह देखा गया है कि अधिकांश फंड एरिया-बेस्ड डेवलपमेंट के अंतर्गत कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित रह जाते हैं, जिससे पूरे नगरवासियों तक लाभ नहीं पहुंच पाता। इसके साथ ही डिजिटल विभाजन यानी इंटरनेट-कनेक्टिविटी-तकनीकी पहुँच का असमान वितरण भी बड़ी बाधा है।

अतः निष्कर्षतः कह सकते हैं कि यदि देश का प्रत्येक नागरिक, इस सोच से प्रेरित होकर, सरकार की इस परियोजना में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान देने का संकल्प ले जाए, यदि नीति-निर्माण से लेकर कार्यान्वयन-प्रक्रिया तक नागरिक-भागीदारी व पारदर्शिता सुनिश्चित हो जाए, और स्थानीय निकाय-प्रशासन-निजी-क्षेत्र-सहयोग यथोचित रूप से हो जाए, तो निश्चित ही अगले दो दशकों में भारत में सैकड़ों स्मार्ट-शहर निर्मित हो सकते हैं। और तब आम नागरिकों को जन-सुविधाओं का सामान्य-स्वीकरण मिलेगा तथा भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में तेजी से आ जाएगा। सिर्फ लक्ष्य-घोषणा-ही पर्याप्त नहीं लक्ष्य के पीछे मेहनत-संकल्प-लोक-भागीदारी-निरंतरता-अभ्यास जरूरी हैं।



**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक-लेखक, रायपुर-छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# सोलहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट जमा: आय में अंतर और बढ़ते कर्ज की खाई पाटना जरूरी

रिपोर्ट को अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, हालांकि उम्मीद है कि इसे 2026 के बजट सत्र में संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा सोलहवें वित्त आयोग ने इस सप्ताह अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट को अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, हालांकि उम्मीद है कि इसे 2026 के बजट सत्र में संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सोलहवें वित्त आयोग की अनुशंसाएं अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले पांच वर्ष के लिए होंगी। ये अनुशंसाएं केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण को आकार देने के अलावा विभिन्न श्रेणियों के तहत राज्यों के बीच फंड आवंटन से संबंधित होंगी। इस संबंध में यह बात ध्यान देने लायक है कि दक्षिण भारत के कई राज्यों ने अपनी घटती हिस्सेदारी को लेकर चिंता जताई है।

इसी समाचार पत्र में प्रकाशित एक हालिया विश्लेषण दिखाता है कि केंद्र सरकार के कर बंटवारे में दक्षिण भारत के पांच राज्यों की संयुक्त हिस्सेदारी 2010-11 के 19 फीसदी से घटकर 2025-26 में 16 फीसदी रह गई। ऐसे में संभव है कि यह मुद्दा फिर से उठे क्योंकि सोलहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं में अतीत से किसी खास बदलाव की बात नहीं कही गई है।

दक्षिण के राज्यों की चिंताएं समझी जा सकती हैं, लेकिन एक संघीय ढांचे में हमेशा यह उम्मीद रहेगी कि जो राज्य पिछड़ रहे हैं उन्हें मदद पहुंचाई जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अधिक समतापूर्ण विकास संभव हो सके। इसके अलावा आंकड़े दिखाते हैं कि प्रति व्यक्ति आधार पर दक्षिण भारत के राज्यों के संसाधन बेहतर हैं।



उदाहरण के लिए चालू वर्ष में केरल की प्रति व्यक्ति व्यय 86,000 रुपये से अधिक है, बिहार में यह केवल 24,000 रुपये के करीब है। ध्यान देने वाली बात है कि 2020-21 और 2025-26 के बीच देश के सबसे गरीब राज्यों में प्रति व्यक्ति व्यय आय बढ़कर करीब दोगुना हो गया है। हालांकि इसका आधार कम रहा है जबकि अमीर दक्षिण भारतीय राज्यों में यह समेकित स्तर पर 59 फीसदी तक बढ़ा है।

यद्यपि, व्यय में तेज वृद्धि आय में तेज वृद्धि में परिवर्तित नहीं हुई है। दक्षिणी राज्यों की औसत प्रति व्यक्ति आय 2009-10 में गरीब राज्यों की तुलना में 2.1 गुना थी, जो अब बढ़कर 2.8 गुना हो गई है। इससे संकेत मिलता है कि गरीब राज्यों को विकास कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए कर बंटवारे में अधिक हिस्सेदारी आवश्यक हो सकती है, लेकिन यह तीव्र आर्थिक वृद्धि के लिए पर्याप्त नहीं है। तीव्र आर्थिक वृद्धि ही प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर इस अंतर को कम करने में मदद कर सकती है।

यह एक जटिल नीतिगत चुनौती पेश करता है जिससे पिछड़ रहे राज्यों और केंद्र सरकार दोनों को मिलकर जूझना होगा। क्योंकि अकेले राजकोषीय हस्तांतरण शायद जरूरी बदलाव लाने में संभव न हो सके। इसका कोई आसान उत्तर नहीं है। यह कहा जा सकता है कि इन क्षेत्रों की ओर और अधिक निजी निवेश लाया जा सकता है लेकिन कारोबारी इकाइयां शायद बेहतर राज्यों में ही निवेश करना पसंद करें।

ऐसा इसलिए क्योंकि उन राज्यों में उन्हें बेहतर माहौल मिल सकता है। ऐसे में यह महत्त्वपूर्ण होगा कि पिछड़ रहे राज्य अपने संसाधनों का इस्तेमाल ज्यादा बेहतर तरीके से करें और निवेश जुटाने के लिए जरूरी अधोसंरचना तैयार करें। उन्हें कारोबारियों की चिंताओं को भी सक्रियता से दूर करना होगा ताकि कारोबारी सुगमता में सुधार किया जा सके।

केंद्र और राज्यों के समक्ष एक और चुनौती है। कुछ राज्यों पर बहुत अधिक ऋण है, जो विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर सकता है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 19 राज्यों में बकाया देनदारियां सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 30 फीसदी से अधिक हैं, जिनमें केरल भी शामिल है। पंजाब और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में यह जीएसडीपी के 40 फीसदी से भी अधिक है।

इस समस्या से निपटने के लिए एक तंत्र की आवश्यकता होगी। राज्यों में अधिक ऋण से सामान्य सरकारी ऋण और उधारी की जरूरतें बढ़ जाती हैं, जिससे पूरी अर्थव्यवस्था के लिए धन की लागत प्रभावित होती है। राज्यों के बीच आय अंतर को कम करना और ऊंचे स्तर के ऋण मसले का समाधान करना प्रमुख नीतिगत चुनौतियां हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वित्त आयोग इन मुद्दों से कैसे निपटता है।

# भारत की प्रथम महिला चिकित्सक रुक्माबाई

रुक्माबाई राउत (जन्म- 22 नवम्बर, 1864; मृत्यु- 25 सितम्बर, 1955) भारत की प्रथम महिला चिकित्सक थीं। वह एक ऐतिहासिक कानूनी मामले के केंद्र में भी थीं, जिसके परिणामस्वरूप 'एज ऑफ कॉन्सेंट एक्ट, 1891' नामक कानून बना था। रुक्माबाई को डॉक्टर बनने की इच्छा थी और वे लोगों की सेवा करना चाहती थीं। उनके इस फैसले को घरवालों और लोगों का समर्थन मिला। इसके लिए 'लंदन स्कूल ऑफ मेडिसन' में भेजने और पढ़ाई के लिए एक फंड तैयार किया गया था। वहाँ से रुक्माबाई ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की और 1895 में वापस भारत लौटीं। रुक्माबाई ने सूरत के महिला अस्तपाल को चुना। उन्होंने जीवन भर डॉक्टरी की। डॉ. रुक्माबाई एक सामाजिक सुधारक भी थीं, जिन्होंने कई बुराईयों के लिए आवाज उठाई और महिला और बाल अधिकारों के लिए खुलकर बोला।

**परिचय**

रुक्माबाई का जन्म 22 नवम्बर, 1864 को बढ़ई समुदाय में मुंबई में हुआ था। उनके पिता का नाम जनार्दन पांडुरंग व माता का नाम जयंतीबाई था। जनार्दन पांडुरंग की मौत के बाद जयंतीबाई ने अपनी संपत्ति 8 साल की रुक्माबाई को सौंप दी।

रुक्माबाई का विवाह दादाजी भीकाजी के साथ ग्यारह वर्ष की उम्र में ही उनकी इच्छा के विरुद्ध हो गया था। उस समय बाल विवाह आम बात थी। हालांकि उन्हें अपनी शिक्षा पूरी करने की इजाजत थी, लेकिन उनके पति दादाजी भीकाजी राउत ने धीरे-धीरे उन्हें अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया। मार्च 1884 में दादाजी ने मुम्बई उच्च न्यायालय में पत्नी पर वैवाहिक हकों को बहाल करने के लिए याचिका दायर की, जिसका फैसला दादाजी के हक में आया। न्यायालय ने कहा कि या तो वे न्यायालय का फैसला माने या उन्हें जेल जाना होगा। रुक्माबाई ने ब्रिटिश सरकार से कहा कि अपने पति के साथ वैवाहिक रिश्तों में उलझकर रहने के के बजाय वे जेल में रहना पसंद करेंगी।

सालों पहले जब महिलाओं के लिए कोई अधिकार भी नहीं थे, उस वक्त रुक्माबाई ने अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और बाल विवाह के खिलाफ खड़ी हुईं। उन्होंने 11 साल की उम्र में विवाह की वैधता पर सवाल खड़े किए। उस वक्त उनके पति 19 साल के थे। उन्होंने गरीबी और खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर पति के साथ रहने से इनकार कर दिया था। 1885 में जजों के निर्णय ने दादाजी भीकाजी के वैवाहिक अधिकारों के सौंपे जाने के दावे को रद्द कर दिया। हालांकि साल 1888 में रुक्माबाई और दादाजी के बीच एक समझौता हुआ, जिसके मद्देनजर रुक्माबाई ने पति को मुआवजा दिया और शादी से पूरी तरह से मुक्ति पाई।



**भारत की पहली महिला डॉक्टर**

'हिंदू लेडी' के नाम से मशहूर हुईं रुक्माबाई ने अखबारों में कई पत्र लिखे, जिस पर उन्हें काफी समर्थन भी मिला। जब उन्होंने पढ़ने की इच्छा जताई तो उनके समर्थन में फंड इकट्ठा हो गया, जिससे उन्हें इंग्लैण्ड में लंदन स्कूल ऑफ मेडिसिन में पढ़ने का मौका मिला। कामा अस्पताल में डॉ. एडिथ पेचे ने रुक्माबाई को प्रोत्साहित किया, जिन्होंने उनकी शिक्षा के लिए धन जुटाने में मदद की थी। रुक्माबाई 1889 में इंग्लैंड गई थीं। उनको मताधिकार कार्यकर्ता ईवा मैकलेरन और वाल्टर मैकलेरन और भारत की महिलाओं को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए डफरिन के फंड की काउंटेस द्वारा सहायता दी गई थी। एडिलेड मैनिंग और कई अन्य ने रुक्माबाई रक्षा समिति को एक निधि की स्थापना में मदद की। योगदानकताओं में शिवाजीराव होल्कर शामिल थे, जिन्होंने परंपराओं के विरुद्ध हस्तक्षेप करने का साहस दिखाया और 500 रुपये का दान दिया था। रुक्माबाई तो उनकी अंतिम परीक्षा के लिए एडिनबर्ग गईं और सूरत में एक अस्पताल में शामिल होने के लिए 1894 में भारत लौट आईं। 1904 में, भीकाजी की मृत्यु हो गई और रुक्माबाई ने हिंदू परंपरा में विधवाओं की सफेद साड़ी पहनी। 1918 में रुक्माबाई ने महिला चिकित्सा सेवा में शामिल होने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया और राजकोट में महिलाओं के लिए एक राज्य अस्पताल में शामिल हो गईं। उन्होंने 1929-1930 में मुम्बई में सेवानिवृत्त होने के पश्चात पैंतीस साल के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्होंने सुधार के लिए अपना काम जारी रखा। 'पर्दाह-इसकी समाप्ति की आवश्यकता' को प्रकाशित किया।

**रुक्माबाई पर फिल्म**

रुक्माबाई की कहानी को उपन्यास और फि ल्मों में शामिल किया गया है। तनिष्ठा चटर्जी, जो कि एक भारतीय अभिनेत्री हैं, उन्होंने 'एंग्री इंडियन गॉडेस' 'शैडोज ऑफ टाइम', 'पार्च्ड' और 'डॉक्टर रुक्माबाई' जैसी फि ल्मों में अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया है। जब तनिष्ठा जागरण फि ल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने आई थीं, तब उनकी फि ल्म 'डॉक्टर रुक्माबाई' प्रदर्शित हुई। फि ल्म 'देख इंडियन सर्कस' के लिए न्यूयॉर्क फि ल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब जीत चुकीं तनिष्ठा ने रुक्माबाई की भूमिका निभाने के लिए अपनी तरफ से पूरी तैयारी की और किरदार के साथ न्याय करने की कोशिश की। तनिष्ठा चटर्जी का कहना था कि- "रुक्माबाई भारत की पहली महिला डॉक्टर थीं। उनका निधन 1955 में ही हो जाने के कारण मुझे उनसे मिलने का सौभाग्य तो नहीं मिला, लेकिन अपनी भूमिका की तैयारी के लिए मैंने उनकी बायोग्राफी पढ़ी। उनकी कहानी आकर्षित करती है। वह महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे उनकी भूमिका निभाने का मौका मिला।

**सम्मान**

अंग्रेजों के जमाने में जब उच्च शिक्षा किसी बड़े या खास परिवार के लोग ही हासिल कर पाते थे, ऐसे वक़्त में साधारण परिवार की रुक्माबाई ने ऊंची शिक्षा प्राप्त करके डॉक्टरी जैसे कठिन पेशे को चुना। जिसके बाद वह उस जमाने में पहली भारतीय महिला डॉक्टर बन गयीं। रुक्माबाई ने अपने जीवनकाल में पैंतीस साल तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य किया। कम उम्र में विवाह हो जाने के बाद भी रुक्माबाई ने अपनी पढ़ाई पूरी की और डॉक्टर बनीं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

### डीएम वार रूम गौतम बुद्ध नगर से बड़ी अपडेट

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस अवकाश की तिथि में बदलाव

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 21 नवंबर 2025: गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी मेधा रूपम ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर घोषित अवकाश की तिथि में शासन स्तर पर संशोधन किया गया है। पहले यह अवकाश 24 नवंबर 2025 (सोमवार) को निर्धारित था, लेकिन उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की विज्ञप्ति संख्या 870/तीन-2024-39(2)/2016 दिनांक 17 दिसंबर 2024 के प्रस्तर-2 में निहित कार्यकारी आदेशों के अंतर्गत इसे संशोधित करते हुए नई तिथि घोषित की गई है।

**अब अवकाश 25 नवंबर 2025 (मंगलवार) को रहेगा**

संशोधन के अनुसार अब यह अवकाश 25 नवंबर 2025 (शक संवत आग्रह्ययण 04, 1947 एवं विक्रम संवत 2082 मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी) को प्रभावी रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर पर विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है, ताकि धार्मिक व्यवस्था एवं कैलेंडर के अनुरूप अवकाश तिथि को समायोजित किया जा सकेसौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# आईएमएस नोएडा में मेगा जॉब फेयर

### एमसीसी-एनआईसीएस नोएडा के सहयोग से हुआ आयोजन

समाज जागरण

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में मेगा जॉब फेयर का आयोजन हुआ। एमसीसी-एनआईसीएस नोएडा, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आज के रोजगार मेले में 46 कंपनियों ने अपनी भागीदारी निभायी। वहीं मेगा जॉब फेयर में 88 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों के लगभग 600 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि एनआईसीएस के निदेशक डॉ. आकिब जावेद ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

मेगा जॉब फेयर में डॉ. आकिब जावेद ने भारत सरकार की नेशनल करियर सर्विस पोर्टल की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि नेशनल करियर सर्विस



भारत सरकार की एक ऐसी महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य नौकरी चाहने वालों को नियोक्ताओं से जोड़ना है। यह एक वन-स्टॉप समाधान है, जो करियर मार्गदर्शन, कौशल मूल्यांकन, प्रशिक्षण तथा देशभर में उपलब्ध नौकरी की रिक्तियों की जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराता है। एचआर और युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में देश में लगभग 30 लाख रिक्तियां उपलब्ध हैं, जिन पर युवा एनसीएस पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जबकि नियोक्ताओं को प्रत्येक नई नियुक्ति पर 3,000 रुपये प्रति माह तक का प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जा रहा है। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के दौर में खुद को अपडेट रखना अत्यंत आवश्यक है। आप कॉन्फिडेंट रहें, डिजिटल लिटरेसी विकसित करें और अपनी सोच और कौशल को व्यापक बनाएं।

शुक्रवार को मेगा जॉब फेयर का शुभारंभ करते हुए आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि आज उद्योगों को कुशल युवाओं की आवश्यकता है और युवाओं को ऐसे प्लेटफॉर्म की जरूरत है जहां उन्हें अपनी क्षमताओं के अनुरूप अवसर मिले। आईएमएस नोएडा हमेशा से शिक्षा और उद्योग के बीच एक मजबूत पुल बनाने की दिशा में काम करता रहा है। कार्यक्रम के दौरान मेक इन इंडिया की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियानों को सफलता तभी मिलेगी जब देश का युवा इंडस्ट्री रेडी हो। अभी स्वर्णिम समय है कि आप स्टार्टअप शुरू करें साथ ही देश की कंपनियों को योग्य, प्रशिक्षित एवं सक्षम प्रतिभाएं मिलें। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि 90 के दशक से आज तक मैं सुनता आ रहा हूं कि जॉब नहीं है, लेकिन सच्चाई यह है कि अवसर हमेशा थे, हैं और रहेंगे। जरूरत सिर्फ खुद को समय के अनुसार तैयार करने, सही कौशल विकसित करने और बदलती इंडस्ट्री की अपेक्षाओं को समझने की है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अंशिका राजवंशी एवं डॉ. सचिन बत्रा ने बताया कि मेगा जॉब फेयर में टेक महिंद्रा, सत्यम सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस, स्टेमरोबो टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, एचडीबी बैंक, बजाज कैपिटल, 3 इन्फोटेक, पेटीएम, एनआईआईटी, यस बैंक, एसबीआई, एलआईसी सहित कई अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और बीबीए, बीसीए, एमबीए, बीटेक, मास कम्युनिकेशन, लॉ, बीए, बीएससी, बीकॉम, आईटीआई तथा डिप्लोमा के छात्रों का चयन किया।

# यातायात नियमों पर जागरूक करते हुए नुक्कड़ सभा का आयोजन

**श्रावस्ती, शुक्रवार 21 नवंबर 2025 समाज जागरण ब्यूरो**

जनपद श्रावस्ती में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार 01 से 30 नवंबर 2025 तक मनाए जाने वाले यातायात माह के अंतर्गत आज दिनांक 21 नवंबर 2025 को थाना मल्हीपुर क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले वीरगंज चौराहे पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। यह सभा पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम और क्षेत्राधिकारी यातायात श्री भरत पासवान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री मो. शमीम और उ.नि. नदीम खान द्वारा संपन्न कराई गई। सभा में एकत्रित आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शासन द्वारा चलायी जा रही राह-वीर योजना तथा इसके अंतर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**मुख्य रूप से जागरूकता के लिए निम्न विषयों पर जोर दिया गया:**

-दोपहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनना
-चारपहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाना
-तेज गति से वाहन न चलाना
-मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाना

सभी में यातायात नियमों और जागरूकता संबंधी पम्पलेट्स वितरित किए गए और जनता को यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त, प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न चौराहों, तिराहों और स्थानीय बाजारों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान कार्यवाही की गई और अधिक से अधिक शमन शुल्क वसूला गया, जिससे सड़क सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

सौजन्यः जनपद पुलिस, श्रावस्ती

# विकास भवन में 'दावा न की गई वित्तीय संपत्तियों' पर जागरूकता एवं वितरण शिविर का सफल आयोजन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 समाज जागरण ब्यूरोः मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में दावा न की गई वित्तीय संपत्तियों के वितरण एवं जनजागरूकता के लिए एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, भारतीय रिजर्व बैंक के लीड डेवलपमेंट ऑफिसर जसजीत सिंह कालरा तथा केनरा बैंक के सहायक प्रबंधक के.एन.एस.जी.वी. प्रसाद उपस्थित रहे।

शिविर का शुभारंभ लीड बैंक मैनेजर राजेश सिंह कटारिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए किया। उन्होंने बताया कि जनता अपनी दावा न की गई राशि को सरल और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त कर सकती है, जिसमें केवाईसी दस्तावेज और निर्धारित दावा फॉर्म जमा करना आवश्यक है। मुख्य अतिथि और अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि दावा न की गई राशि को सही दावेदार तक प्राथमिकता के आधार पर पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बैंकों से प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता को लेकर सवाल



किए, जिससे जनविश्वास और मजबूत हो सके।

आरबीआई एलडीओ जसजीत सिंह कालरा ने विस्तार से बताया कि किन परिस्थितियों में कोई खाता दावा न की गई सूची में शामिल होता है और राशि प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया क्या है। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता में जागरूकता बढ़ाना, दावा राशि को सही व्यक्ति तक सुरक्षित रूप से लौटाना, वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना, बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखना और आम जनता का विश्वास मजबूत करना है।

उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने नाम, मोबाइल नंबर, आधार संख्या या पैन नंबर के आधार पर देश में कहीं से भी अपने नाम पर मौजूद किसी भी दावा न की गई संपत्ति या खाते की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकता है। यह पोर्टल आमजन के लिए एक सरल, पारदर्शी और विश्वसनीय माध्यम उपलब्ध कराता है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि और सीडीओ ने उन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए, जिनके दावों का निपटान विभिन्न बैंकों द्वारा सफलतापूर्वक कर दिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन एवं वित्तीय संस्थान जनता की मेहनत की कमाई को सुरक्षित और सही हाथों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब तक विभिन्न बैंकों द्वारा 213 खातों में जमा लगभग 1.35 करोड़ रुपये की राशि उनके ₹३१४' वारिसों को लौटाई जा चुकी है। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# कृषि यंत्रीकरण योजनांतर्गत कृषकों के चयन हेतु ई-लाटरी सम्पन्न

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सूरजपुर में हुई प्रक्रिया

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 21 नवंबर 2025 : जिलाधिकारी के अनुमोदन एवं निर्देशन में सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजनांतर्गत कृषकों द्वारा 10 नवंबर से 11 नवंबर 2025 तक किए गए कृषि यंत्रों एवं फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित बुकिंग आवेदनों के चयन के लिए ई-लाटरी का आयोजन किया गया।

यह ई-लाटरी शुक्रवार, 21 नवंबर 2025, को विकास भवन सभागार, सूरजपुर में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र छौलस-दादरी के



प्रभारी, केनरा बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक तथा जनपद के कई प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि ई-लाटरी प्रक्रिया के तहत विकास खण्डवार कस्टम हायरिंग यंत्रों हेतु कृषकों का चयन किया गया।

विकास खण्ड बिसरख में निर्धारित लक्ष्य 01 के सापेक्ष 01 कृषक चयनित हुआ।
विकास खण्ड दादरी में भी लक्ष्य 01 के अनुसार 01 कृषक का चयन हुआ।
विकास खण्ड जेवर में भी 01 कृषक चयनित किया गया।
कस्टम हायरिंग सेंटर (ग्रामीण उद्यमी) श्रेणी में तहसीलवार चयन किया गया–
तहसील दादरी में लक्ष्य 01, चयन 01
तहसील सदर में लक्ष्य 01, चयन 01
तहसील जेवर में लक्ष्य 01, चयन 01

अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, ऑनलाइन एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न की गई, जिससे योग्य कृषकों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# उपेक्षा का शिकार धारीपुर गांव बदहाल, ग्रामीण आकुल

समाज जागरण

लोनी, 21 नवंबरः लोनी विकासखंड क्षेत्र में स्थित गांव मुर्तजा बाद भूपखेड़ी के मजरे धारीपुर में जिम्मेदारों की उपेक्षा के चलते इन दिनों गंदगी, जलभराव और जर्जर रास्तों से पूरी तरह बदहाल है। यहां तक कि गांव के सरकारी हैंडपंप ठप पड़े हैं या दूषित पानी उगल रहे हैं। नतीजन ग्रामीण नरकीय जीवन जीने को मजबूर है।



यहां सफाई व्यवस्था की बात करें तो मानो, जिम्मेदारों को गांव के लोगों से कोई दुश्मनी हो! वहीं संबंधित अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर गौर करें तो जहां ग्रामीण वर्षों से शिकायत करते आ रहे हैं जबकि वह शिकायतो को इस तरह अनसुना करते आ रहे है जैसे उन्हें इसकी महारत हासिल हो। शायद उन्हें लगता होगा "आराम से रहो अपनी कुर्सी की मस्ती में-आग लगे ग्रामीण बस्ती में।



अफसोस की बात तो यह है कि मात्र फंड आने का इंतजार करने वाले ग्राम प्रधान भी सब कुछ जानते हुए इस ओर से अंजान बने बैठे हैं। गांव के लोग कीचड़ में फिसलें या बीमारू पानी पिएं, बस कागजों में विकास नजर आना चाहिए।

गांव के मुख्य रास्तों पर जलभराव की स्थिति के मामले में सीमा पत्नी संजय जब ग्रामीणों को काले सिंह मंदिर के पास का हाल दिखाती हैं, तो जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े होने भी लाजमी हैं।

ऐसे में यदि किसी श्रद्धालु को मंदिर जाना हो या किसी विद्यार्थी को स्कूल-कॉलेज में पढ़ने जाना हो तो उसे जलभराव की आफत से गुजरना हीं होगा। जिस गांव में मंदिर और स्कूल के बीच गंदा पानी तालाब जैसा बन जाए तो मानो जिम्मेदार लोग प्रदेश की योगी सरकार को बदनाम करने पर तुले हैं। बतादे कि हर अक्टूबर में ग्राम पंचायत में कार्ययोजना बनती है। धारीपुर मुर्तजा बाद भूपखेडी के लोग सोच रहे हैं कि इस बार भी जल निकासी और खड़ंजा सिर्फ कागज पर बनेगा या कभी जमीन पर भी दिखेगा।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत बड़ी कार्रवाईः दहेज हत्या मामले में तीन अभियुक्तों को 7 वर्ष का कठोर कारावास

आगरा समाज जागरण संवाददाता : मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत संचालित #ऑपरेशनकनविक्शन अभियान में आगरा पुलिस और अभियोजन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। दोनों विभागों की संयुक्त व प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय ने दहेज हत्या के गंभीर अपराध में शामिल तीन अभियुक्तों को 7 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने प्रत्येक अभियुक्त पर 7,000/- के अर्थदंड का प्रावधान भी किया है।

# लोनी में ई-रिक्शा और ऑटो चालक बने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग के यातायात की अटकन

***-सभी नियमों को ताक पर रखकर वाहन सड़क पर भर रहे हैं फरार्टे***
***-मुख दर्शक बनकर ट्रैफिक पुलिस देखती रहती है सब कुछ नजरा***

सुशील शर्मा/समाज जागरण

लोनी, 21 नवंबरः गाजियाबाद जनपद का लोनी वह क्षेत्र है जो लगभग 17 लाख की आबादी का आंकड़ा पार कर चुका है। यातायात के मामले में यहां के नागरिक ज्यादातर ऑटो और ई-रिक्शा पर निर्भर करते है। यही कारण है कि बहुत से लोगों ने इसे व्यवसाय के तौर पर इस्तेमाल करनो शुरू दिया है। इन ऑटो में दिल्ली राज्य के मुकाबले यूपी नंबर वाले ओटो की संख्या लगभग 90% है जिन पर पुलिस का कोई शिकंजा न कसा होने से यह सभी ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर सड़क पर अनाप-शनाप दौड़ते रहते हैं। इन ऑटो व ई-रिक्शाओ में एक बड़ी संख्या ऐसी है जिनके चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है जबकि कुछ एक तो नाबालिक है। इस तरह इनके चालकों की अनेक खामियों व मनमानी के चलते यह शहर के, मुख्य रूप से दिल्ली-सहारनपुर मार्ग के यातायात की अटकन बने रहते है और जाम का कारण बनते हैं। यही नहीं यह यात्रियों व कभी-कभी बैठने वाली सवारियो के लिए भी मुसीबत बनते हैं। अत्यधिक व्यस्त रहने वाले दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर यातायात के ऐसे हालातो को देखकर जब इस प्रतिनिधि ने कुछ संभ्रांत नागरिकों के मन की बात जानी तुम का कथन कुछ इस प्रकार थाः -

-अनेक ऑटो चालक तेज आवाज में डेट बजाकर जब ध्वनि प्रदूषण फैलाने से सवारियां परेशान हैं। जो सवारियों द्वारा विरोध के बावजूद डैक बजाना बंद नहीं करते, बल्कि कभी-कभी तो वे सवारियों के साथ गाली-गलौज व` मारपीट पर उतारु हो जाते हैं। यही नहीं इन ऑटो चालको में एक बड़ी संख्या ऐसे चालकों की है जो, महिला सवारी



के बैठते ही जानबूझकर भोंडे किस्म के गाने बजाते हैं। जिसके कारण या तो वह गर्दन झुकाये बैठकर किसी तरह अपना सफर पूरा करती है या उससे पहले ही उतरने को मजबूर होती है। मजे की बात तो यह है जब कभी ऐसे ऑटो चालको की शि-ाकायत पुलिस को की जाती है. वह कोई कार्रवाई न कर उल्टा सवारियों को टिरकाने का काम करती है या कभी-कभी दबाओ बन जाने परे कुछ ऑटो चालको के डेट निकलवाकर अपनी जिम्मेदारी की इतिश्री कर लेती हैःडॉ0 राज

-दरसल थाना पुलिस व ट्रैफिक पुलिस इन ऑटो चालको से प्रतिमाह नजराने के तौर पर एक तय रकम वसूली हैं। यही कारण है कि ऐसे ऑटो चालक बिना किसी ट्रैफिक नियम




के सड़कों पर खुलेआम फरार्टे भरते हैं। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में ई-रिक्शा और ऑटो चालक सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं। यह सवारी बैठने या उतारने के लिए कहीं भी बीच सड़क पर खडे हो जाते हैं. और ऐसी स्थिति में यातायात पुलिस उन्हें रोकने-टोकने की बजाय मूक दर्शक बनकर यह नजारा देखती रहती है। जबकि बस जैसे अन्य बड़े वाहन चालकों का भी यही हाल है जो अपनी मनमानी कहीं भी वाहन रोक लेते हैं और इस तरह ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैः पवन सैन

-मौजूदा समय में लगभग ई-रिक्शा 300 और ऑटो की संख्या एक हजार का आंकड़ा पार कर रही हैं. जिनके चालको के बीच सवारी को लेकर मारामारी की स्थिति बनी




रहती है, पहले सवारी बैठाने को लेकर उनके चालक अपना वाहन कहीं भी रोककर खड़े हो जाते हैं जिनके लिए ट्रैफिक के नियम कोई मायने नहीं रखते हैं। ऐसे में ऑटो खड़ा होता ही अत्यधिक व्यस्त रहने वाले मार्ग परतुरंत ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती हैं और इस तरह कई बार तो दुर्घटना हो जाती हैः भारत गुप्ता

-शहर में वाहन पार्किंग जोन का अभाव है। इस वजह से शहर की व्यस्त सड़कों पर आड़े तिरछे कहीं भी वाहन खड़े हो जाते हैं, कई स्थान तो ऐसे हैं जहां सवारी की इंतजार में बेतरतीब खड़े होने वाले इन ऑटो व ई-रिक्शाओ का जमावड़ा लगा रहता है जिससे यहां ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। जबकि जिम्मेदार नगर




पालिका परिषद और ट्रैफिक पुलिस शहर में पार्किंग जोन बनाए जाने पर ध्यान नहीं दे रही है।

यातायात के नियमों का पालन यदि ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को कराया जाए, तो शहर की यातायात व्यवस्था सुधर सकती है। पैदल चल रहे राहगीरों को आवाज लगाते हुए बीच सड़क ही ई-रिक्शा व ऑटो चालक अपने वाहन खड़ा कर देते है, जिससे घंटों के लिए जाम लग जाता है। राहगीर और दो पहिया वाहन चालक इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि एक ओर सड़क खराब तो वहीं यातायात बदहाल हैः अमित शर्मा

# बालश्रम पूर्णतः प्रतिबंधित एवं दंडनीय अपराध है

बलरामपुर शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 समाज जागरण ब्यूरोः

जनपद बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार और पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन में थाना ए.एच.टी. की संयुक्त टीम ने श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपस्थिति में अभियान झ ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल श्रम उन्मूलन हेतु शहर क्षेत्र में औचक निरीक्षण और रेस्क्यू अभियान संचालित किया।

अभियान में तीन मुख्य स्थानों पर



निरीक्षण किया गयाः हरिहरगंज बाजार, सेखुइया चौराहा सदर क्षेत्र अभियान के दौरान बाल श्रम पाए जाने पर कुल चार दुकानों का चालान किया गया। सभी दुकानदारों और प्रतिष्ठान संचालकों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि बाल श्रम पूर्णतः प्रतिबंधित और दंडनीय अपराध है, और भविष्य में किसी भी रूप में बाल श्रम पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही होटल, ढाबा और वर्कशॉप मालिकों को कानूनी चेतावनी दी गई कि बाल श्रम करना या करवाना कानूनन अपराध है। अभियान के दौरान जनता को बालश्रम, बालभिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बचपन बचाओ आंदोलन और एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के बारे में भी जागरूक किया गया। सौजन्यः जनपद पुलिस बलरामपुर

# महिला स्वास्थ्य मिशन ट्रस्ट के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह बेनकाब, STF ने एक सदस्य को दबोचा

**समाज जागरण संवाददाता**

आगरा, शनिवार 22 नवंबर 2025: उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने महिला स्वास्थ्य मिशन ट्रस्ट और धार्मिक आयोजनों के नाम पर संस्था/ट्रस्ट बनाकर ठगी करने वाले गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को जनपद आगरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, मुहरें, कार्ड और नकदी बरामद हुई है।

STF की टीम को आरोपी के पास से निम्नलिखित सामग्री मिली–
02 आईडी कार्ड, 08 एटीएम कार्ड, 03 सिम कार्ड, महिला स्वास्थ्य मिशन ट्रस्ट की रसीदों की 05 गड्डी




02 चार पहिया वाहन, विभिन्न बैंकों की 08 चेकबुक, 04 मुहर ट्रस्ट के 32 पहचान कार्ड, 10,000 नकद प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी धार्मिक कार्यक्रमों, महिला स्वास्थ्य शिविरों तथा सामाजिक सेवा के नाम पर लोगों से चंदा व सदस्यता शुल्क लेकर ठगी करता था। STF टीम आगे गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

# नाबार्ड के "सहकार से समृद्धि" अभियान के तहत मछली पालन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**

**श्रावस्ती गुरुवार, 20 नवंबर 2025:** जनपद श्रावस्ती के विकासखंड इकौना में बेलहा राघव ग्राम पंचायत में दिनांक 20 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत सहकार से समृद्धि अभियान के तहत मछली पालन पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिंगराजोत मत्स्यजीवी सहकारी समिति, इकौना में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य मछली पालन का विस्तार, ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करना और आधुनिक तकनीकों का प्रचार-प्रसार करना था।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान एवं डिंगराजोत मत्स्यजीवी सहकारी समिति के सचिव श्री राज कुमार यादव सहित अन्य सहकारी समितियों के पदाधिकारी, श्री अवधेश कुमार शर्मा (अध्यक्ष, अर्पित सेवा संस्थान), ज़िले के अन्य अधिकारी और मत्स्यपालक किसान उपस्थित रहे। जिले की विभिन्न मत्स्य सहकारी समितियों ने कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।



श्रावस्ती जिले के मत्स्य अधिकारी श्री मनोज कुमार व्यास और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. संजीव कुमार नाथ ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य पालन, तालाब प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज, रोग नियंत्रण और उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभागीय योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं से भी किसानों को अवगत कराया।

कार्यक्रम में डीडीएम, नाबार्ड श्रावस्ती ने वित्तीय साक्षरता, बीमा, ऋण प्रबंधन, बैंकिंग सुविधाओं का सही उपयोग और डिजिटल भुगतान अपनाने के लाभों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने नाबार्ड की ओर से मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा देने हेतु उपलब्ध विभिन्न वित्तीय और अवसंरचनात्मक समर्थन योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

Crisil Foundationसे FC वीरेन्द्र कुमार ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने मत्स्य समिति के अध्यक्ष, व्यापारियों और ग्रामीणों से संवाद करते हुए आय-व्यय प्रबंधन, बचत, समूह बचत, बीमा, ऋण प्रबंधन और डिजिटल भुगतान को अपनाने के लाभ समझाए।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपने सुझाव और समस्याएँ रखीं, जिनका अधिकारियों और समिति के पदाधिकारियों द्वारा समाधान किया गया।

कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र में मत्स्य सहकारी समितियों को सशक्त बनाना, मत्स्य व्यवसाय को मजबूत करना और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से अधिक सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम का संचालन डिंगराजोत मत्स्यजीवी सहकारी समिति और अर्पित सेवा संस्थान द्वारा किया गया और यह पूर्णतः सफल एवं सार्थक रहा।

**दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों मे समाज जागरण को पत्रकार/ छायाकार चाहिए। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे। विज्ञापन पर आकर्षक कमीशन।**

# श्री देवी गंगा मंदिर में अन्नपूर्णा व्रत महोत्सव का तेरहवाँ दिवस सम्पन्न

**समाज जागरण संवाददाता चंदौसी**

चंदौसी नगर के कैथल गेट स्थित श्री देवी गंगा मंदिर में चल रहे 17 दिवसीय श्री अन्नपूर्णा व्रत महोत्सव का तेरहवाँ दिन बड़े श्रद्धा-भाव एवं वैदिक परंपराओं के साथ मनाया गया। इस दौरान पंडित मनोज शर्मा एवं श्रीमती प्रवेश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता अन्नपूर्णा की मूर्ति का पंचामृत से अभिषेक कर सुंदर श्रृंगार एवं पूजन-आरती संपन्न कराई।



कथा व्यास पंडित भूदेव शंखधार ने धर्म, सेवा और भक्ति का महत्व बताते हुए श्रीकृष्ण और युधिष्ठिर के संवाद का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि–

अन्नपूर्णा माता की सेवा करने से सुख की प्राप्ति होती है तथा मनुष्य दरिद्रता, दुःख और वैरभाव से मुक्त रहता है। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं कहा कि भगवान की भक्ति और सेवा मानव जीवन के समस्त कष्टों को दूर करती है।

कथा प्रवचन के पश्चात पंडित मनोज शर्मा द्वारा आरती उतारी गई तथा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

**भक्तों की रही विशेष उपस्थित**

कार्यक्रम में पूजा, शारदा, सरलारानी, साधना, दीपिका, बंसी बाबू, विजय गोपाल, महादेवी, रीता, जावित्री, उषा, रचना अग्रवाल, रामदेवी, कुमकुम, लक्ष्मी, जगदीप, उषा कृष्णा, पुष्पा, सरोजिनी, रश्मि, लीला बटी, निर्मला देवी, सर्वेश, नितिन, आरती, राजरानी, लक्ष्मी, उर्मिला, शीला देवी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल रहे।

भक्तों ने माता अन्नपूर्णा से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

# नईम एडवोकेट साहब के निधन पर क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर साहनपुर मे नईम एडवोकेट के निधन से दौड़ी दुःख की लहर आपको बता दे नईम एडवोकेट उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी मोहल्ला मेमरान कस्बा साहनपुर के निधन से क्षेत्र में दुःख की लहर दौड़ गई बताया जा रहा है कि वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे और उनके पुत्र मोहम्मद अजीम व विशाल लगातार उनका इलाज कर रहे थे काफी दिन पहले वह अस्पताल में भी भर्ती रहे लेकिन



अफसोस 20 नवंबर दिन बृहस्पतिवार को वह दुनिया को अलविदा कह गए नईम एडवोकेट एक सच्चे ईमानदार परहेजगार और आदर करने वाले नेक इंसान थे क्षेत्र की जनता ने बताया कि उनका जीवन सादगी लोगों की सेवा के जज्बे से भरा हुआ था वह एक सामाजिक और सुख-दुख में लोगों का साथ देने वाले नेक इंसान थे उन्हें उम्र भर उनकी कमी महसूस होती रहेगी उनके जनाजे में प्रतिनिधि क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ क्षेत्र की जनता काफी संख्या में उपस्थिति रही शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने के बाद उन्हे सुपुर्द - ए-खाक किया गया और लोगों ने उनकी मगफिरत के लिए दुआएं मांगी

# पुलवामा किशोरी अपहरण मामले में बड़ी कार्रवाई, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बिजनौर से आरोपी दबोचा

## तीन सदस्यीय टीम ने पुंडरीकलां गांव में दी दबिश, पॉक्सो एक्ट के तहत हुई गिरफ्तारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर/नांगलसोती। पुलवामा जिले से एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बिजनौर जनपद से आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई खेरू थाना पुलवामा पुलिस द्वारा की गई, जिसने उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के थाना नांगलसोती क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुंडरीकलां में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया।पुलवामा के खेरू थाना क्षेत्र से किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज होने के




बाद पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। विवेचना के दौरान आरोपी के बिजनौर में छिपे होने की जानकारी मिली, जिसके बाद खेरू थाने के उप निरीक्षक मनदीप सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बिजनौर पहुंची।

टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से ग्राम पुंडरीकलां में दबिश देकर मोहम्मद हनीफ पुत्र इददू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त करने के उपरांत पुलिस टीम आरोपी को अपने साथ जम्मू-कश्मीर ले गई। इस संबंध में थाना नांगलसोती के प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र मलिक ने बताया कि यह कार्रवाई पॉक्सो एक्ट के तहत की गई है और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आरोपी को रिमांड पर जम्मू-कश्मीर ले जाया गया है।

# खेतों में दौड़ता दिखा गुलदार का जोड़ा, नगीना के गांवों में दहशत

## ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की उठाई मांग

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना (बिजनौर)। नगीना क्षेत्र के बाघाला गांव में एक किसान के खेत में गुलदार का जोड़ा देखे जाने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। खेत में दौड़ते गुलदारों का वीडियो एक किसान ने ट्रैक्टर पर बैठकर अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किया, जो अब तेजी से फैल रहा है।घटना के बाद से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। लोग आवश्यक काम के अलावा घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं, वहीं किसान खेतों की ओर जाने से डर रहे हैं। ग्रामीणों



का कहना है कि जनपद बिजनौर में पहले भी गुलदार के हमलों की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है और अनेक लोग घायल हुए हैं। इसके कारण जिले में पहले से ही भय का माहौल बना हुआ है। लगातार गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में तुरंत पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने, नियमित गश्त बढ़ाने और गांवों में सतर्कता फैलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ी घटना घट सकती है। वन विभाग की ओर से पूर्व में कई गुलदार पकड़े जा चुके हैं, इसके बावजूद उनकी गतिविधियां लगातार क्षेत्र में देखी जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।

# दो जगह वोट दर्ज कराने पर एक वर्ष तक की सजा, मतदाताओं को प्रशासन की सख्त चेतावनी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। मतदाता सूची की शुद्धता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक स्थानों पर अपना नाम दर्ज कराता है या दो जगह मतदाता बनने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उसे एक वर्ष तक की सजा हो सकती है। उन्होंने बताया कि मतदाता अपने मतदान केंद्र या भाग संख्या के आधार पर अपनी जानकारी खोज सकते हैं। वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची में नाम न होने की स्थिति में मतदाताओं को अपने माता-पिता या किसी ऐसे निकट संबंधी का विवरण देना होगा, जिनका नाम वर्ष दो हजार तीन की सूची में दर्ज हो। यह जानकारी फॉर्म के अंतिम कॉलम में दिए गए रिश्तेदार के विवरण वाले भाग में भरना अनिवार्य होगा, ताकि पहचान की पुष्टि की जा सके। यदि कोई मतदाता अनाथ है, तो उसे उस व्यक्ति का विवरण देना होगा, जिसे वह अपना अभिभावक मानता है। वान्या सिंह ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं के नाम पहले से ही दो या अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, उन्हें केवल एक ही स्थान पर गणना प्रपत्र भरना चाहिए। यह नियम चुनावी




प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और दोहरी प्रविष्टि रोकने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि जिनके पास अभी सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, वे केवल अपना नाम, मोबाइल नंबर और माता-पिता का नाम भरकर प्रपत्र तुरंत जमा कर दें। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद शेष दस्तावेज बाद में दिए जा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पूरा प्रपत्र भरने के इंतजार में आवेदन जमा करने में देरी न करें। वान्या सिंह ने बताया कि जो मतदाता वर्ष दो हजार तीन या उससे पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें गणना प्रपत्र में वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची के अनुसार अपनी जानकारी भरनी होगी। यह जानकारी निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध विकल्प के माध्यम से देखी जा सकती है, जहां राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र का चयन कर विवरण प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन मतदाताओं का नाम वर्ष दो हजार तीन की सूची में नहीं है और माता-पिता या किसी रिश्तेदार का विवरण भी उपलब्ध नहीं है, वे संबंधित कॉलम खाली छोड़कर प्रपत्र क्षेत्रीय कर्मचारी को जमा कर सकते हैं। ऐसे प्रपत्रों को अपुष्ट के रूप में चिन्हित किया जाएगा। उन्नीस दिसंबर दो हजार पच्चीस को प्रारूप मतदाता सूची जारी होने के बाद ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजा जाएगा। नोटिस प्राप्त होने के बाद मतदाताओं को नौ दिसंबर दो हजार पच्चीस से इकतीस जनवरी दो हजार छब्बीस के बीच मांगे गए बारह प्रमाण पत्रों में से कोई भी एक प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। यदि प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया, तो निर्वाचन अधिकारी यह निर्णय करेगा कि मतदाता की पात्रता मान्य है या नहीं। वान्या सिंह ने यह भी कहा कि यदि क्षेत्रीय कर्मचारी द्वारा तीन बार घर जाकर भी मतदाता से संपर्क नहीं हो पाता, और घर पर प्रपत्र चस्पा करने के बाद भी मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, लापता या दोहरी प्रविष्टि वाला पाया जाता है, तो ऐसे मतदाता का नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।

# असमोली में जिलाधिकारी ने एसआईआर चौपाल लगाकर कराया मतदाता सत्यापन

**समाज जागरण संवाददाता सम्भल (असमोली)**

विकासखंड असमोली के प्राथमिक विद्यालय बिलालपत एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय ओबरी में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नाम सुधार एवं सत्यापन कार्यों की गहन समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने ग्राम बिलालपत में एसआईआर से जुड़े गणना प्रपत्रों के संग्रह, एएसडी मतदाताओं की स्थिति तथा मतदाता सूची के वाचन के माध्यम से नामों का सत्यापन कराया। उन्होंने परिवार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि परिवार रजिस्टर का समय से प्रमाणन सुनिश्चित कराया जाए।

**डीएम ने बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि—**

बिना किसी दबाव के निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ मतदाता सत्यापन का कार्य किया जाए।

उन्होंने ग्रामीणों के घर-घर जाकर भी मतदाताओं की वास्तविक स्थिति देखी और अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ग्राम ओबरी पहुँचे, जहाँ उन्होंने गणना प्रपत्रों के संग्रह और एएसडी मतदाताओं से संबंधित जानकारी की समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि आधार से मिलान कर सत्यापन किया जाए तथा मतदाता सूची में रंगीन फोटोग्राफ लगाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने डिजिटलाइजेशन कार्य में तेजी लाने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने सम्भल नगर पालिका क्षेत्र स्थित प्राचीन कुरुक्षेत्र तीर्थ का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

**अधिकारी एवं गणमान्यजन रहे उपस्थित**

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, खण्ड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार, अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी सहित बीएलओ, ग्राम सचिव, लेखपाल, ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सेवक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# उमरपुर गांव में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन, पचास मरीजों की हुई जांच

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनता बिजनौर। रेहड़ क्षेत्र के ग्राम उमरपुर में सी एल गुप्ता नेत्र चिकित्सालय की ओर से एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी आंखों की जांच कराई। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के लोगों को आंखों से संबंधित रोगों की समय रहते पहचान और उचित उपचार की सुविधा प्रदान करना रहा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा० मोहम्मद सज्जाद एवं डा० उर्फत जहांन ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं और मरीजों की गहन जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। इनके साथ नेत्र सलाहकार के रूप



में निशा, रूबी, इल्मा तथा शकील ने भी सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियां निभाईं और मरीजों की सहायता की। शिविर के दौरान सभी मरीजों की आंखों की जांच पूर्णतः निःशुल्क की गई। जिन मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, उनके लिए निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बड़ी राहत मिली। इस निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में कुल पचास मरीजों की आंखों की जांच की गई। ग्रामीणों ने इस जनसेवाभाव से किए गए आयोजन की सराहना करते हुए चिकित्सक टीम, नेत्र सलाहकारों तथा आयोजनकताओं का आभार प्रकट किया और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाने की मांग की।

# डालिम्स सनबीम स्कूल ने एक अंक से एस एस देव पब्लिक स्कूल को हरा कर कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया

**बिकास राय**
**ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचवंर विकासखण्ड अन्तर्गत डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर में चल रही दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार की देर शाम सम्पन्न हुआ।गाजीपुर पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित जिलास्तरीय सीबीएसई बोर्ड कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। फाइनल मैच एस एस देव पब्लिक स्कूल और डालिम्स सनबीम स्कूल रक्सहा के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। दर्शकों की तालियों के बीच हुए इस मुकाबले में अंततः डालिम्स सनबीम स्कूल ने एक अंक से जीत दर्ज करते हुए कप पर कब्जा कर लिया।





बिजेता टीम के कप्तान मुहम्मद शब्बीर खान तथा उपविजेता टीम के कप्तान रंजीत यादव को पुरस्कार एवं कप प्रदान किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि खेल हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार से निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि खेल के दौरान किया गया बेहतर प्रदर्शन हार को भी जीत में बदल सकता है। उन्होंने कहा कि खेल आपसी एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन कुल आठ टीमों के बीच मुकाबले हुए। सेमीफाइनल में एस एस देव बनाम रामदूत इंटरनेशनल स्कूल तथा डालिम्स सनबीम स्कूल बनाम सनसाइन पब्लिक स्कूल के बीच जोरदार मुकाबले खेले गए। बच्चों के रोमांचकारी प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के प्रबंधक हर्ष राय एवं हिमांशु राय व प्रधानाचार्य डॉ. प्रेरणा राय ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष प०श्यामराज तिवारी, कृष्णानंद राय, मनोज सिंह, इंजीनियर राकेश राय, मनन वर्मा, प्रवीण वर्मा, शिवप्रकाश राय, टुनटन सिंह, जनार्दन राय, बिश्राम यादव यशवन्त सिंह,सुभासपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र राजभर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रथम दिवस में जगदीश कुशवाहा (पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष GPSA), नरेन्द्र सिंह ( वरिष्ठ उपाध्यक्ष GPSA), नदीम अधमी ( वरिष्ठ उपाध्यक्ष GPSA), रिशु जालान, राजेश वर्मा, चंद्रशेखर यादव एवं GPSA के अन्य सदस्यों द्वारा 18 नवम्बर को किया गया ।

उक्त प्रतियोगिता में जिले के 25 सीबीएसई स्कूलों की टीम्स ने प्रतिभाग किया ।

रेफरी की भूमिका में अमरनाथ यादव, दिनेश और रितेश राय रहे।

# श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल मे खेलकूद और सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन हुआ

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद हरिद्वार रोड पर स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल मे 21 नवंबर 2025 को वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमति अनुसूयावर्मा जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलकूद के लिए प्रेरित किया और उनका उत्साह वर्धन किया। वार्षिक खेलकूद सप्ताह में अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं समस्त स्कूल परिवार का योगदान रहा। खेलकूद की प्रतियोगिताओं का परिणाम निम्न प्रकार है।



# अफजलगढ़ नगर में एस.आई.आर कैम्प के दौरान 450 फार्म भरे गए

## कैम्प में अफजलगढ़ युवा टीम का काफी योगदान रहा

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला मंझौली में स्थित बरकत बैंकट हॉल में एस.आई.आर फॉर्म भरने को लेकर एक कैम्प नगर पालिका व समाजसेवी युवाओं की ओर से लगाया गया। जिसमें शहर के जिम्मेदार लोगों ने नगरवासियों को निःशुल्क फार्म भरवाकर बीएलओ को सौंपा। वहीं




अफजलगढ़ कैम्प में एस .आई .आर फार्म करीब 450 शहर के जिम्मेदार लोगों ने नगरवासियों के निःशुल्क फार्म भरवाकर बीएलओ अफजलगढ़ को सौंपा। इस अवसर पर कैम्प में चेयरपर्सन पति जावेद विकार, सभासद कलवा कुरैशी,सभासद मोहम्मद चांद,समाजसेवी पत्रकार शुऐब कुरैशी,समाजसेवी फईम कस्सार,सुरूश अनवर मसूद एडवोकेट,मुफ्ती अब्दुल वसी, सभासद पति शहजाद अंसारी,सभासद पुत्र इरफान अहमद,समाजसेवी अब्दुल करीम, इकबाल अहमद,मौलाना दानिश,उवैश मुख्तार, इमामुद्दीन कस्सार, अदनान करीम, मोहम्मद समीर आदि उपस्थित रहे।

# धामपुर मार्ग पर पलटा चावल से भरा ट्रक, बड़ा सड़क हादसा टला

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर। धामपुर मार्ग स्थित ईदगाह मोड़ के पास गुरुवार तड़के चावल से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसा सुबह लगभग तीन बजे हुआ। रात का समय होने के कारण मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बेहद कम थी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक नासिर और परिचालक शाहरुख काशीपुर के दोहरा टांडा क्षेत्र से चावल भरकर हरियाणा की ओर जा रहे थे। जैसे ही ट्रक ईदगाह मोड़ के करीब पहुंचा, अचानक संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क से नीचे पलट गया। हादसे के समय चालक और परिचालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते ट्रक से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। दोनों पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हालांकि इस दुर्घटना में ट्रक को भारी क्षति पहुंची है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ईदगाह मोड़ पहले भी कई हादसों का गवाह रह चुका है। पूर्व में इसी स्थान पर लकड़ी से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर एक कार पर गिर गया था, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद भी इस स्थान पर कोई स्थायी सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं।




घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस खतरनाक मोड़ पर चेतावनी बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था जल्द की जाए, ताकि भविष्य में हादसों पर लगाम लग सके।

# गली में मिला युवक का लहूलुहान शव, गांव में मचा हड़कंप

## घर से सौ मीटर दूर पड़े शव से फैली सनसनी, हत्या की आशंका गहराई

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम भटियाना खुशाहलपुर में गुरुवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का खून से लथपथ शव गली में पड़ा मिला। मृतक की पहचान 26 वर्षीय शिवम उर्फ शिवा, पुत्र दिनेश के रूप में हुई है। उसका शव घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर मिला, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शिवम के मुंह और सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई। परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके की जांच कर शव को कब्जे में लेकर सील किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक अविवाहित था और दो दिन पहले ही जम्मू-कश्मीर से अपने घर लौटा था। परिवार में उसके चचेरे भाई शुभम के लग्न समारोह की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस दुखद घटना से खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# जूनियर एवं सीनियर बालको के मध्य खोझखो का फाइनल मैच सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर में जूनियर एवं सीनियर बालको के मध्य खोझखो का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि मेरठ डायसिस के शिक्षा सचिव श्रद्धेय फादर सहाय दास रहे। मैच के प्रारंभ में मुख्य अतिथि का फादर पी०विक्टर द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा टॉस



कराकर मैच का शुभारंभ किया गया। इस मुकाबले में जूनियर वर्ग में ब्लू हाउस और येलो हाउस तथा सीनियर वर्ग में ग्रीन हाउस एवं येलो हाउस के बीच मैंच खेला गया। जूनियर प्रभाग में येलो हाउस विजयी रही एवं सीनियर वर्ग में मैच बराबरी पर रहा। दूसरी तरफ बालिकाओं का हाउस



वाइस बैडमिंटन का मैच खेला गया। प्राइमरी प्रभाग के बच्चों के लिए जलेबी दौड़ प्रतियोगिता कराई गई जिसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मैच के साथ-साथ जलेबी के स्वाद का आनंद उठाया।

मैच के अंत में फादर पी०विक्टर द्वारा मुख्य अतिथि का बहुमूल्य समय निकालकर आने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# किशोरी को ले जाने में एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। किशोरी को ले जाने के मामले में वांछित एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। नगर निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि 11 नवंबर की रात्रि में परिवार के सदस्य घर सोये हुए थे। तभी लगभग साढ़े दस बजे घर का गेट खुलने की आहट हुई, जिस पर उसने देखा कि मोहल्ला दरबारखुर्द रेतावाला निवासी सुहैल व उसके दो अज्ञात साथी उसकी नाबालिग बेटी को बाइक पर ले जा रहे हैं। शोर मचाने पर आरोपी उसकी बेटी को लेकर फरार हो गए। शुक्रवार को पुलिस ने घटना में आरोपी सुहैल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

# फायरिंग प्रकरण में वांछित गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। घर में घुसकर फायरिंग करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गांव बसेड़ा निवासी दिलशाद ने अगस्त माह में कोतवाली में दर्ज कराया था। आरोप था कि उसके घर में घुसकर विपक्षियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की, जिसमें परिवार के सदस्य बाल–बाल बच गए। पुलिस कार्रवाई में जुटी थी। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस ने गांव बसेड़ा के ही निवासी दानिश को गिरफ्तार कर लिया।

## श्री 108 सौरभ सागर मुनिराज का भव्य मंगल प्रवेश

**समाज जागरण**

शामली। शुक्रवार को शहर के जैन धर्मशाला में श्री 108 सौरभ सागर मुनिराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। सकल जैन समाज एवं दिगंबर साधु सेवा समिति के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री का स्वागत कर उन्हें श्रीफल अर्पित किया। मंगल प्रवेश के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उन्होने अपने प्रवचन में कर्मों के प्रभाव और जीवन की नश्वरता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य, पशु-पक्षी तथा निर्जीव वस्तुएं भी कर्मों के चक्र से बंधी हैं। पुण्य और पाप के आधार पर ही मनुष्य के जीवन की आयु एवं सुख-दुख का निर्धारण होता है। आचार्य श्री ने आत्महत्या को जैन दर्शन में घोर पाप बताते हुए समझाया कि स्वयं को कष्ट देना अनेक जन्मों तक गर्भ में पलने के दुख का कारण बनता है। पत्थर और मूर्ति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जैसे एक पत्थर को तराशकर सुंदर मूर्ति बनाई जाती है, ठीक उसी तरह क्रोध, लोभ और मोह जैसे आंतरिक आवरणों को त्यागकर मनुष्य स्वयं को परमात्मा के रूप में विकसित कर सकता है। उन्होंने कहा कि बाहरी दुनिया को बदलने के बजाय व्यक्ति को अपने मन और विचारों को स्थिर कर आंतरिक स्वरूप को सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। संसार में श्रेष्ठ कर्म करना सरल है, परंतु शुभ कर्म जो आत्मकल्याण से जुड़े हों अत्यंत कठिन होते हैं। इस अवसर पर मोहित जैन, सचिन जैन, आलोक जैन, पंकज जैन, राजीव जैन आदि मौजूद रहे।



# दिल्ली ब्लास्ट में घायल अमन से एनआईए ने जुटाई जानकारी

**समाज जागरण**

कैराना। दिल्ली ब्लास्ट में घायल कैराना निवासी अमन से एनआईए की टीम ने अस्पताल में पहुंचकर जानकारी जुटाई। गत 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास हुए ब्लास्ट में कैराना के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी अमन भी घायल हुआ था। उसके तहेरे भाई झिंझाना निवासी नोमान की मौत हुई थी। घायल अमन का दिल्ली में उपचार दिल्ली के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में चल रहा है। अमन के जीजा यूनुस ने बताया कि अमन को अभी यह नहीं पता कि उसे चोट कैसे लगी है। वह ब्लास्ट की घटना के बारे की बातें शायद भूल गया। अमन अपना नाम और पता तथा परिवार के लोगों का नाम सही बता रहा है। यूनुस के अनुसार, गुरुवार शाम एनआईए की टीम भी अमन के पास आई थी तथा उसे चोट के बारे में पूछा। अमन ने एनआईए की टीम को सिर्फ इतना बताया कि शायद वह बाइक से गिर गया था। इससे आगे उसको कुछ नहीं पता है। हालांकि, अब अमन की हालत में काफी सुधार है।



# उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का द्विवार्षिक जनपदीय अधिवेशन संपन्न

**समाज जागरण**

शामली। उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ शामली का द्विवार्षिक जनपदीय अधिवेशन गुरुवार को शहर के कैराना रोड स्थित एक रेस्तरां में संपन्न हुआ। जिसमें दिप्देश कुमार तोमर को जिलाध्यक्षा व ओमवीर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। देर रात्रि शहर के कैराना रोड स्थित रेस्तरां में हुए अधिवेशन की अध्यक्षता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जनपद अध्यक्ष इं. मुकेश कसाना ने की। कार्यक्रम में प्रांतीय और मंडलीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न घटक संगठनों के जनपद एवं खंड स्तर के पदाधिकारी तथा महासंघ के सदस्यों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान सर्व सम्मति से जिला कार्यकारणी की घोषणा की गई, जिसमें दिप्देश कुमार तोमर को जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सलमान जैदी को उपाध्यक्ष, अरविन्द कुमार को सचिव, राजीव कुमार को प्रचार सचिव, राहुल कुमार को संगठन सचिव व ओमप्रकाश गुप्ता को वित्त सचिव मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय उप महासचिव पश्चिम इं. संदीप कुमार शर्मा, प्रचार सचिव इं. रामेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष सहारनपुर इं. मीनाक्षी श्रीवास्तव, मंडल सचिव इं. कृष्ण कुमार सैनी, क्षेत्रीय महामंत्री सोमांशु मोहन, मंडल सचिव इं. प्रमोद कुमार डिंगल मौजूद रहे।




# भाकियू युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रभात मलिक को सौंपी जिलाध्यक्ष की कमान

**समाज जागरण शामली।**

भारतीय किसान यूनियन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने जिले की कार्यकारणी में फेरबदल करते हुए हाथी करोदा निवासी प्रभात मलिक को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने हाईकमान के आदेश पर जनपद शामली की कार्यकारणी में फेरबदल किया है। उन्होने गांव गोहरनी निवासी मोहित शर्मा को युवा जिलाध्यक्ष पद से हटाकर युवा मंडल महासचिव सहारनपुर मनोनीत किया है, जबकि गांव हाथी करोदा निवासी प्रभात मलिक को युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रभात मलिक ने बताया कि जल्द की युवा मोर्चा की नई कार्यकारणी की घोषणा की जायेगी।

# छात्र छात्राओं को कराया रेलवे स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण

**समाज जागरण**

शामली। शहर के बीएसएम स्कूल द्वारा शुक्रवार को एक्सप्लोर शामली कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को शामली रेलवे स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारतीय रेल की कार्यप्रणाली, तकनीकी प्रक्रियाओं, सुरक्षा मानकों और रेल संचालन से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना था, ताकि विद्यार्थी किताबों की सीमाओं से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन से जुड़ सकें।

शैक्षणिक यात्रा के दौरान रेलवे अधिकारियों ने छात्रों को स्टेशन प्रबंधन, टिकटिंग प्रक्रिया, सिग्नलिंग सिस्टम, रेलवे ट्रैक की संरचना सहित विभिन्न सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बच्चों को नए चेंबर्स भी दिखाए गए तथा रेल लाइन बदलने की प्रक्रिया का रोचक प्रदर्शन कर उन्हें यह समझाया गया कि किस तरह एक छोटा सा सिग्नल पूरी ट्रेन की दिशा और मंजिल बदल सकता है। स्टेशन मास्टर व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि स्टेशन पर ट्रेनों का संचालन कैसे किया जाता है, रेलवे लाइन कब और क्यों बदली जाती है, सिग्नल सिस्टम किस प्रकार काम करता है तथा यात्रियों की सुरक्षा किस तरह सुनिश्चित की जाती है। इस दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक अनेक प्रश्न पूछे जिनका अधिकारियों ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया। भ्रमण ने बच्चों के ज्ञान, आत्मविश्वास और तकनीकी समझ में सकारात्मक बढ़ोतरी की। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह तथा उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बच्चों को अनुभव आधारित सीख प्रदान किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।



## एसपी ने किया नवीन पुलिस लाइन में आयोजित परेड का निरीक्षण

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने शहर के नवीन पुलिस लाइन में आयोजित परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने परेड की सलामी ली और इसमें शामिल अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों के टर्नआउट, ड्रिल कौशल तथा संपूर्ण अनुशासन का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन की परिवहन शाखा एवं यूपी-112 इकाई में तैनात वाहनों की स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और उनके रख-रखाव की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहन पूर्णतः कार्यशील स्थिति में रहें और नियमित देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित आरटीसी मैस, बैरक, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं का सघन निरीक्षण किया। प्रशिक्षण अभ्यर्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को सुना। इसके अतिरिक्त, उन्होंने परिसर में निमार्णाधीन भवनों की प्रगति का भी जायजा लिया और निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों व निर्धारित समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात एसपी ने अर्दली रूम में रखे विभिन्न रजिस्टरों जैसे आगमन-प्रस्थान पंजिका, शस्त्र रजिस्टर, मालखाना अभिलेख, दैनंदिन डायरी एवं निरीक्षण रजिस्टर का अवलोकन किया। अभिलेखों को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के साथ-साथ पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, सीओ थानाभवन जितेंद्र सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।



# केंद्र और प्रदेश सरकार कर रही है किसानों को परेशान, ठाकुर दीपक सोम

**समाज जागरण**

शामली। शुक्रवार को भाकियू सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान न कर किसानों को परेशान करने का काम कर रही है। पिछले तीन माह से किसान खाद की कमी से जूझ रहा है, लेकिन प्राईवेट गोदाम खाद के कटटो सें भरे पडे है। शुक्रवार को शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाकियू सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम ने कहा कि 15 अक्टूबर 2025 को उनके संगठन का गठन किया गया है। संगठन का मुख्य उददेश्य किसानों की समस्याओं को उठाना है। गन्ना भुगतान, सिंचाई की समस्या को लेकर वह आन्दोलन कर रहे है। कहा कि पिछले तीन महीनों से किसान खाद की समस्या से जूझ रहा है। किसान के आधार कार्ड पर सिर्फ दो खाद के कटटे उपलब्ध कराये जा रहे है। कई कई दिनों तक किसान अपने ट्रेक्टर ट्राली लेकर समिति पर पडा रहा, लेकिन खाद नही मिल सकी, जबकि प्राईवेट गोदाम खाद से भरे पडे है। गांव में बिजली दस घंटे से भी कम आ रही है, जिस कारण सिंचाई नही हो पा रही। गांव में विद्युत मीटर खराब होने पर बिजली कर्मी किसान से वसूली करते है। स्मार्ट मीटर किसानों को बर्बाद करने के लिए लगाए जा रहे है, जिस पर सरकार को विचार करने की जरूरत है। कहा कि प्रदेश सरकार ने 30 रुपए गन्ना का भाव बढाया, लेकिन यह लाभकारी मूल्य नही है। गन्ने का भाव 450 रुपए होना चाहिए। कहा कि केन्द्र सरकार 80 करोड लोगों को फ्री राशन देने का दावा करती है, जिससे स्पष्ट है कि सरकार का आय दोगुणा करने का वादा झूठा रहा। सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रहा है। इस दौरान उन्होने गांव भैसानी निवासी डा. अजमल पुंडीर को मंडल अध्यक्ष सहारनपुर, सददाम राणा को युवा तहसील अध्यक्ष शामली, अनीस राणा को जिला मीडिया प्रभारी, शाहिद राणा को नगर अध्यक्ष थानाभवन और प्रशांत राणा को युवा पश्चिमी यूपी अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर राकेश राजपूत, राव सददाम, मेहराज अहमद, राव भूरा आदि मौजूद रहे।




# जनपद में चलाया गया ऑपरेशन मुक्ति अभियान

**समाज जागरण**

शामली। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-5 के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद शामली में ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बाल विवाह एवं बाल श्रम के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए ऐसे बच्चों को बचाना था। अभियान के तहत अंतर विभागीय टीम ने नगर पालिका कैराना क्षेत्र में सघन रेस्क्यू अभियान चलाया। टीम ने कैराना के विभिन्न प्रतिष्ठानों मिठाई की दुकानों, मैकेनिक वर्कशॉप, होटल, ढाबों एवं अन्य दुकानों पर पहुंचकर गहन निरीक्षण किया। इस दौरान 18 वर्ष से कम आयु के बाल श्रमिकों की तलाश की गई। निरीक्षण के दौरान ए-वन बाइक लैमिनेशन, शहजाद ऑटो वर्क्स, भूरा ऑटो स्पेयर पार्ट्स, इंडियन डेंटिंग पेंटिंग सेंटर, महादेव प्रोफेशनल मॉडिफिकेशन सहित कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई, जहां कुल 9 नाबालिग बालक कार्यरत पाए गए। श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारी विद्यांचल शुक्ला ने बाल श्रम के मामलों में सम्बंधित प्रतिष्ठानों पर चालान की कार्रवाई की तथा नोटिस जारी करते हुए विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम के दीपक कुमार,जिला बाल संरक्षण इकाई से सोशल वर्कर रीमा चौधरी, थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार एवं पंकज कुमार मौजूद रहे।



## दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण शामली।**

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र में हुई दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गत 16 सितंबर को मृतका के परिजनों ने थाना आदर्शमंडी में दहेज हत्या संबंधी तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी एनपी सिंह ने घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को थाना आदर्शमंडी पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित आरोपी मोहित कुमार जयपाल, निवासी ग्राम टिटौली को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

## महिला ने दबंग पर लगाया प्लांट मांगने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बा निवासी महिला ने एक व्यक्ति पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने और उस से जबरदस्ती एक प्लांट मांगने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को कस्बा निवासी महिला फरजाना पत्नी निसार ने बताया कि वह दिल्ली में रहती है और उसकी जमीन कस्बे के मोहल्ला मौलानान में स्थित है। पीड़िता अपनी पुश्तैनी जमीन में प्लाटिंग कर रही है और चार दिवारी के लिए सीमेंट के पिलर भी लगा रखे हैं। पीड़िता का आरोप है कि कस्बा निवासी मेहताब पीड़िता के साथ आए दिन दुर्व्यवहार करते हुए परेशान करता रहता है आरोपी पीड़िता से जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती एक पलट की मांग कर रहा है। आरोपी ने उसकी जमीन से पिलर भी चोरी कर रखे हैं। पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# झगड़े का बीच बचाव करने गए व्यक्ति पर चाकू से हमला

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल में अपने परिवार के साथ मारपीट कर रहे एक युवक ने बीच बचाव करने आए पड़ोसी व्यक्ति पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी अंसार ने बताया कि पड़ोस का युवक अपनी मां और भाई के साथ मारपीट कर रहा था। मारपीट के दौरान पड़ोस के लोग मौके पर जमा हो गए। और पीड़ित भी मौके पर पहुंचकर बीच बचाव करने लगा। आरोप है कि तभी आरोपी युवक ने पीड़ित पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित व्यक्ति ने शुक्रवार को थाने पर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।



## चोरी की वारदात में शामिल महिला चोर गिरफ्तार, जेवरात बरामद

**समाज जागरण**

शामली। शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक वारदात में शामिल एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने की चेन बरामद कर ली है। गत 24 सितंबर को शहर के कमला कॉलोनी निवासी उद्यमी अनुज गर्ग पुत्र श्रीनिवास गर्ग के घर कथा का आयोजन चल रहा था, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए वहां मौजूद करीब आधा दर्जन महिलाओं के गले से सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इसी क्रम में शुक्रवार को चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अभियान के दौरान घटना में वांछित महिला नैना पत्नी सिल्वा, निवासी शंकरपुर दिल्ली (पूर्व निवासी मदनगीर, थाना अंबेडकर नगर, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। महिला के पास से सोने की चैन बरामद हुई है। इसी प्रकरण में 14 अक्तूबर को एक अन्य आरोपी ज्योति पत्नी स्व. सुरेश, निवासी सीपीओ मदनगीर, थाना अम्बेडकर नगर दिल्ली को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



# पिकअप गाड़ी चोरी के मामले में बरामद नहीं होने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना से चार दिन पूर्व पिकअप गाड़ी चोरी के मामले में पुलिस द्वारा पिकअप गाड़ी बरामद नहीं करने पर पीड़ितों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर पिकअप गाड़ी बरामद करने की गुहार लगाई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी अमित पुत्र वीरसेन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि पीड़ित ने विगत 17 नवंबर को अपनी पिकअप गाड़ी सड़क के किनारे खाली पड़े प्लाट में खड़ी कर रखी थी। रात्रि के समय चोरों ने मौका पाकर उसकी पिकअप गाड़ी चोरी कर ली चोरी की घटना पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था मगर अभी तक पीड़ित की पिकअप गाड़ी बरामद नहीं हुई।पीड़ित ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो में अपनी पिकअप गाड़ी की तलाश की तो उसकी पिकअप गाड़ी क्षेत्र के दिल्ली रोड एलम की और चोर गाड़ी को ले जाते हुए कैमरों में दिखाई पड़ रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस पिकअप गाड़ी तालाश करने में उनकी मदद नहीं कर रही है और ना ही कई दिन बीत जाने के बाद उनकी पिकअप गाड़ी पुलिस ने बरामद की है। पीड़ित गाड़ी मालिक ने अपने परिवार जनों के साथ शुक्रवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर अपनी पिकअप गाड़ी बरामद करने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले में अभियोग दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम चोरों की तलाश कर रही है जल्दी पिकअप गाड़ी बरामद कर ली जाएगी।



# स्कॉर्पियो और टेंपो की टक्कर टेंपो चालक सहित सवारी घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग गांव भभीसा में स्कॉर्पियो कार ने एक टेंपो में टक्कर मार दी टेंपो में सवार चालक और चार महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर जनपद के गांव पारसौली निवासी रवि पुत्र यशपाल अपने टेंपो में बुढ़ाना से सवारी भरकर कस्बे के लिए आ रहा था। टेंपो चालक जैसे ही थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में पहुंचा तो विपरीत दिशा से आई एक स्कार्पियो ने टेंपो में टक्कर मार दी। टेंपो सड़क पर पलट गया टेंपो में सवार पत्नी मोहम्मद अली निवासी मोहल्ला खेल, राबिया पत्नी मुरसै शांति नगर, कावया पत्नी इस्लाम, डीडावली मुजफ्फरनगर, व भूरा पुत्र हमीद निवासी ग्राम रथेड़ी मुज्जफर नगर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। पुलिसकर्मियों ने सभी घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने स्कॉर्पियो कार व टेंपो को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



## अजब सिंह इंटर कॉलेज में पुलिस गोष्ठी, छात्र-छात्राओं को भी जानकारी

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

विकासखंड क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित अजब सिंह इंटर कॉलेज में पुलिस ने छात्राओं व छात्रों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को बढ़ते अपराधों से बचाव के तरीके बताए और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर दिया।गोष्ठी में उपनिरीक्षक सुभाष सिंह एवं देवेंद्र सिंह तेवतिया और महिला कांस्टेबल ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस का मकसद छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें हर स्थिति में सुरक्षित रहने के लिए सक्षम करना है।उन्होंन कहा कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं, जिनकी जानकारी सभी छात्राओं तक पहुंचना जरूरी है।मुख्यमंत्री द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर, 1090, 181, 112,1098 सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और इन नंबरों का सही समय पर उपयोग करने की अपील की।कार्यक्रम में पुलिस टीम ने सभी छात्रों से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने और साइबर अपराधों से बचने की अपील की। इस दौरान इंटर कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।



# खेत जा रहे युवक के साथ गाली,गलौज जान से मारने की धमकी

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी एक युवक ने गांव कई कई लोगों पर रंजिश के चलते पीड़ित पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर पीड़ित का पीछा करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है,पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी आशू पुत्र सुखबीर ने बताया कि गांव के कई लोग पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित व उसके चाचा के साथ आरोपियों ने कई महा पूर्व जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है की विगत वनस्पतिवार को बाइक पर सवार होकर अपने खेत पर जा रहा था।

तभी कई लोगों ने पीड़ित को आता देख लिया और आते ही गाली गलौज करते हुए पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर उसके पीछे दौड़ पड़े। पीड़ित ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी।

पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# अष्टादश गीता श्लोक के साथ विद्यार्थियों ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

- शरद मौसम शुरू हो गया है, वाहन सावधानी से चलाएंः यादव
- गीता में निहित है कि मन और चित को सही रखें , वाहन चलाए या घर : भारद्वाज
- गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में 31 विद्यार्थी बने ट्रेनर




**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के बैनर नीचे अष्टादश गीता श्लोक के साथ विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

जिला प्रशासन एवं गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन मे समिति द्वारा अष्टादश गीता श्लोक उच्चारण के मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं। ये मास्टर ट्रेनर विद्यार्थी जिले में में कही पर भी श्लोक उच्चारण कर सकते हैं जिनको पूर्ण अभ्यास करवाया जा रहा है। अब तक 31 विद्यार्थी पूर्ण अभ्यास कर चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 1 दिसंबर को एक मिनट में एक साथ गीता पाठ श्लोक उच्चारण के लिए भी टीम तैयार की जा चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तर पर कार्यक्रम में 51 विद्यार्थियों को तैयार किया गया है। 29 से 1 दिसंबर तक गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में गीता पाठ श्लोक उच्चारण करेंगे।

जिसके माध्यम से आमजन को अंतर्राष्ट्रीय गीताजयंती महोत्सव का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य प्रेरक रूप में उपस्थित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने एवं निदेशक सावित्री यादव ने कहा कि ह्लगीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि मानव जीवन का मार्गदर्शन करने वाली दिव्य पुस्तक है। यदि व्यक्ति गीता के एक भी उपदेश को वास्तविक जीवन में उतार ले, तो उसका व्यक्तित्व, विचार और कर्म स्वतः उत्कृष्ट हो जाते हैं। व्यक्ति गीता का अनुसरण करके देखे, उसका जीवन नवीन दिशा प्राप्त करेगा।

उन्होंने गीता में बताए गए निष्काम कर्मयोग, आत्मबल, सत्य, संयम और कर्तव्यनिष्ठा को आज के दौर में अत्यंत आवश्यक बताते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे गीता के संदेश को अपने व्यवहार में अपनाएँ और समाज में सकारात्मकता तथा सेवा भाव का प्रसार करें। कहा कि गीता के उपदेशों, मानवधर्म, सदाचार, कर्तव्यपथ तथा जीवन दर्शन से जुड़े सार्थक संदेश पट्टिकाओं पर लिखे जा रहे हैं। इन पट्टिकाओं को शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों तथा प्रमुख मार्गों पर लगाए जाने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक लोग गीता जयंती के महत्व से अवगत हो सकें।

समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि गीता जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत आगे कई जागरूकता कार्यक्रम, श्लोक उच्चारण, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रभात फेरियाँ और सामूहिक गीता पाठ जैसे आयोजन किए जाएँगे। संस्था का उद्देश्य गीता के शाश्वत संदेश–कर्मण्येवाधिकारस्ते–को जन-जन तक पहुँचाना है।

# कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने वोट चोरी के विरोध में सिरसा पहुंचे

**दैनिक समाज जागरण**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) कांग्रेस पार्टी से कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला की टीम से जुड़े हल्का कालांवाली के कांग्रेस युवा अध्यक्ष लवप्रीत सिंह तथा ब्लॉक रोड़ी के युवा अध्यक्ष जसकरण सिंह आज अपनी टीम के साथ सिरसा डीसी कार्यालय के पास पहुँचे और वोट चोरी के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दोनों युवा अध्यक्षों ने आरोप लगाया कि हाल ही में हुए चुनाव में मतदान के दौरान धांधली व वोट चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हुई है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच करने की मांग की। लवप्रीत सिंह और जसकरण सिंह ने कहा कि कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे और किसी भी तरह की अनियमितता के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहेंगे।

# मोगा-नई दिल्ली-मोगा इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का फिरोजपुर छावनी रेलवे स्टेशन तक विस्तार 24 से होगा

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो ,21 नवंबर : फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमजीत सिंह सैनी ने बताया कि रेलवे विभाग द्वारा मोगा और नई दिल्ली के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 22485/22486 (मोगा-नई दिल्लीझ्रमोगा इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) को फिरोजपुर छावनी रेलवे स्टेशन तक बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह विस्तार 24 नवम्बर 2025 से लागू होगा। ट्रेन संख्या 22485 (नई दिल्ली-मोगा-फिरोजपुर छावनी इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सुबह 07:00 बजे प्रस्थान करके दोपहर 14:50 बजे फिरोजपुर छावनी पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 22486 (फिरोजपुर छावनी-मोगा-नई दिल्ली इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) फिरोजपुर छावनी रेलवे स्टेशन से दोपहर 15:35 बजे प्रस्थान करके रात्रि 23:30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। नई दिल्ली-जगराओं-नई दिल्ली के बीच ट्रेन के मार्ग एवं समय सारणी में कोई परिवर्तन नहीं है।

# चैक बाऊंस मामले में जैतो की महिला को 1 साल 6 महीने की कैद

**(पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख समाज जागरण)**

जैतो,21 नवंबर : माननीय ज्युडीशियल मैजिस्ट्रेट फरीदकोट शीकू कुमार की अदालत ने जैतो के निवासी एक महिला को आरोपी करार देते हुए एक साल 6 महीने की कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही माननीय अदालत ने इस मामले के मुलाजिम की ओर से शिकायतकर्ता को सौंपे गए चैक में जमा करवाई रकम वापस करने के भी आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अंजू रानी पत्नी रणदीप वासी कोटकपूरा ने अपने वकील के द्वारा माननीय अदालत में केस दायर कर बताया था कि मीरा पत्नी राज पाल वासी जैतो ने उससे 3 लाख रुपए उधार लिए थे व इस रकम को अदा करने के लिए उसने एक चैक 25 जून 2021 को 3 लाख रुपए का बैंक ऑफ इंडिया शाखा जैतो उसे दिया।साथ ही इकरार किया था कि चैक में दर्ज तारीख को चैक बैंक में लगवाकर उसे रुपए दे दिए जाएंगे। शिकायतकर्ता अंजू रानी ने तय तारीख पर जब चैक अपने खाते में लगाया तो खातेदार का खाते में लगाया तो खातेदार का खाते में रकम नहीं होने के कारण चैक बाउंस हो गया।बाद में मुलजिम ने मुददई को रूपए देने में टाल मटोल किया,जिस पर शिकायतकर्ता ने अपने वकील के द्वारा माननीय अदालत में एन आई एक्ट की धारा 138 के तहत शिकायत दर्ज करवा दी। मुलाजिमों की तरह से अपनी बेगुनाही का अदालत में सबूत पेश नहीं कर सके,जिस पर माननीय अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत अपना उपरोक्त फैसला सुनाया।

# श्री श्री 1008 स्वामी कमलानंद गिरीं जी महाराज के जन्मदिन को समर्पित, बच्चों की आंखों का चेकअप कैंप

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो ,21 नवंबर :प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था लायन क्लब जैतो गंगसर ने आज स्थानीय सर्वहितकारी सीनियर सेकेंडरी विधा मंदिर में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरीं जी महाराज के 66 वें जन्मदिन पर बच्चों की आंखों को चेक करने का निशुल्क चैकअप कैंप लगाया। इस कैम्प का शुभारंभ जोन चेयरपर्सन जोन 3 के चेयरमैन लायन भुषण रोमाना ने किया और अपने सम्बोधन में इस नेक कार्य के लिए क्लब की बहुत प्रशंसा की। स्कूल प्रिंसिपल श्री मनिष कुमार ने सभी आए हुए मेहमानों का स्वागत किया।

अपथालमिक सुखबीर सिंह ने 92 बच्चों की आंखों को चेक किया और सभी बच्चों को आंखों से संबंधित बीमारियों से बचने हेतु उपाय भी बताए। क्लब के खजांची लायन आशू मित्तल ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को चश्मे और दवाईयां मुफ्त दी जाएगी। क्लब के सचिव लायन मनू गोयल ने सभी बच्चों को प्रशाद रुपी बिस्कुट वितरण किये। इस अवसर पर पीआरओ लायन नरेश मित्तल के इलावा स्कूल अध्यापक ममता रानी,मंजू बाला, करमजीत कौर, सोनिया, सुमन, सुषमा, तानिया के इलावा अन्य अध्यापक भी हाजिर थे।



लायंस क्लब गंगसर जैतो द्वारा आयोजित आंखों का चैकअप कैंप का दृश्य।

# भारतीय रेलवे ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पुरानी दिल्ली व पटना से स्पैशल ट्रेनों की घोषणा

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 21 नवंबर : भारतीय रेलवे श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के मौके पर श्री आनंदपुर साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं की आसान यात्रा के लिए स्पैशल ट्रेन सर्विस चलाएगा। यह घोषणा गुरुवार को रेलवे और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज के राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने की। रेल मंत्रालय ने कहा कि यह पहल नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर की विरासत का सम्मान करती है, जिन्हें धार्मिक आजादी, सच्चाई और इंसानी सम्मान की रक्षा में उनके बलिदान के लिए हिंद की चादर के रूप में पूजा जाता है। इन स्पैशल सर्विस का मकसद पवित्र शहर में आने वाले बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, आरामदायक और बिना किसी रुकावट के यात्रा पक्का करना है।

22 नवंबर से स्पेशल ट्रेन सर्विस। तीर्थयात्रियों की संख्या में होने वाली बढ़ोतरी को मैनेज करने के लिए, रेलवे दो खास ट्रेन सर्विस शुरू करेगा - एक पटना साहिब से और दूसरी पुरानी दिल्ली से। पुरानी दिल्ली ए.सी. स्पैशल ट्रेन (सभी ए.सी)

22, 23, 24 और 25 नवंबर को पुरानी दिल्ली से रोजाना 07:00 बजे एक ए.सी.स्पैशल सर्विस चलेगी, जो उसी दिन 1:45 बजे श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगी। वापसी की सर्विस 20:30 बजे निकलेगी, और अगली सुबह 03:15 बजे दिल्ली पहुंचेगी। ट्रेन सोनीपत, पानीपत, कुरुक्षेत्र, अंबाला, सरहिंद और न्यू मोरिंडा में रुकेगी। पटना साहिब स्पेशल ट्रेन (सभी क्लास) 22 कोच वाली एक स्पेशल ट्रेन 23 नवंबर को सुबह 06:40 बजे पटना से निकलेगी, जो 24 नवंबर को सुबह 04:15 बजे श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगी। वापसी की यात्रा 25 नवंबर को रात 11:00 बजे श्री आनंदपुर साहिब से शुरू होगी, जो रात 11:30 बजे पुरानी दिल्ली पहुंचेगी। ट्रेन लखनऊ, मुरादाबाद और अंबाला में रुकेगी। बिट्टू ने कहा कि ये स्पेशल सर्विस रेलवे के जरूरी धार्मिक त्योहारों के दौरान आसान और भरोसेमंद ट्रांसपोर्ट देने के वादे को दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे गुरु तेग बहादुर जी की ज़िंदगी और शिक्षाओं को श्रद्धांजलि देने वाले तीर्थयात्रियों को सपोर्ट करके सम्मानित महसूस कर रहा है। इंडियन रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी यात्रा उसी हिसाब से प्लान करें और आसान और बिना किसी परेशानी के यात्रा के लिए स्पैशल ट्रेनों का इस्तेमाल करें।

# लायंस क्लब गंगसर जैतो का ताजपोशी समारोह, उद्योगपति

## कुलभूषण माहेश्वरी को प्रधान की दिलाई शपथ

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो 21 नवंबर : प्रसिद्ध समाज सेवी संस्था लायंस क्लब गंगसर जैतो प्रधान उद्योगपति लायन कुलभूषण महेश्वरी जट्टा और उनकी टीम का ताजपोशी समारोह - शोभा जट्टे दी - गोनियाना के रोमाना पैलेस में बहुत ही शानदार ढंग से सम्पन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी सतपाल जिन्दल, नरेश कुमार जिन्दल थे। समारोह में जोन चेयरपर्सन जोन 3 लायन भूषण रोमाना विशेष तौर पर पहुंचे।समारोह की शुरूआत छोटी सी



बच्ची सहज महेश्वरी द्वारा प्रार्थना पढ़ कर की। समारोह के चैयरमेन लायन विनय बांसल ने सभी आए हुए मुख्य अतिथि व लायन लीडर्स, बच्चों को जी आया नुं कहा और क्लब द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कामों की जानकारी दी। लायन आई केयर सेंटर जैतो के चेयरमैन व इंस्टालेशन आफिसर लायन राकेश रोमाना ने दूसरी बार लायन कुलभूषण महेश्वरी को बतौर प्रधान, लायन मनू गोयल को सचिव, लायन आशू मित्तल को खंजाची और लायन नरेश मित्तल को पीआरओ की शपथ दिलाई।समारोह के मुख्य अतिथि सतपाल जिन्दल और नरेश जिन्दल ने क्लब द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कामों की भूरि - भूरि प्रशंसा की। मास्टर आफ सेरेमनी लायन राम अवतार वर्मा और लायन दिनेश गोयल ने बाखूबी से निभाईं। समारोह में विशेष रूप से पहुंचे आड़ी आड़ी सेवा सोसायटी भटिंडा के सदस्यों ने भंगडा व अन्य हास्य व्यंग कविता सुनाकर समारोह को चार-चांद लगा दिये। इस समारोह में लायन अशोक तायल, लायन प्रदीप सिंगला, लायन प्रदीप गोयल, लायन सुरेंद्र गर्ग, लायन सुरेश कांसल, लायन सुरेश महेश्वरी, लायन राज कुमार गोयल, लायन पुरषोत्तम सिंगला, लायन गणेश जैन, लायन जीवन गर्ग, लायन पंकज शर्मा, लायन मनू वर्मा, लायन सपन कोठारी, लायन शक्ति मित्तल के इलावा अन्य सदस्य भी अपने परिवारों से पहुंचे। समारोह के अंत में नवनियुक्त प्रधान लायन कुलभूषण महेश्वरी ने सभी अतिथियों का तहदिल से धन्यवाद किया।

# शिरोमणि कमेटी को उत्तर प्रदेश के गांव गुरु नानकपुर की संगत ने बाढ़ राहत फंड में 12 लाख 63 हजार रुपए दिए

## शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष धामी ने राहत राशि लेकर पहुंची संगत का शुक्रिया अदा किया

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

जैतो, 21 नवंबर : उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के गांव गुरु नानकपुर की संगत ने गुरु घर के प्रति नम्रता और सेवा दिखाते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा चलाए जा रहे बाढ़ राहत फंड में 12 लाख 63 हजार रुपये का अहम योगदान दिया है। गुरुद्वारा सिंह सभा, गुरु नानकपुर के प्रबंधकों ने आज यह रकम शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को सौंप दी है।उत्तर प्रदेश के गांव गुरु नानकपुरा से पहुंचे बलबीर सिंह, कुलदीप सिंह, जसवंत सिंह और सुखविंदर सिंह ने कहा कि यह रकम पूरी संगत के सहयोग और मिली-जुली कोशिशों से इकट्ठा हुई है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से पीड़ित भाइयों की मदद करना हर किसी का इंसानी फर्ज है और संगत ने इस सेवा में पूरा हिस्सा लिया है। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के गांव गुरु नानकपुरा के लोगों का शुक्रिया अदा किया, जबकि शिरोमणि कमेटी के मेंबर स. बलजीत सिंह जलालुउस्मा ने कहा कि दूर-दूर से इस तरह की सेवा का आना सिख समुदाय की एकता और गुरमत में अटूट विश्वास को दिखाता है। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी के मेंबर स. बलजीत सिंह जलालुउस्मा, शिरोमणि कमेटी प्रेसिडेंट के पर्सनल सेक्रेटरी स. शहबाज सिंह, डिप्टी सेक्रेटरी स. हरभजन सिंह वक्ता और सुपरिटेंडेंट स. निशान सिंह ने मदद की रकम लेकर आई संगत को सम्मानित किया।



उत्तर प्रदेश के गांव गुरु नानकपुर की संगत, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को चेक सौंपते हुए।

# दिल्ली का 'द ग्रेट कबाड़खाना' बना आकर्षण का केंद्र, कबाड़ से बनी मूर्तियां

**समाज जागरण**

दिल्ली के द्वारका इलाके में मौजूद 'द ग्रेट कबाड़खाना' इन दिनों नई पहचान बना रहा है. यह अनोखा जंकयार्ड सिर्फ कबाड़ का ढेर नहीं, बल्कि रचनात्मकता और पुनर्चक्रण का एक जीवंत उदाहरण बन चुका है.




दिल्ली के द्वारका इलाके में मौजूद 'द ग्रेट कबाड़खाना' इन दिनों नई पहचान बना रहा है. यह अनोखा जंकयार्ड सिर्फ कबाड़ का ढेर नहीं, बल्कि रचनात्मकता और पुनर्चक्रण का एक जीवंत उदाहरण बन चुका है. यहां कबाड़ से तैयार की गई विशाल मूर्तियां और कलाकृतियां न सिर्फ लोगों को हैरान करती हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती हैं.

**कबाड़ से बना कला का अनोखा संसार**

द ग्रेट कबाड़खाना में पुरानी मशीनें, गाड़ियों के पुर्जे, लोहे के टुकड़े, स्क्रैप मेटल, नट-बोल्ट और बेकार पड़ी औद्योगिक सामग्री का इस्तेमाल कर बड़ी-बड़ी मूर्तियां बनाई गई हैं. इनमें जानवरों की आकृतियां, मानव प्रतिमाएं, रोबोटिक्स डिजाइन और आधुनिक कला की झलक देखने को मिलती है.

स्थानीय निवासियों के मुताबिक, यह जगह आज द्वारका की पहचान का हिस्सा बनती जा रही है और सप्ताहांत में यहां फोटो खिंचवाने और घूमने वालों की संख्या बढ़ जाती है.

**कला और रीसाइक्लिंग का बेहतरीन मेल**

कबाड़खाने का मुख्य उद्देश्य बेकार पड़े धातु को उपयोगी कला में बदलना है. कलाकारों का मानना है कि इस पहल से लोगों में अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ती है और यह संदेश जाता है कि कबाड़ भी खूबसूरत रचनाओं में बदल सकता है.

**युवाओं के लिए नया आकर्षण**

द्वारका के युवाओं और कॉलेज छात्रों के लिए यह स्थान एक लोकप्रिय स्पॉट बन गया है. कई कला और डिजाइन संस्थान अपने छात्रों को यहां प्रेरणा लेने के लिए लेकर आते हैं ताकि वे समझ सकें कि रचनात्मक सोच कैसे आम चीजों को असाधारण बना सकती है.

# दिल्ली की सड़कों पर आबारा जानवर का जमावड़ा प्रशासन की लापरवाही के कारण लोग दुर्घटना के शिकार

**समाज जागरण (बादल हुसैन)**

दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में आवारा पशुओं ने लोगों को परेशान कर रखा है। सड़कों पर भोजन की तलाश में गया सांड और कुत्तों का झंड भटकता रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा पशुओं की चपेट में आकर पहले भी कई लोग घायल हो चुके हैं। लेकिन प्रशासन अब तक गहरी नींद में है।अभी तक इन पशुओं की हटाया नहीं गया न कोई सामाधान निकाला गया ।वाहन चालकों को आए दिन इन जानवरों के कारण सड़क हादसों का शिकार होना पड़ता है।हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोगो को सुबह शाम घर से निकलते वक्त डर बताता है कि कहीं कोई आवारा पशु हमला न कर दे। वहीं दूसरी ओर आवारा कुत्तों का खौफ भी कम नहीं है। लोगो ने बताया कि कोई बार कुत्ते छोटे बच्चों को काट चुके हैं, लेकिन नगर निगम के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। क्या कहते हैं स्थानीय निवासी रमेश कुमार ,ने बताया कि कुछ लोग अपने घरों में गया पाल तो लेते हैं, लेकिन दुध निकालने के बाद उन्हीं गायों को सड़क पर छोड़ देते हैं। एक तो गया को सड़क पर छोड़ना अपने आप में पाप है,उपर से ये मासूम जानवर भूखे प्यासे इधर उधर भटकते है। जिससे कड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। वहीं अमन यत्री का कहना है,की बार सांड आपस में लड़ाते राहगीरों के बीच पहुंच जाते हैं जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर घुमाते ये आवारा जानवर अब सीधे लोगों की जान के लिए खतरा बन चुका है लेकिन प्रशासन आंखें बंद बैठा है।



# गीता में उतरने से आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है : महंत जगन्नाथ पुरी

## श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में हो रहा है गीता पाठ

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, 21 नवम्बर : गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर मारकंडा नदी के तट पर श्रीं मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में चल रहे गीता पाठ को करते हुए अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि गीता कोई साधारण ग्रंथ नहीं है बल्कि यह स्वयं भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद से उत्पन्न वाणी है जो भगवान श्री कृष्ण ने मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी पर अर्जुन के माध्यम से पूर्ण मानव समाज को दी गई। उन्होंने कहा कि गीता का पाठ करने से जीवन में मोक्ष, शांति और आध्यात्मिक उन्नति मिलती है। इसी लिए मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन को मोक्षदा एकादशी और 'गीता जयंती' के रूप में मनाया जाता है। महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि पाठ से जीवन की समस्याओं से मुक्ति, पापों का नाश और पितृदोष से भी मुक्ति मिलती है। गीता में उतरने से आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। गीता से व्यक्ति के पापों का नाश होता है और वह परम पद को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर स्वामी संतोषानंद, स्वामी राम नाथ पुरी, स्वामी पृथ्वी पुरी, स्वामी सीताराम, बिल्लू पुजारी, आकाश गिरी, साक्षी गिरी, मुकुल तनेजा, गरिमा तनेजा, भावना, राम कुमार व सुरेंद्र सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।



# शनिवार को दिल्ली में कई रास्ते रहेंगे बंद, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**समाज जागरण**

दिल्ली में शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है. इस आयोजन के कारण दिल्ली में कई सड़कें बंद रहने वाली हैं और इसके साथ ही कुछ सड़कों पर डायवर्जन लागू होने वाला है. दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है.दिल्ली पुलिस के मुताबिक, सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक यातायात प्रतिबंध और डायवर्जन लागू रहेंगे. कार्यक्रम डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, माया मुनि राम मार्ग से होते हुए एमसीडी पार्किंग, सरदार वल्लभभाई पटेल कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, रोड नंबर 44 के पास, पीतमपुरा तक होगा. उम्मीद है कि इस कार्यक्रम में लगभग 2000 लोग शामिल हो सकते हैं.




पुलिस के अनुसार, सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच माया मुनि राम मार्ग, लाला जगत नारायण मार्ग, रोड नंबर 44, पीतमपुरा और एम2के रोड सड़कों से बचने की सलाह दी गई है. कार्यक्रम के दौरान इन मार्गों पर किसी भी भारी वाहन की अनुमति नहीं होगी.

इसके साथ ही वाहन चालकों के लिए सलाह दी गई है कि वे डायवर्जन पॉइंट्स पर ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का पालन करें, प्रतिबंधित सड़कों से बचें और यात्रा की योजना पहले से बनाएं. देरी से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें.

# विश्वविद्यालय ने चलती नियुक्ति प्रक्रिया के बीच बदले नियम

- नोक झोंक झड़प के बीच तीसरे दिन भी डटे अतिथि शिक्षक और शोधार्थी
- डुटा के नेता भी पहुंचे समर्थन में




**समाज जागरण**

नई दिल्लीःए. पी. आई. की मांग को लेकर नोक झोंक झड़प के बीच तीसरे दिन भी डटे रहे दिल्ली विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षक और शोधार्थी.शिक्षक, शोधार्थी लगातार विश्वविद्यालय प्रशासन से सभी योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाने की मांग कर रहें है। चूंकि इन सभी को स्थायी नियुक्ति के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया से जबरन वंचित कर दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा साक्षात्कार की चलती भर्ती प्रक्रिया के बीच नियम बदल दिया गया. विश्विद्यालय ने भर्ती प्रकिया के नियम अपने अनुसार परिवर्तन कर दिए जोकि यूजीसी शिक्षक पात्रता नियम और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना करता है।शिक्षक शोधार्थी विश्वविद्यालय प्रशासन से अपनी मांग आंदोलन और पत्राचार के माध्यम से कर चुके हैं। लेकिन अब तक इनकी माँग पर कोई विचार नहीं हुआ है। दुर्भाग्य की बात ये है कि इन शिक्षकों को धरना देने से भी प्रशासन रोक रहा है। अतिथि शिक्षक कॉलेज में पढ़ा रहें है उनको भी प्रिंसिपल द्वारा डराया धमकाया जा रहा है। जोकि इनके मौलिक अधिकारों को दबाने जैसा है। दिल्ली विश्विद्यालय के शिक्षकों का आंदोलन कल भी जारी रहेगा। इनकी मांग है कि विश्वविद्यालय प्रशासन जब तक हमारी प्रमुख मांगों Fue' मान नहीं लेगा हम आंदोलन को जारी रखेंगे। आज इन शिक्षकों और शोधार्थियों के आंदोलन को समर्थन देने डुटा एक्टिविस्ट इंटेक चेयरमैन प्रो. अश्विनी शंकर धरना स्थल पर आये और विश्वविद्यालय प्रशासन के गैर-लोकतांत्रिक, असंवैधानिक कार्यशैली की निंदा करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन अपने आदतों एवं असंवैधानिक नियुक्ति नियम को तत्काल वापस करके यूजीसी शिक्षक नियुक्ति नियम 2018 के आधार पर ही न्यूनतम अर्हता धारक सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाना चाहिए, अतिथि शिक्षकों को शिक्षण अनुभव अवश्य देना चाहिए क्योंकि इनकी नियुक्ति संवैधानिक चयन समिति द्वारा होती है. शिक्षकों का कहना है कि प्रशासन जब तक हमारी मांग को पूर्णतया स्वीकार नहीं किया तो धरना का प्रारुप और गतिविधि में परिवर्तन करके आंदोलन होगा।

## पी.एन.सी. कंपनी के ट्रकों द्वारा की जा रही राखड़ की ओवर लोडिंग

**समाज जागरण**

अनूपपुर .। अमरकंटक ताप विद्युत घर से राखड़ की ढुलाई हेतु पी.एन.सी. कंपनी को ठेका मिला हुआ जिसके वाहन राखड का परिवहन ओवरलोडिंग के साथ कर रहे हैं इससे क्षेत्र की सडकें - क्षतिग्रस्त हो रहीं हैं और बिखरती राखड से प्रदूषण फैल रहा है जो - स्थानीय क्षेत्रीय लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है ।उल्लेखनीय है कि पी.एन.सी. कंपनी को विद्युतघर से - अवशिष्ट राखड़ की ढुलाई का ठेका प्राप्त है जो राखड भरकर एस.ई.सी.एल. के सोहागपुर के गोफक्षेत्रों में डम्प किया जाना होता है। ट्रकों में इतनी ओवर लोडिंग होती है कि राखड़ सड़क पर -बिखरती गिरती रहती है। ओवर लोडिंग की शिकायत क्षेत्र की यातायात पुलिस का भी कोई ध्यान नहीं जाता है वह मूकदर्शक की भाति सब देखती रहती है ऐसा लगता है कंपनी के ओवरलोड ट्रकों को उसका अभयदान प्राप्त है।

दूसरी ओर कंपनी के ट्रक ड्राइवर्स कंपनी के शोषणकारी रवैये से त्रस्त रहते हैं। कई ड्राइवर्स का कहना है कि एक कंपनी उन्हें तयशुदा पूरा वेतन नहीं देती अक्सर किसी न किसी बहाने से कटौती कर ली जाती है। प्रि जो भी तनख्वाह दी जाती है वह भी समय पर नहीं दी जाती। जब कोई ड्राइवर कंपनी संचालकों याने मैनेजमेंट से इस बारे में शिकायत करता है तो उसे नौकरी से बाहर निकाल दिया जाता है। परिणाम स्वरूप शेष ड्राइवर्स चुपचाप सब कुछ मनमानी झेलते रहने में ही अपनी भलाई समझते हैं।

अमरकंटक ताप विद्युत घर चचाई के मुख्य अभियंता अथवा संबंधित विभाग के उत्तरदायी अफसरों को ठेका कंपनी के इस दुर्व्यवहार पर ध्यान देना चाहिये। एक तो राखड की ओवरलोडिंग बंद होनी चाहिये, दूसरे संबंधित ड्राइवर्स के साथ अनाप शनाप वेतन कटौती नही होनी चाहिये। सूत्र बताते हैं कि पावर प्लांट में वर्षों से पदस्थ अखिलेश सिंह नामक अधिकारी के संरक्षण में ओवरलोडिंग का खेल ट्रांसपोर्टों की मिली भगत से संभव हो रहा है ।जिला प्रशासन अनूपपुर से भी जनहित में यह अपेक्षा है कि वो पी.एन.सी. कंपनी की चल रही मनमानी और भराशाही पर लगाम लगाए ताकि क्षेत्र की जनता को भी राहत मिले और कंपनी के परिश्रमी ड्राइवर्स को भी न्याय मिल सके।

## वन विभाग की आपत्ति से गावों को बिजली और खेतों को पानी पहुंचाना हुआ कठिन

### अंधकार के खिलाफ आदिवासियों का युद्ध

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- आजादी से आज तक अंधकार से जुझते बाघन्नारा के बैगा समुदाय के आदिवासी आज भी आदिम युग का जीवन बीता रहे हैं बैगाओ की यह दुर्दशा है उमरिया जिले के पाली विकास खंड के चांदपुर ग्राम पंचायत के बाघन्नारा एक राजस्व गाँव है जहाँ पर बहुतायत संख्या में बैगा समुदाय के लोग निवास रत है, लेकिन वन विभाग की दखलंदाजी के चलते इस गाँव में आज भी बिजली पहुचना आसमान से तारे तोडकर लाने के समान है। गाँव के बैगा समुदाय के लोग और ग्राम पंचायत के सरपंच लगातार गाँव को अंधकार से मुक्ति दिलाने के अथक प्रयास में लगे हुए हैं और वन विभाग के वन मंडलाधिकारी हर बार एक नयी पेंच फंसाकर मामले को जहाँ से तहां पहुंचा देते हैं।

ध्यान देने योग्य है कि मध्यप्रदेश के गाँव - गाँव में बिजली पहुंचाने के लिए समय समय पर योजनाओं को लागू किया गया,मध्यप्रदेश के गांवों में बिजली पहुंचाने के लिए केन्द्र के बहु प्रशंसित सरकार ने वर्ष 2015




में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना शुरू की गयी थी, जिसका उद्देश्य बिजली विहीन गांवों में बिजली पहुचाना था, लेकिन दीनदयाल उपाध्याय जी की यह योजना को इस गाँव के दीन - हीन दिखाई नहीं दिये, इसके बाद वर्ष 2017 में सौभाग्य योजना लागू कर देश के सभी घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए चलायी गयी, लेकिन यह योजना भी इन दीन -हीन बैगाओ के दूर्भाग्य के सामने यह सौभाग्य योजना भी दुर्भाग्य में बदल गयी है। इसके साथ ही इसी वर्ष प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) यह भी केन्द्र सरकार के व्दारा संचालित कर गरीब परिवारों तक बिजली पहुंचाने के उद्देश्य से लागू किया गया था । मालुम होवे की इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विद्धुती करण योजना वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी लागू कर गाँव गाँव बिजली पहुंचाने का काम अपने एजेण्डा में लेकर काम किया, किन्तु पाली विकास खंड के आदिवासी बैगा बाहुल्य गाँवों बाघन्नारा, गांधी ग्राम सांस, चिनकी, आदि गांवों में आज भी अंधेरे से जुझ रहे हैं। यद्यपि इन योजनाओं के तहत मध्यप्रदेश के गाँव गाँव बिजली पहुंचाने के लिए कई कार्य किये गए हैं, जिसके तहत गाँव गाँव बिजली लाइने पहुंचाने, नये बिजली घर बनाने, और गरीबों तक बिजली पहुंचाने का काम हुआ है, परन्तु उमरिया जिले के आदिवासियों के किस्मत में वन विभाग ने जो कील ठोकी है उससे उन गाँवों के आदिवासियों की तो दुर्दशा है ही उमरिया जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी वन विभाग के सामने नत मस्तक होकर आदिवासियों को उनके हालात में जीने को छोड़ दिया है। अत्यंत खेद जनक कहा जाये की यह वही पाली विकास खंड है जहाँ पर एक वर्ष के अन्दर आधे दर्जन से अधिक प्रायवेट कंपनिया कोल उत्खनन के लिए वनो के अन्दर और बाहर अपना जाल फैला रही है, उनके लिए वन विभाग की तरह से न तो किसी तरह की चिंताये जतायी गयी, तब वन कटने की बाधा सामने आयी, न वन्य प्राणियों के जीवन पर खतरा आया और न ही अन्य पर्यावरणीय मुद्दे सामने आये, लेकिन गाँव में बिजली पहुंचाने के लिए इलेक्ट्रिकल डिस्टीब्यूशन सिस्टम का हवाला देकर आपत्ति दर्ज कर आदिवासियों को मूलभूत प्रकाश जैसे अधिकार से वंचित किया जा रहा है। वन विभाग के इस दोहरे मापदंड का कारण तो साफ साफ समझ में आता है, पर जिनके पास खुद के तन ढकने को कपड़े न हो, पेट भरने के लिए सरकार की पांच किलो राशन के लिए आश्रित हो वह वन विभाग के आला अधिकारियों की मुराद तो पूरी नहीं ही कर सकते।

उमरिया जिले में वन विभाग की अनावश्यक दखलंदाजी के कारण बिजली का गांवों तक न पहुंच पाना तो एक किस्सा बना ही है इनके इसी दखलंदाजी के कारण करोड़ों रूपयो के निर्मित बांधों से किसानों के खेतों तक पानी न पहुचा पाने के लिए सिंचाई विभाग भी वन मंडलाधिकारी के रहमो करम से त्रस्त होकर अपना बोरी बिस्तर बांध कर रख दिया है। ध्यान देने योग्य है कि शासकीय कार्यो में एक विभाग के जनोपयोगी कार्य में दुसरे विभाग की दखलंदाजी होने पर राज्य शासन ने जिले में बैठे कलेक्टरों को अधिकार प्रदान किये गए हैं कि ऐसे मामलो में रूचि लेकर दो विभागों में समाजस्य स्थापित कर विकास कार्यों को गति प्रदान कराये, लेकिन उमरिया जिले के कलेक्टर से तो इस ओर उम्मीद करना पत्थर मे सिर पीटने के समान ही है। कभी भी सही समय पर सही निर्णय लेकर काम को गति नहीं दिलायी जाती, नहीं तो आज भी गाँव के लोग बिजली के उजाले और किसानों के खेत पानी के प्यासे नहीं होते। राज्य शासन से अपेक्षा है की उमरिया जिले में वन विभाग के व्दारा दर्ज आपत्तियों के निराकरण कराने मे उच्च प्रशासनिक पहल करे,वर्ना वन विभाग की दखलंदाजी तो अपनी ओर से ताबुत में कील ठोक ही दी है।

## SIR मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी बैठक को संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा जी करेंगे संबोधित

**समाज जागरण**

शहडोल - मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा जी शनिवार को रहेंगे शहडोल प्रवास पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया है कि मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा जी 22 नवंबर दिन शनिवार को एकदिवसीय शहडोल दौरे पर रहेंगे शनिवार को कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में समय प्रातः 11:00 बजे अति आवश्यक बैठक आहूत की गई है बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी करेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्फ़ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। यह बैठक संगठन के लिए अत्यंत निर्णायक है, इसलिए संबंधित सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में इनकी रहेगी उपस्थित अपेक्षित श्रेणी जिला अध्यक्ष,सांसद शहडोल लोकसभा,सांसद सीधी,लोकसभा,विधायक,जयसिंहनगर, जैतपुर, ब्योहारी,जिला पदाधिकारी,समस्त 19 मंडल अध्यक्ष,नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष,जिला पंचायत अध्यक्ष ,जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष,सभी 3 विधानसभाओं के BLA1 (अनिवार्य उपस्थिति)जिला संयोजक - मतदाता सूची पुनरीक्षण, जिला सह संयोजक - मतदाता सूची पुनरीक्षण,सभी मंडल प्रभारी,सभी पदाधिकारी समय पर उपस्थित होकर बैठक में शामिल होकर संगठन के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## मैहर पुलिस की बड़ी सफलता - बीते 24 घंटों में 09 लापता बच्चों को किया दस्तयाब

### मुस्कान अभियान के 20 दिनों में 21 बच्चों की दस्तयाबी
### अन्य 04 को अपराध कायम होने के पूर्व ही ढूंढ निकाला

**समाज जागरण**

मैहर - पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मैहर श्री अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ . चंचल नागर एवम अनुविभागीय आधिकारियों के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा नाबालिग बच्चों की दस्तयाबी एवम रोकथाम हेतु तत्परता एवम संवेदनशीलता पूर्वक कार्यवाही की जा रही है।

मैहर पुलिस द्वारा संचालित सतत खोज अभियान के अंतर्गत पिछले 24 घंटों में कुल 09 लापता बच्चों को सुरक्षित रूप से दस्तयाब किया गया है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई, तकनीकी विश्लेषण और अन्य राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दस्तयाब किए गए बच्चों में दो बालिकाओं को क्रमशः बीड (महाराष्ट्र) एवम पुणे (महाराष्ट्र) से दस्तयाब किया गया है। उक्त दोनों बालिकाओं की गुमशुदगी के संबंध में थाना अमरपाटन में अपराध पंजीबद्ध है। थाना रामनगर क्षेत्र से गुम दो बालिकाओं को पंजाब के मोहाली एवम पटियाला से दस्तयाब किया गया है। थाना अमदरा क्षेत्र से कल दिनांक 19/11/25 को गुम बालिका को मैहर के देवरा से दस्तयाब किया गया।

इसके साथ ही आज यातायात प्रभारी विक्रम पाठक द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान नाबालिक बालिका के अपने सहपाठी के साथ मोटरसाइकल पर बैठकर जाने पर वाहन रोककर उक्त दोनों से पूछताछ की गई व उनके परिजनों से बात की गई तो लड़की के पिता ने बताया कि लड़की घर छोड़कर कहीं चली गई है जिसकी हम लोग तलाश कर रहे थे। इस प्रकार पुलिस की सतर्कता पूर्वक कार्यवाही से एक अपराध के घटित होने के पूर्व ही उसकी रोकथाम कर ली गई। इसके साथ ही कल थाना प्रभारी देहात निरीक्षक रेनू मिश्रा के द्वारा तीन नाबालिक लड़को को दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। मैहर पुलिस की यह कार्रवाई बच्चों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

**मैहर पुलिस की अपील:**

अभिभावक अपने बच्चों की गतिविधियों पर सतत ध्यान रखें, उनके साथ मित्रवत व्यवहार करें ताकि वे अपनी परेशानी किसी अंजान व्यक्ति से शेयर करने की अपेक्षा अपने माता पिता से शेयर करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध परिस्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। मैहर पुलिस हर समय सहायता के लिए तत्पर है।

## भू माफिया के ऊपर होना चाहिए कड़ी कार्रवाई : अमित तिवारी

**समाज जागरण**

अमरपाटन। विधानसभा 66 जिला मैहर की ग्राम पंचायत डोमा का मामला है ग्राम पंचायत डोमा में पत्रैकी जमीन अवैध नामांतरण कर लेना और द्वितीय पक्ष घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित अमित तिवारी ने बताया कि जान से मारने की धमकी देने वाले फॉरेस्ट विभाग की चोरी पत्थर की चोरी लगातार ट्रैक्टर ट्राली से अवैध रूप से करते हैं । दबंग टाइप के गुंडागर्दी करना इनकी आदत में शामिल है और प ऐसे भू माफिया राम प्रकाश तिवारी पिता चंदू तिवारी पुत्र पुरुषोत्तम तिवारी उमेंद्र तिवारी ने दबंगई दिखाकर जमीन नामांतरण कर लिया गया है एवं पीड़ित अमित तिवारी ने मांग की है कि कि जमीनी स्तर में इसकी जांच हो पर दबाव दिखाकर गुंडाई से गाली गलौच किया जाता है



जिनकी अमरपाटन में दर्जनों से ज्यादा पहले से प्रकरण पंजीबद्ध है और उनके द्वारा धमकी दिया जाता है कि मेरे चाचा जी हाई कोर्ट में वकील है गया प्रसाद तिवारी जो कि वह भी इस कार्य में बराबर के सहभागी हैं ।अमित तिवारी पिता सतीश तिवारी के द्वारा मांग की है कि जो कोर्ट में मामला पंजी वृद्ध है उसकी जल्दी सुनवाई हो और जो मेरे साथ मारपीट हुई वह मेरे परिवार के ऊपर कोई भी दुर्घटना हुई उसके जिम्मेदारी यह भू माफिया के सदस्य होंगे जो विवाद मामला का पंजी व्रद्ध अमरपाटन थाना में कर दिया गया है। दिनांक 19/ 11 /2025 को जो जिसके कार्यवाही व जांच सही तरीके से हो । पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक मैहर से मांग की है कि मेरी वह मेरे परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन से इनके ऊपर जल्द से जल्द कड़ी कार्यवाही की जाए वह उनके द्वारा मेरे या मेरे परिवार के घर में घुसकर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने न्यायालय से भी मांग करता हूं कि जल्द पुश्तैनी जमीन 1/2 के ऊपर फैसला हो भू माफिया के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## अनूपपुर जिले में अवैध शराब का साम्राज्य !

### 300 गांवों में बेखौफ चल रहा कारोबार, विभाग सिर्फ खानापूर्ति में व्यस्त
### आबकारी विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल — सरकारी दुकानों के पास ही धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब
### बोलोरो वाहनों से सप्लाई, अलग मैनेजमेंट सिस्टम — शहर-गांव में नेटवर्क के जरिए फल-फूल रहा अवैध शराब व्यापार

**समाज जागरण**

अनूपपुर। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि गांवों की गलियों से लेकर शहर की छोटी बड़ी दुकानों तक, हर स्थान पर बिना किसी रोक-टोक के अवैध शराब की बिक्री और सप्लाई की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे खेल से वाकिफ होने के बावजूद आबकारी विभाग की कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित रह गई है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। अनूपपुर जिले में पूरे जिले का ठेका वीरेंद्र राय लाइसेंसी का मिला हुआ है ।जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय समेत लगभग 300 से अधिक गांवों में दिनदहाड़े अवैध रूप से देशी-विदेशी शराब की बिक्री हो रही है। इस धंधे में शामिल लोगों ने बाकायदा एक प्रशासनिक मैनेजमेंट सिस्टम तैयार कर रखा है, जिसमें आदेश लेना, सप्लाई पहुंचाना और पैसे वसूलना तक अलग-अलग लोगों द्वारा संपादित किया जाता है।

**बोलोरो वाहनों से पहुंचाई जाती है शराब की खेप**

सूत्र बताते हैं कि चार पहिया बोलोरो वाहनों में शराब की खेप खुलेआम सरकारी शराब दुकानों के सामने खड़ी गाड़ियों में लोड की जाती है, फिर इन्हीं वाहनों को शहर और गांवों में अलग-अलग दुकानों व घरों तक सप्लाई के लिए भेजा जाता है।

ठेकेदारों द्वारा नियुक्त लोग ऑर्डर के अनुसार विभिन्न ठिकानों पर अवैध शराब पहुंचाते हैं।

विशेष बात यह है कि यह सभी गतिविधियां दिनदहाड़े होती हैं, परंतु आबकारी और पुलिस विभाग का कोई भी अधिकारी रोकथाम के लिए आगे नहीं आता। कच्ची शराब बेचने वाले गरीबों पर कार्रवाई, बड़े नेटवर्क पर सन्नाटा यह भी देखने में आता है कि आबकारी विभाग सक्षम कार्रवाई के नाम पर सिर्फ बाटली-दो बाटली बेचने वाले गरीबों पर दबिश डालकर वाहवाही लूटता है, और वहीं दूसरी ओर बड़े पैमाने पर चल रहे पूरे नेटवर्क पर कार्रवाई करने में विभाग का दम फूल जाता है। भले ही शराब दुकान के माध्यम से शासन को राजस्व की प्राप्ति होती है लेकिन शराब दुकान का ठेका चलने वाला ठेकेदार एवं उसके कर्मचारियों द्वारा गुंडागर्दी एवं मारपीट ग्राहकों एवं लोगों द्वारा की जाती है पूर्व में कोतमा एवं अमलाई क्षेत्र में ऐसी घटना हो चुकी है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन व विभाग सच में ईमानदारी से कार्रवाई करें तो यह पूरा नेटवर्क चंद दिनों में ध्वस्त हो सकता है, परंतु जिम्मेदारों की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।

**स्थानीय लोग कार्रवाई की मांग कर रहे**

नगर और आसपास के गांवों के रहवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब के पूरे गिरोह पर कठोर कार्रवाई की जाए और इस खतरनाक कारोबार को बंद कराया जाए, जिससे समाज और युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रह सके।

## दुआरी में चल रही संगीतमय शिवपुराण कथा का श्रद्धालु कर रहे रसपान

**समाज जागरण**

रीवा शहर से लगे दुआरी ग्राम मैं धनंजय प्रसाद तिवारी के निवास पर शिवमहापुराण कथा 14 नवंबर से प्रारंभ है संगीतमई कथा श्रवण करने भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं जहां व्यासपीठ पर आसीन कथावक्ता संत श्री शालिग्राम दास जी महाराज अपने मुखारविंद से कथा पंडाल में उपस्थित भक्तों को भगवान शिव के चरित्र का वर्णन सुना रहे हैं भगवान शिव के तत्व रूपी ज्ञान को सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो रहे हैं पूज्य महाराज ने बताया की शिव महापुराण कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं जब भगवान शिव की परम कृपा बरसती है तभी शिवमहापुराण का आयोजन संभव हो पता है कथा में भजनों की प्रस्तुति श्रोताओं का मन मोह लेती है बड़ा ही अद्भुत और दिव्य वातावरण इस शिव महापुराण में देखा जा रहा है कथा श्रोताओं में महिला और पुरुष की बराबर भागीदारी देखी जा रही है मुख्य कथाश्रोता श्रीमती कुसुमकली धनंजय प्रसाद तिवारी है जिन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से कथा में पहुंचने की अपील की है कथा के अंतिम दिन 22 नवंबर को भंडारे का भी आयोजन किया गया है

## युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद के लिए हो रही जोर आजमाइश

**समाज जागरण**

गौरेला। छत्तीसगढ़ के जीपीएम जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद के लिए जोर आजमाइश की जा रही है और संभावित दावेदारों द्वारा अपने अपने आका की देहरी नाप कर जी तोड़ के कोशिश की जा रही है कि उन्हें जिला अध्यक्ष की कमान मिल जाए। कुछ एक दावेदार द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेताओं का जन्मदिन मना कर शक्ति प्रदर्शन भी किया जा रहा है। जीपीएम जिले में यदि युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के दावेदारों की बात की जाए तो उसमें पहला नाम सिद्धार्थ दुबे सिद्धू का आ रहा है जो कि वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री के पद पर हैं। हालांकि भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद का आरोप लगने से बचाती है और सिद्धार्थ दुबे के चाचा नगर परिषद के अध्यक्ष के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष के पद पर भी हैं और सिद्धार्थ दुबे पूर्व से ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री हैं। ऐसे में उनकी दावेदारी कमजोर भी हो सकती है। दूसरा नाम मरवाही क्षेत्र से एक युवा नेता का नाम आ रहा है जो की पूर्व में जनपद सदस्य रह चुके हैं और वह नाम है आयुष मिश्रा का। आयुष मिश्रा उत्तर मंडल मरवाही के मंडल महामंत्री भी रह चुके हैं। मिश्रा के अलावा युवा मोर्चा से जुड़े सौरभ अग्रवाल का नाम भी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष की दौड़ में शामिल है। वैसे भी गौरेला मरवाही पेंड्रा क्षेत्र में भाजपा में गुटबाजी भी व्याप्त है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पद पर जब लालजी यादव का चयन हुआ तो पहले ऐसे लगा था कि वह गुटबाजी को समाप्त करने में पहल करेंगे लेकिन उनकी नेतागिरी भी विधायक मरवाही, जिला पंचायत सदस्य के पति एवं नगर पालिका के अध्यक्ष के इर्द-गिर्द ही दिखाई देती है। गौर करने वाली बात यह भी है कि युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद का चयन करने में भाजपा जिला अध्यक्ष की अनुशंसा ली जाती है, ऐसे में एक गुट विशेष के माने जाने वाले भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष क्या समर्पित कार्यकर्ता को जिले की कमान देने में अपनी महिती भूमिका अदा करेंगे या फिर परिवारवाद को हावी होने देंगे बता पाएगा

## गंगा में जारी कानपुर से लापता एक्सईएन की तलाश ,सुराग अबतक नहीं, पत्नी से विवाद की चर्चा

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। बीते 18 नवंबर से लापता पनकी पावर हाउस के एक्सईएन अतुल कुमार राय की खोज में पुलिस गंगा में जाल डालकर लगातार खुद बिन कर रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। गत दिवस उनकी कर जाजमऊ पुल के पास मिली थी। कार से मोबाइल,



पर्स और कागज भी मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि उन्होंने गंगा में कूदकर आत्महत्या की होगी। इसी संभावना के मद्देनजर नजर आज शुक्रवार को टीमों ने करीब 10 किलोमीटर तक नदी में तलाश शुरू की। नावों से हर हिस्से को खंगाला जा रहा है। तेज धारा और गहरे स्थानों पर जाल भी डाला गया है। एक्सईएन अतुल कुमार राय को यहां एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें मिलकर खोज कर रही हैं। साथ ही पुलिस सीसी टीवी फुटेज भी देख रही है, ताकि यह पता चल सके कि अतुल पुल तक कैसे पहुंचे थे। फिलहाल परिवार ने बात करने से मना कर रहा है। बताते हैं की पत्नी से विवाद है और वह महीनों से घर नहीं लौटी हैं। इसीलिए पुलिस निजी कारणों और तनाव की भी जांच कर रही है। अलबत्ता समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। तलाश लगातार जारी है। पुलिस का दावा है कि स्थिति बहुत जल्द स्पष्ट हो जाएगी।

## प्रो जगदीश यादव बिहार , सच्चिदानन्द मिश्रा उत्तर प्रदेश और संदीप तिवारी दिल्ली प्रदेश के चुनाव संयोजक बनाए गए

### भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ में नए सत्र के लिए इकाइयों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़/प्रयागराज। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ में पूरे देश में एक साथ चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके तहत प्रथम चरण में समस्त जिला और तहसील इकाइयों में नई कार्यकारिणी गठित करने के लिए चुनाव की घोषणा होते ही सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों में सक्रियता बढ़ गई है। राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश , बिहार , मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ , दिल्ली, झारखण्ड, महाराष्ट्र , पंजाब , राजस्थान , कर्नाटक , उत्तराखंड और असम में एक साथ सभी जिलों और तहसील इकाइयों को पुनर्गठित किया जाएगा। प्रत्येक प्रदेश में चुनाव संयोजक बनाए गए हैं जिनके निर्देशन में नई इकाइयों का चुनाव कराया जाएगा । डॉ उपाध्याय ने बताया कि बिहार के लिए प्रो जगदीश प्रसाद यादव को एवं उत्तर प्रदेश में सच्चिदानन्द मिश्रा को चुनाव संयोजक बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र एवं राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया से प्राप्त प्रस्ताव और संस्तुति पर सभी संभावित प्रदेशों में चुनाव संयोजक मनोनीत किए जा रहे हैं । इस क्रम में दिल्ली प्रदेश में संदीप तिवारी , मध्य प्रदेश में पुरुषोत्तम मिश्रा , छत्तीसगढ़ में हेमंत कारफार्मा , महाराष्ट्र में मिथिलेश मिश्रा , पंजाब में डा ० सुनील कुमार , राजस्थान में शिव कुमार जालान , कर्नाटक में डॉ जयसिंह अलवरी , उत्तराखंड में डॉ आर एल चौरसिया , झारखंड में अभय सिंह को चुनाव संयोजक बनाया गया है ।शेष अन्य सभी प्रदेशों में भी अति शीघ्र ही चुनाव संयोजक बनाए जाएंगे। सभी चुनाव संयोजक नई इकाई के गठन तक कार्यरत रहेंगे।

सभी प्रदेशों में इसी सप्ताह में सह संयोजक और मण्डल स्तर पर प्रभारियों की घोषणा कर दी जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी के हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण में खादी कारीगरों की महत्वपूर्ण भूमिका है: केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार

44वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में केवीआईसी नए भारत की नई खादी और उत्पादों की विविध श्रृंखला के माध्यम से खादी की शक्ति का प्रदर्शन करता है भारत मंडपम के हॉल नंबर 6 में 150 स्टॉलों के माध्यम से खादी इंडिया पैवेलियन आत्मनिर्भर भारत की भावना को प्रदर्शित करता है नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) 2025 के हॉल नंबर 6 में भारत में खादी की शाश्वत खादी परंपरा पूर्ण रूप से प्रदर्शित हो रही है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) इस मेले में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की एक विस्तृत एवं आकर्षक श्रृंखला के साथ प्रस्तुत कर रहा है, जो नए भारत की नई खादी को प्रतिबिंबित करता है। इस मंडप में खादी के नवीन एवं समकालीन उत्पादों को प्रदर्शन किया जा रहा है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक वैश्विक ब्रांड के रूप में उभरा है। केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने बुधवार को खादी इंडिया मंडप का दौरा किया और विभिन्न राज्यों के खादी कारीगरों, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) से जुड़े उद्यमियों और स्फूर्ति समूहों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने उनके उत्पादों, अनुभवों एवं नवाचारों पर चर्चा की और भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में उनके योगदान की सराहना की। अध्यक्ष ने कारीगरों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए उनसे भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल अभियानों को समर्थन प्रदान करते रहने का आग्रह किया।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, श्री मनोज कुमार ने कहा कि खादी इंडिया मंडप को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप डिजाइन किया गया है। खादी मंडप में पूरे देश के खादी संस्थानों, पीएमईजीपी इकाइयों एवं ह्यस्फूर्ति समूहोंह्न के खादी कारीगरों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कुल 150 स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर पारंपरिक हस्तशिल्प, खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया है। अपनी दौरे में, श्री मनोज कुमार ने स्वदेशी चरखा, पेटी चरखा, विद्युत से चलने वाला कुम्हार चाक और पारंपरिक घानी-आधारित तेल निष्कर्षण का सजीव प्रदर्शन भी देखा जो भारत की शिल्पकला और सतत उत्पादन प्रथाओं की समृद्ध विरासत को दशार्ता है।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अभ्यर्थी छात्रवृत्ति हेतु वंचित छात्र 26 नवम्बर तक करें आनलाइन आवेदन

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर (कक्षा 11-12 को छोड़कर) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति से वंचित समस्त वर्गो के छात्रों के लिये पुनः पोर्टल खोले जाने हेतु समय सारिणी निर्गत की गई है। उन्होने बताय है कि दिनांक 20 नवम्बर से 26 नवम्बर तक संस्थान द्वारा मास्टर डाटा लाक (कक्षा 11-12 को छोड़कर) किया जायेगा। छात्र/छात्रायें छात्रवृत्ति हेतु 20 नवम्बर से 26 नवम्बर तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। दिनांक 28 नवम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन को फाइनल सब्मिशन एंव प्रिंन्ट आउट किया जायेगा। दिनांक 29 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्लकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। दिनांक 03 दिसम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्राओं के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एव ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। दिनांक 11 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही किया जायेगा। दिनांक 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया है कि जिन शिक्षण संस्थानों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में मास्टर डाटा नहीं लॉक किया गया था, वे शिक्षण संस्थान निर्धारित तिथि में मास्टर डाटा अवश्य लॉक कर दें। जिन छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षाफल घोषित न होने के कारण आवेदन नहीं किया जा सका था, वे छात्र निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं

## सीडीओ ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के योजनाओं की समीक्षा की

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा उपायुक्त (स्वतः रोजगार) के साथ विकास खण्ड में पदस्थापित ब्लॉक मिशन प्रबंधकों एवं जिला मिशन प्रबंधकों की उपस्थिति में की गयी। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान जनपद की खराब प्रगति वाले बिंदुओं पर मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि अगली बैठक तक समस्त विकास खण्ड अपने खराब प्रगति वाले बिदुओं पर अपेक्षित प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करें, यदि किसी विकास खण्ड की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो उस विकास खण्ड में पदस्थापित कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सुनीति त्रिपाठी, नीरज श्रीवास्तव एवं विजय शंकर मौर्य अनुपस्थित रहे। विकासखण्ड सांगीपुर, गौरा, कालाकांकर एवं लालगंज की प्रगति पर रोष व्यक्त किया गया। विकासखण्ड लालगंज की प्रगति को देखते हुए अनुपस्थित ब्लॉक मिशन प्रबंधक का मानदेय अवरूद्ध करने हेतु उपायुक्त (स्वतः रोजगार) के स्तर से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार देव प्रकार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद तिलकधारी यादव का 63वा शहीद दिवस चक्का शहीद स्मारक पर मनाया गया।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भारत-चीन युद्ध-1962 मे शहीद स्व0 तिलकधारी यादव के 63वें शहीद दिवस को स्मरण करने के लिए आज 21 नवम्बर शुक्रवार को चक्का गांव के शहीद स्मारक पर पूर्व सैनिकों व क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने उन्हें माल्यार्पण करके श्रध्दांजलि अर्पित कर नमन किया।



अध्यक्ष ,पूर्वांचल वीर सेना सूबेदार मेजर सुरेश नागर ने कहा कि शहीद की वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

सेना के रिटायर्ड हवलदार लल्लन प्रसाद चौबे जो उनके सहपाठी रहे उन्होंने उनके वीरता के बारे में जानकारी दी।

सूबेदार मेजर राजबली पाल ने 1962 के युद्ध मे माइनस तापमान में सेना के अदम्य साहस का जिक्र किया।

सूबेदार मेजर गुलाब चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि रेजांगला युद्ध मे भारत के 120 बहादुर सैनिकों की टुकड़ी जिसका नेतृत्व मेजर शैतान सिंह कर रहे थे उन्होंने चीन के 3000 सैनिकों के साथ भीषण युद्ध किया और उनके अधिकांश सैनिको को मार गिराया साजो सामान को भारी नुकसान पहुचाया था।

कमांडर सतीश यादव ने कहा भारत की सेना के अदम्य साहस से दुश्मन आगे बढ़ने में विफल रहे। रेजांगला युद्ध मे हमारे 114 सैनिक शहीद हुए जिसमे से एक स्व. शहीद तिलकधारी यादव रहे।

शहीद स्मारक चबूतरे पर उपस्थित सभी ने शहीद तिलकधारी यादव को माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि अर्पित की।

स्व0 तिलकधारी के एकमात्र पुत्र राजनाथ यादव को उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों ने मिलकर अंगवस्त्र ,स्मृति चिन्ह देकर समान्नित किया।

ग्राम प्रधान चक्का व महामंत्री जिला प्रधान संघ मधुवन यादव ने कार्यक्रम में आये सभी पूर्व सैनिकों का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मान करते हुए कहा कि सैनिक कभी मरता नहीं बल्कि वह देशभक्ति में तपकर अमर हो जाता है।

शहीद दिवस पर प्रमुख रूप से रिटायर्ड गुलाब यादव,राजबली पाल, विनोद यादव,तेज यादव,प्रवीण पाल, अमरनाथ पाल ,नन्दलाल यादव, शम्भू यादव,रामअवध यादव सहित क्षेत्रीय सम्भ्रांतजन,युवा,छात्र व सैनिक परिवार के लोग शामिल रहे।

# इको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन द्वारा किसानों को फसल विविधीकरण का प्रशिक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। इको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन, बेनीपुर खुर्द द्वारा शुक्रवार को कुल 38 किसानों को फसल विविधीकरण विषय पर प्रशिक्षण हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र, कालीपुर ले जाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के प्रतिनिधि संजय पटेल ने अपने व किसानों के परिचय के साथ की।




प्रशिक्षण के पहले सत्र में डॉ. प्रतिक्षा (वैज्ञानिक, होम साइंस) ने किसानों को फूड प्रिजर्वेशन–कैचप, मुरब्बा आदि–की तकनीकें सिखाईं। उन्होंने बताया कि विविधीकरण का अर्थ केवल ड्रैगन फ्रूट नहीं, बल्कि मिलेट्स (मोटा अनाज) जैसी पोषक फसलों को अपनाना भी है। उन्होंने मिलेट्स के पोषण मूल्य पर विस्तृत चर्चा की।

इसके बाद वैज्ञानिक अमितेश (कृषि सस्य विज्ञान) ने स्ट्रॉबेरी की खेती, क्रॉपिंग पैटर्न, क्रॉप रोटेशन और इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

वैज्ञानिक राहुल (प्रसार शिक्षा) ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, मशीनीकरण और ड्रैगन फ्रूट की खेती की जलवायु, उपयुक्त प्रजाति, सिंचाई और बुआई समय जैसी तकनीकी बातों से अवगत कराया।

प्रधान वैज्ञानिक नवीन (प्लांट पैथोलॉजी) ने धान में लगने वाले विभिन्न रोगों एवं कीटों की रोकथाम पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। किसानों द्वारा पूछे गए प्रश्न, विशेषकर मिली बग रोग को लेकर उठाए गए संदेहों का समाधान भी किया गया।

प्रशिक्षण के अंत में वैज्ञानिक मनीष (हार्टिकल्चर) के नेतृत्व में फील्ड विजिट कराया गया, जहां किसानों ने नई तकनीकों और फसलों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। किसान अपनी शंकाओं को वैज्ञानिकों से पूछते रहे और उन्हें संतोषजनक उत्तर भी मिले।

इस प्रशिक्षण में अशोक, महादेव, रीता, रेखा, हरीश, शिवकुमार, समारू, रवि, अरविंद, अखिलेश सहित कई किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। किसानों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया और इसे अपने खेती के अनुभवों में लाभकारी बताया।

# अमरा राजा एनर्जी एवं आर आर मार्केटिंग के तत्वाधान में अलायंस कांक्लेव का भव्य आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। अमरा राजा एनर्जी एंड मोबिलिटी लिमिटेड एवं आर.आर. मार्केटिंग के तत्वावधान में वाराणसी के होटल इंडिया बनारस में शुक्रवार को शाम 6 बजे भव्य अलायंस कांक्लेव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों मे सर्व जनरल मैनेजर संजीव सिंह,रीजनल मैनेजर सर्विसेज (नार्थ इंडिया) राजू चौधरी, कॉर्पोरेट ऑफिस से सीनियर मैनेजर पवन नायडू, लखनऊ ब्रांच हेड आनंद तिवारी, एरिया मैनेजर विशाल रघुवंशी तथा आर.आर. मार्केटिंग से आदित्य सिंह की विशिष्ट उपस्थिति रही ' अमरा राजा कंपनी की एमरोंन क्वांटा यूपीएस इंडस्ट्रीज की अग्रणी उत्पाद है '

कांक्लेव में कंपनी के जनरल मैनेजर संजीव सिंह ने बताया गया कि कैसे बैटरी साइजिंग के माध्यम से सही बैटरी लगाकर उसकी उम्र बढ़ा सकते है '

कंपनी ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित कर बिजली की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रही है '

उपरोक्त के अलावा कंपनी समाज कल्याण के दिशा मे विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के निचले पायदान को भी मजबूत आधार दे रही है '

कांक्लेव में कंपनी की नई नीतियों, सेवाओं, तकनीकी उन्नयन तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में वाराणसी एवं आसपास के सभी सम्मानित ग्राहकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कंपनी के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

अमरा राजा एनर्जी एंड मोबिलिटी लिमिटेड द्वारा आयोजित यह अलायंस कांक्लेव में बैटरी एवं यूपीएस क्षेत्र में बेहतर सेवा, तकनीक एवं ग्राहक संतुष्टि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जल जीवन मिशन की पोल खुली: पानी नहीं, विभागीय रिपोर्ट में कार्य पूर्ण!

**समाज जागरण संवाददाता मीरजापुर**

जिलें के कई गाँवों में जल जीवन मिशन योजना की हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। ग्रामीणों के घरों तक आज तक पानी नहीं पहुँच सका, जबकि विभाग ने कार्य को पूर्ण बताते हुए रिपोर्ट लगा दी है। विकास खण्ड नरायनपुर के ग्राम गरौड़ी में पीने की पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार घर-घर नल कनेक्शन तो डाल दिया गया, लेकिन आज तक पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं हुई। शिकायत के बावजूद न तो पाइपलाइन की मरम्मत हुई और न ही विभागीय अधिकारी मौके पर आए।

ग्रामीणों द्वारा आईजीआरएस संख्या 40019925010481 के अंतर्गत जिलाधिकारी मीरजापुर को प्रार्थना पत्र दिया गया था (पत्रांक 4530/जिला मुलाकाती/3933, दिनांक 23-05-2025)। लेकिन कार्यालय अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), मीरजापुर ने बिना पानी चालू कराए ही रिपोर्ट लगा दी कि पानी आपूर्ति शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि यह जमीनी हकीकत से बिल्कुल विपरीत है – गाँव में आज तक पानी चालू नहीं हुआ।

**ग्रामीणों की बढ़ती नाराजगी**

ग्राम पंचायत गरौड़ी के ग्रामीण नीरज सिंह, विपिन कुमार सिंह, कुदुस अंसारी, विनय सिंह, नीरज विश्वकर्मा ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के बाद से पानी नहीं आया। मेधा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा यह काम कराया गया था जो अब लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है।

**सिर्फ गरौड़ी ही नहीं, कई गाँव परेशान**

पास के गाँव गोपालपुर और कर्मा के ग्रामीण भी शिकायतों के बावजूद परेशानी झेल रहे हैं।

गोपालपुर, कर्मा के ग्रामीणों – जिसमें चेतनारायण सहित कई लोगों ने बताया कि उन्होंने भी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई है।

# रोहनिया विधायक ने विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। विधानसभा रोहनिया क्षेत्र में चौमुखी विकास की कड़ी को गति प्रदान करते हुए रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने शुक्रवार को मनियारीपुर स्थित चौराहा माता मंदिर परिसर पर रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में 9.20 करोड़ की लागत से बनाने वाले सीसी रोड, इंटरलॉकिंग एवं पिच रोड सहित कुल 20 नए सड़क निर्माण कार्यों ( कंठीपुर 550 मीटर , मनियारीपुर 350 मीटर , करनाडांडी 560 मीटर , सीहोरवा 1किमी , कपड़पोरवा 850 मीटर , टड़िया मोड़ 400 मीटर , कनेरी 500 मीटर , करसड़ा 550 मीटर ) का विधिवत हवन पूजन के साथ शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने कहा कि क्षेत्र का विकास ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। विधायक ने उपस्थित क्षेत्र के बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को अंग वस्त्र के साथ माला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर सहायक अभियंता इं.अरुण कुमार राय,अवर अभियंता ई. अमरेश बिन्द,ई.अक्षय पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ नरेंद्र पटेल ,जिलाध्यक्ष राजेंद्र राष्ट्रीय सचिव अजीत पटेल, मानस सिंह, सुरेश पटेल और गुड्डू, डॉक्टर महेंद्र सिंह पटेल, राजकुमार वर्मा, राजबली प्रधान, कन्हैया सिंह ,संतोष पाल, विनोद पटेल, गोविंद पटेल, बसंत लाल पटेल, राम सकल मास्टर, प्रेम, दिनेश, चंद्रशेखर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।





# शिएट कालेज ऑफ फामेर्सी में राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह एल्युमनी मीट सकुशल सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शिएट कालेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम में अनेक शैक्षिक, सास्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पी. के. मिश्रा, पूर्व कुलपति, एकेटीयू जेयुटी रांची ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आर. के. सिंह, एचओडी कामर्स एसएमएमएस कालेज उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव विवेक सेठ एवं सह आयोजन सचिव श्रीमती माधुरी दुबे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

समापन समारोह के दौरान निदेशक पो. राजीव शुक्ला ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत जिले के विभिन्न इंटरकॉलेजो में सरस्वती प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्तीर्ण हुए प्रतिभागियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया।

एलुमिनी मीट के अवसर पर शिएट कालेज ऑफ फामेर्सी से जुड़े पूर्व छात्र एवं पूर्व शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

कैरियर उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने हेतु Macleods Pharmaceuticals में चयनित छाओं को मुख्य अतिथि द्वारा अप्वाइंटमेंट लेटर प्रदान किए गया।

कार्यक्रम के दौरान विशाल सिंह, अनुज मिश्रा, अजीत मिश्रा, वैभव सिंह सहित कई अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। सत्र के अंत में संस्था प्रबंधन की ओर से नवीन कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, पूर्व छात्र तथा आयोजन टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

डॉ0 प्रणव कुमार उपाध्याय ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जब तक जोड़ेंगे नही तब तक छोड़ेंगे नही, संगठन और एकता ही सबसे बड़ी शक्ति : डा. केएन राय

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी डॉ के एन राय ने कहा कि कलियुग में संगठन और एकता ही सबसे बड़ी शक्ति है। जब लोग एकजुट होकर साथ काम करते हैं, तो वे बड़ी से बड़ी कठिनाइयों को भी पार कर सकते हैं और बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। वह शुक्रवार को दांदूपुर स्थित वृंदावन लॉन में एसोसिएशन की जिला इकाई वाराणसी की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सांगठनिक रूप से तो मजबूत हैं लेकिन संवैधानिक रूप से भी मजबूती की आवश्यकता है। मण्डल अध्यक्ष वाराणसी विन्देश्वरी सिंह ने जिला एवं तहसील कार्यकारिणी की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। तीनो तहसील अध्यक्ष को अपने अपने तहसील में सघन सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।






जिलाध्यक्ष सी बी तिवारी ने मंडल अध्यक्ष के निदेर्शों का स्वागत करते हुए संगठन के विस्तारीकरण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह, संजय गुप्ता, अजय सिंह, रमेश कुमार शर्मा आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर विकास दत्त मिश्रा, शैलेंद्र सिंह पिंटू, आनंद राय, रामजी पाण्डेय, चंद्र प्रकाश सिंह, नौशाद खां, मदन मुरारी पाठक,मनोज जायसवाल, महेश मिश्रा, जितेंद्र जायसवाल, अनुराग जायसवाल, प्रवीण कुमार यादव, नित्यानंद चौबे, आशीष कुमार मिश्रा, लवकुश मोदनवाल,दीपक सिंह,प्रभुपाल चौहान,अतुल राय,शिवम गुप्ता, शशिकांत जायसवाल,मेराज अहमद,मो0 इरफान हासमी,संजय कुमार गुप्ता, मंगला यादव,संतोष गुप्ता,सतीश भारती,चंद्रशेखर सिंह, अतुल राय,राजकुमार मिश्रा, विजय शंकर चौबे,विवेक राय,अखिलेश कुमार जायसवाल, सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। जिलाध्यक्ष सी बी तिवारी ने सभी का आभार ब्यक्त किया।

# एमएलसी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मार्गो के इंटरलॉकिंग कार्य का किया शिलान्यास

वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत जंसा में मंगला प्रसाद सिंह के घर से डीह बाबा मंदिर तक लगभग 4.64 लाख की लागत से 150 मीटर का इंटर लॉकिंग, कूरसातों में मेन पिच रोड से बाबा पाल के घर तक लगभग 6.73 लाख की लागत से 142 मीटर का इंटर लॉकिंग, तेन्दुई में जीत नारायण यादव के घर से कैलास सिंह के घर तक लगभग 6.25 लाख की लागत से 135 मीटर का इंटर लॉकिंग, बरकी में पक्की मेन रोड से प्रमोद सिंह के घर तक लगभग 4.43 लाख की लागत से 70 मीटर का इंटर लॉकिंग, जोगियापुर भोरकला में रामलखन पांडेय के खेत से सुभाष पांडेय के घर तक लगभग 5.59 लाख की लागत से 120 मीटर का इंटर लॉकिंग, कुंडरिया में मेन रोड से संजय मौर्या के घर तक लगभग 2.23 लाख की लागत से 75 मीटर का इंटर लॉकिंग, मेन रोड से अशोक सिंह के घर तक लगभग 6.97 लाख की लागत से 150 मीटर का इंटर लॉकिंग कार्य का शिलान्यास किया। साथ में भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, अरविंद पटेल प्रधान, अश्वनी पांडेय, प्रेम पटेल, मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल, विवेक सिंह, अभिषेक डूबे, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, चंदन सिंह दीपू सिंह, दीपक सिंह, वैदनाथ मौर्या, आशीष सिंह आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# हरहुआ वाराणसी : तकनीकी कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर कदम

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी तकनीकी कौशल से स्वरोजगार के साथ सेवायोजन का अवसर आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनाता है।

उक्त बातें उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के तहत कौशल प्रशिक्षण केंद्र सन साइन आई0टी0आई0 चौबेपुर के फीता काटकर उद्घाटन करने के पश्चात अजगरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिभुवन राम ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।



सन साइन आई0 टी0 आई0 कौशल केंद्र के प्रबन्धक, कार्यक्रम संयोजक ने विधायक को अंगवस्त्र ,माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उद्घाटन अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम में रामप्रकाश सिंह बीरू, मून तिवारी प्रबंधक ,धर्मेंद्र रघुवंशी,श्रीमती शारदा चतुवेर्दी,श्रीमती दिव्या पुष्कर तथा आई0 टी0आई0 की छात्राएं एवं क्षेत्रीय सम्भ्रांतजन उपस्थित रहे।

# पीएचसी हरहुआ का दो दिवसीय राष्ट्रीय क्वालिटी मानक का हुआ सफल मूल्यांकन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरहुआ का दो दिवसीय राष्टीय क्वालिटी इंश्योरेंस मूल्यांकन कार्य डॉ. दीपक कुमार एवम डॉ. रूपेन्द्र कौर के द्वारा किया गया।




डॉ0दीपक कुमार ने अस्पताल के सभी विभाग की जाँच गहन रूप से किया। सभी विभाग मे सिस्टम से रख रखाव और रिपोटिंग तथा दवा स्टोर के सलीके से प्रयोग किये गए सिस्टम को देखकर सन्तोष व्यक्त किया। अस्पताल के सभी अधिकारी एवम कर्मचारी को ड्रेस कोट में अपना कार्य करने की सराहना की।

डॉ0रूपेन्द्र कौर ने डिलीवरी विभाग का गहन निरीक्षण किया तथा सभी मरीजों को पास जाकर देखा और सभी रोगियों से दवा एवम खाने पीने की चीजो के निःशुल्क मिलने के बारे मे जानकारी ली। सभी रोगियों को खुश देख सन्तोष व्यक्त किया।

उसके बाद डॉ. कौर ने डिलिवरी विभाग का रजिस्टर एवम दवा इत्यादि की भी जाँच किया। सभी चीजे सिस्टम से मिलने पर खुश रही।

सुबह मुख्य चिकिस्या अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने टीम के दोनों डॉक्टरों का परिचय लिया और शुभकामनाएं दी।

प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ डॉ. संतोष कुमार ने मूल्यांकन संपन्न होने के बाद डॉ0 दीपक कुमार एवम डॉ0 रूपेन्द्र कौर को माला पहना कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

अस्पताल के सभी अधिकारी एवम कर्मचारीयो का इस राष्ट्रीय क्वालिटी इंश्योरेंस कार्य मे अहम भूमिका रही।

प्रभारी हरहुआ डॉ 0संतोष कुमार ने सभी को धन्यवाद दिया।

# बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह मीरजापुर पहुँचे, शादी घर का किया उद्घाटन

**समाज जागरण संवाददाता मीरजापुर**

राजगढ़ विकासखंड के गोल्हनपुर गाँव में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह पहुंचे। उन्होंने पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल के गाँव स्थित नव-निर्मित



शादी घर का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने तथा विदेशी विशेषतः चीनी सामानों के बहिष्कार की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक मजबूती के लिए स्वदेशी उत्पादों का उपयोग आवश्यक है। सभी को भारतीय उत्पादों को अपनाने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की।

कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गोल्हनपुर ग्राम प्रधान इंस पटेल, शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश सिंह, पूर्व प्रमुख राजगढ़ दिनेश सिंह, ग्राम प्रधान श्यामसुंदर सिंह, पूर्व प्रधान राकेश सिंह, सूर्यबली सिंह तथा संदीप पाठक सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# धान खरीद मे तेजी लायें :अवधेश कुमार सिंह

## एडीसीओ राबर्टसगंज ने चोपन ,जुगैल तथा बटबंतरा क्रय केन्द्रो का किया निरीक्षण।

**समाज जागरण**

वाराणसी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता देवेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेशसिंह ने चोपन बीपैक्स, बटबंतरा और जुगैल बीपैक्स पर खुले धान क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया । चोपन बीपैक्स पर 4 किसान से 110.80 कुंटल खरीद पाई गई।एडीसीओ सदर ने सचिव रामअनंत को खरीद मे तेजी लाने तथा मानक के अनुरूप धान खरीद कर लक्ष्य की पूर्ति हेतु निर्देशित किया।

जुगैल बीपैक्स पर पाँच किसानो से 257 .60 कुंटल धानखरीद हुई पाई गई ।किन्तु आनलाईन केवल 10.80 कुंटल ही प्रदर्शित हो रही है ।एडीसीओ ने सचिव उमाशंकर यादव को खरीद की तत्काल शतप्रतिशत आनलाईन फीडिंग कराने के निर्देश दिए। बटबंतरा बीपैक्स पर 2 किसानो से 56 कुंटल खरीद हुई पाई गई ।सचिव प्रदीप सिंह को निर्देशित किया गया कि खरीद आनलाईन करायें।



तीनो क्रय केन्द्रों पर धान खरीद से संबंधित समस्त उपकरण और स्टेशनरी उपलब्ध पाई गई ।केन्द्र पर बैनर , इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमीमापक यंत्र, पावर डस्टर और आवश्यक स्टेशनरी पाई गई।

एडीसीओ अवधेशसिंह ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप धान का क्रय करते हुए लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

यह भी निर्देशित किया कि कृषकों की सुख सुविधा, बैठने के स्थान और पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण धान खरीद कराते हुए अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित किया जाये।

निरीक्षण के दौरान सचिव रामअनंत , उमाशंकर यादव , प्रदीप सिंह,विनोद कुमार, जितेन्द्र समेत बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय किसान भी उपस्थित रहे।

# खून से लथपथ अर्धनग्न अवस्था में मिला महिला का शव

## पुलिस ने दर्ज किया अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर की एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. मृतका का शव रुधौली क्षेत्र के सेखुई भानपुर रोड पर एक सुनसान जगह पर झाड़ी में अर्धनग्न अवस्था में रक्त रंजित शव मिला है। देखने से चाकू या किसी धारदार हथियार से हमला की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की जाँच में जुट गई हैं। मृतका की पहचान बांसी की रहने वाली प्रीति पत्नी बाबूलाल के रूप में हुई है, बताया जा रहा है कि वो सोशल मीडिया पर सक्रिय थीं। शव की पहचान उसके पास से मिले दस्तावेजों और कपड़ों के आधार पर की गई. मृतका यूट्यूब और सोशल मीडिया पर वीडियो बनाती थी। मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उससे जुड़े लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज- पुलिस ने इस मामले में मृतका की सास ज्ञानमती की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है. मृतका लोगों के घरों में झाड़ू-पोछा लगाने का काम करती थी. पुलिस उसकी कॉल डिटेल्स (सीडीआर) और इंटरनेट मीडिया एक्टिविटी की जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह अंतिम बार किसके संपर्क में थीं। पुलिस को घटना स्थल पर महिला का आधार कार्ड मिला और कुछ दूरी पर एक आम के पेड़ के नीचे एक पानी, अंग्रेजी शराब का बोतल व दो गिलास भी मिल हैं. मृतका का पति बांसी तहसील में ही रिंकू जायसवाल के यहां चाय की दुकान पर काम करता है. पति का कहना है कि एक दिन पहले बुधवार को प्रीति बहन के घर जाने की बात कहकर दो साल के बेटे दिलखुश को लेकर निकली थी। सड़क पर रोता मिला दो साल बेटा- पति ने बताया कि चाय की दुकान से काम करके जब वो घर लौटा तो प्रीति घर पर नहीं थी. उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ जा रहा था. बहन के घर समेत और रिश्तेदारों के यहां भी जानकारी हासिल किया लेकिन, कोई जानकारी नहीं मिली. बेटा भी घटना स्थल से डेढ़ सौ मीटर दूर भानपुरी रोड पर रोते हुए मिला। पुलिस के मुताबिक बुधवार की रात में राजेश भट्ट नाम के शख्स ने बच्चे को सड़क पर रोता देखा जिसके बाद वो उसे अपने साथ ले आए. उन्होंने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका, जिसके बाद वो बच्चे को थाने ले गए. पुलिस ने बच्चे को परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस का मानना है कि बेटा ही कुछ बता सकता है,जिसे प्रीति अपने साथ ले गई थी।

# गौतस्करों और हिस्ट्रीशीटरों पर कसें शिकंजा : डीआईजी

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। रेंज कार्यालय पर विगत दिन डीआईजी संजीव त्यागी ने बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर अपराध की समीक्षा की। डीआईजी ने कहा कि चैन स्नेचिंग/ लूट की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें। अभियान के तहत पिछले 10 वर्षों के आरोपितों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। ऑपरेशन क्लीन के तहत वाहनों के निस्तारण और लंबित विवेचनाओं का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। डीआईजी ने कहा कि गैंगेस्टर, वांछित व पुरस्कार घोषित आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। गो-तस्करी पर पूरी तरह से अंकुश के लिए जरूरी कदम उठाएं। रात्रिकालीन प्रभावी चेकिंग,महिला एवं एससी/एसटी एक्ट से संबंधित अपराधों में तत्परता से कार्रवाई की जाए। यातायात माह में अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कराने पर फोकस करें। यातायात नियमों का पालन कराने के साथ अतिक्रमण हटवाया जाए। नियमों की अनदेखी करने वालों का चालान करें। डीआईजी ने मिशन शक्ति अभियान के तहत समस्त पुलिसकर्मियों को कर्मयोगी पोर्टल पर प्रशिक्षण पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विभागीय लंबित पत्रावलियों, मृतक आश्रित व चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित पत्रावलियों के त्वरित निस्तारण पर उन्होंने जोर दिया। सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार लाने, एनसीआरपी पोर्टल पर मोबाइल, आईएमईआई ब्लॉकिंग की कार्रवाई बढ़ाने को कहा। साइट्रेन पोर्टल पर सभी कर्मियों का प्रशिक्षण पूर्ण कराने और पब्लिक ग्रीवांस रिव्यू पोर्टल, सीएम जनता दर्शन, अन्य उच्च स्तरीय शिकायत पोर्टलों पर प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया। मीटिंग में एसपी सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन, एसपी बस्ती अभिनंदन और एसपी संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना, परिक्षेत्रीय कार्यालय के शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# टैंकर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

## हादसे में साथी मामूली रूप से घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के कोराई के समीप एनएच-2 में गुरूवार की शाम टैंकर की चपेट में आ जाने से 36 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं उसका साथी घायल हो गया। जिसको चिकित्सकीय उपचार के बाद घर वापस भेज दिया। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना तिंदवारी मोहल्ला गांधीनगर निवासी स्व0 होरीलाल का पुत्र नंद कुमार पिछले सात वर्षों से शहर के पटेलनगर में किराए का मकान लेकर रहता था और मजदूरी करता था। बताते हैं कि गुरूवार की शाम वह अपने मित्र हसन निवासी चितौरा थाना मलवां के साथ निमंत्रण में जा रहा था। जैसे ही ये लोग कोराई के समीप एनएच-2 में पहुंचे तभी तेज रफ्तार टैंकर ने टक्कर मार दिया जिससे नंद कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई। वही उसका साथी हसन घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसको चिकित्सकीय उपचार के बाद घर वापस भेज दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद जहां पत्नी विमला का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं मृतक का मित्र वासुदेव ने बताया कि मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

# विवाहिता समेत छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी में गुरूवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 20 वर्षीय नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने पति व ससुर को हिरासत में ले लिया है। वहीं खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम उमरा में मां की डांट से क्षुब्ध 14 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार कांशीराम कालोनी निवासी राजकिशोर उर्फ छोटू की पत्नी राधा सोनी ने गुरूवार की देर शाम घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर फांसी पर लटकी युवती का शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेज दिया। पुलिस ने पति व ससुर रमेश कुमार सोनी को हिरासत में ले लिया है। इसी तरह खखरेरू थाने के उमरा गांव निवासी अमृतलाल की पुत्री काजल कक्षा सात की छात्रा है और डीपीएस इंटर कालेज उमरा में पढ़ती थी। बताते हैं कि गुरूवार की शाम लगभग साढ़े तीन बजे मां ने किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# पति बना जल्लाद : पत्नी के प्राइवेट पार्ट पर डंडे से किया प्रहार

## महिला का मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा इलाज

**समाज जागरण**



सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर के लोटन कोतवाली क्षेत्र में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है,पति ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटकर अधमरा कर दिया। लाठी-डंडों और जूतों से की गई पिटाई के चलते महिला का चेहरा सूजकर काला पड़ गया और उसका एक हाथ भी टूट गया। आरोप यह भी है कि आरोपी पति ने महिला के प्राइवेट पार्ट पर डंडे से गहरी चोट पहुंचाई, जिसके बाद उसकी हालत गंभीर हो गई। गंभीर रूप से घायल महिला को पहले लोटन सीएचसी ले जाया गया,जहां से जिला अस्पताल और बाद में हालत बिगड़ने पर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। महिला का इलाज जारी है। और बेहोशी की स्थिति में बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि महिला मूल रूप से महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसकी शादी सिद्धार्थनगर जिले के लोटन क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। परिजनों के अनुसार आरोपी पति आए दिन उसे मारता-पीटता और प्रताड़ित करता था, प्रताड़ना से तंग आकर वह कुछ समय पहले मायके चली गई थी, लेकिन 16 नवंबर को परिवार के मध्य सुलह-समझौते के बाद वह ससुराल वापस लौटी थी। पीड़िता के भाई ने आरोप लगाया कि वापसी के दूसरे ही दिन 17 नवंबर की रात पति ने फिर से क्रूरता दिखाते हुए उसे लाठी-डंडों, जूतों से पीट डाला और थप्पड़ों की बौछार कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध धारा 308 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है,जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिहार प्रदेश में इस बार टूट गई जातिए राजनीति की दीवार

( बिधानसभा चुनाव 2025 )

**सुनील कुमार श्रीवास्तव**
**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। बिहार प्रदेश की राजनीति हमेशा से जातीय समीकरणों पर टिकी रही है, लेकिन इस बार जाति की दीवार टूट गई है। यादव, कुर्मी, कुशवाहा, भूमिहार, पिछड़ा, दलित और मुस्लिम लगभग सबकी सीटें तय मानी जाती थीं. इसका असर ये देखने को मिलता था कि किसी भी पार्टी या गठबंधन को इतनी सीटें नहीं मिल पाती थीं कि वे अपने दम पर सरकार बना सके. लेकिन इस बादे बिहार विधानसभा चुनावे के नतीजों में दिखा कि ये जाति की दीवार मतदाताओं ने तोड़ दी है. वोटर्स ने जाति नहीं, काम और मुद्दों को ध्यान में रखकर ईवीएम का बटन दबाया है. नतीजे बताते हैं कि 2020 के चुनाव में जाति की राजनीति 90% सीटों पर हावी नजर आई थी, लेकिन 2025 के चुनाव में ये सिर्फ 60 प्रतिशत रह गई है। साल 2025 के विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद यह साफ हो गया कि सामाजिक आधार राजनीति की दिशा तय करता है। वोटर्स सिर्फ जाति देखकर मतदान नहीं करता है। इस बार कई जातियों की सीटों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं. 2020 और 2015 के मुकाबले जातीय प्रतिनिधित्व का यह बदलाव आने वाले राजनीतिक संकेतों को भी दर्शार्ता है। ये दर्शार्ता है कि बिहार में 'जाति की दीवार' टूट रही है। जाति 2020 में विधायक 2025 में विधाय कयादव 4520 राजपूत 28 20 मुस्लिम 188 कुर्मी/ कुशवाह 1613 भूमिहार2116अन्य अपर कास्ट129 अनुसूचित जाति 3124 नॉन यादव ओबीसी 2418 अनु सूचित, जनजाति 22 ईबीसी 2114 कुल 218144,यादवों की सीटें आधी से भी कम, RJD हैरान, 243 सीटों वाले बिहार विधानसभा के नतीजों ने इस बार कई मायनों में चौंकाया. चुनावों के नतीजे दर्शार्ते हैं कि इस बार यादवों की सीटें आधी से भी कम रह गई हैं.

2020 में जहां यादवों के 45 विधायक विधानसभा पहुंचे थे, वहीं 2025 में उनकी संख्या घटकर सिर्फ 20 रह गई. 2015 में यादव 61 सीटों पर जीतकर आए थे. लगातार तीन चुनावों की तुलना करें, तो यादवों का राजनीतिक ग्राफ बेहद नीचे आ गया है. यादवों को RJD का मजबूत वोट बैंक माना जाता रहा है, लेकिन इस बार तस्वीर बदली हुई नजर आई. लालू यादव और तेजस्वी यादव भी इस बदलाव पर हैरान हैं। कुर्मी, राजपूत MLA भी घटे ऐसा नहीं है कि सिर्फ यादव वोटर्स में ही बिखराब देखने को मिला है, साल 2025 के चुनाव में राजपूत, भूमिहार, कुर्मी, कुशवाहा, मुस्लिम, अनुसूचित जाति और वैश्य समाज के वोटर्स ने भी सिर्फ जाति देखकर वोट नहीं दिया है. 2025 में कुर्मी/ कुशवाहा विधायकों की संख्या 16 से घटकर 13 रह गई हैं. 2020 में राजपूत विधायकों की संख्या 28 थी, जो 2025 में घटकर 20 रह गई हैं। मुस्लिम MLA 18 से घटकर रह गए सिर्फ 8 मुस्लिम विधायकों की संख्या 2020 के मुकाबले 18 से घटकर 2025 में सिर्फ 8 रह गई है. 2020 में 21 भूमिहार विधायक जीत कर आए थे, लेकिन 2025 विधानसभा चुनाव में इनकी संख्या 16 रह गई है. उच्च जाति के विधायकों की संख्या में भी कमी आई है. 2020 के मुकाबले 2025 में संख्या 12 से घटकर 9 रह गई है।यह चुनाव जातीय राजनीति की दिशा में एक नया बदलाव रेखांकित करता है. पारंपरिक MY ( मुस्लिम-यादव) समीकरण भी इस बार असफल होता नजर आया।

# नींद के झोके में बाइक से गिरी महिला, घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुचुवापुर के समीप शुक्रवार की सुबह नींद के झोके में बाइक के पीछे बैठी 54 वर्षीय महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी सर्वेश की पत्नी शोभारानी अपने पुत्र सोनू सचान के साथ बाइक से शहर किसी काम से आ रही थी। जब वह मुचुवापुर के समीप पहुंची तभी उसे झपकी आ गई और वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# स्कार्पियो व पिकअप की भिड़ंत, चार घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा के समीप ओवर ब्रिज एनएच-2 में शुक्रवार की सुबह स्कार्पियो व पिकअप की भिड़ंत में वृद्ध महिला समेत चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कस्बा के धूमनगंज निवासी स्व0 धुन्ना राईन की 70 वर्षीय पत्नी बदरूननिशा अपने 40 वर्षीय पुत्र अनीस, मेंहदी हसन की 45 वर्षीय पत्नी नूर जहां व 10 वर्षीय नाती मो0 फैसल व फातिमा के साथ स्कार्पियो से शहर आ रहे थे। जैसे ही ये लोग हसवा के समीप ओवर ब्रिज एनएच-2 पर पहुंचे तभी ओवर टेक करते समय पिकअप से भिड़ंत हो गई। जिससे चारों घायल हो गए। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

# नगर निगम की गाड़ियों से हो रही डीजल चोरी का भंडाफोड़

**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! डीजल चोरी के मामले ने नगर निगम विभाग में हड़कंप मचा दिया है। गुरुवार देर शाम चनौरा स्थित खत्ता घर पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मौके पर डीजल की खरीद-फरोख्त होते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। सूचना मिलने पर संघ के पदाधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि कूड़ा ढोने वाली नगर निगम की गाड़ियों से अवैध रूप से डीजल निकालकर बेचा जा



रहा था। मौके से करीब 80 लीटर डीजल, बेचने वाले और खरीदने वाले दोनों को पकड़ लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और डीजल को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिरोजाबाद नगर निगम में डीजल चोरी का यह खुलासा बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और लापरवाही पर सवाल खड़े करता है। मामले की जांच जारी है। संदीप कुमार प्रभारी जलकल विभाग का कहना है कि इस घटना की जानकारी होते ही तत्काल जेई मौके पर पहुंच गए थे। इस पूरे मामले में संलिप्त कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में कराएं प्रतिभाग!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरो जाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में जनपद के सभी बोर्डों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय के प्रबंधक दीपक कुमार के संयोजन में दिनाँक 08 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से प्रवीण विद्यापीठ, सिरसागंज में किया जा रहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता, कल्पनाशीलता, उनमें वैज्ञानिक पद्धति के कार्यकलापों एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। विज्ञान लोकप्रियकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य जनमानस विशेषकर विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विभिन्न विज्ञान जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन एवं वैज्ञानिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उक्त के दृष्टिगत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों को व्यापक स्वरूप देने के उद्देश्य से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ०प्र० , विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गत वर्ष से जनपद, मण्डल व राज्य स्तर पर विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया है।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रमशः कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के 100 मॉडल प्रस्तुत किए जायेंगे। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन करते हुए मण्डल स्तर हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोंपरांत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 5000, रु 3000 व रु 2000 एवं 02 विद्यार्थियों को सान्त्वना पुरस्कार हेतु रु 1000, (प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मण्डल स्तर पर प्रत्येक जनपद प्रत्येक जनपद से चयनित 15 मॉडलों का प्रदर्शन संबंधित मण्डल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में मण्डल स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 05 मॉडलों का चयन करते हुए राज्य स्तर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्ही 05 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोपरांत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय एवं 02 सांत्वना पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 10000, रु 7000 व रु 5000 एवं रु 2000 ( प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रत्येक मण्डल से चयनित 05 मॉडलों का प्रदर्शन आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में किया जाएगा, जिसमें से प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार एवं 05 सांत्वना पुरस्कार हेतु क्रमशः रू 50000, रू 40000, रू 30000 एवं रू 5000 ( प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाना है।

अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के नाम उनके व्हाट्सएप नम्बर 9058885668 पर अति शीघ्र उपलब्ध करा दीजिये।

# बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन टास्क फोर्स की बैठक आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन एवं पनर्वासन टास्क फोर्स एवं बन्धुआ श्रम टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई उक्त बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट विशु राजा , अपर मुख्य अधिकारी मणीन्द्र सिंह, सहायक श्रम आयुक्त यशवन्त कुमार , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं भारतीय मजदूर संघ के राजीव सिंह, सीटू के जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष नवल सिंह, चिराग सोसायटी के अध्यक्ष डॉ जफर आलम, पेस सोसायटी से रेनू वर्मा , सिंडिकेट के हनुमान प्रसाद गर्ग, बिन्नी मित्तल, श्रम परिवर्तन अधिकारी विवेक कुमार द्विवेदी, विनीत त्रिपाठी, उमेश चन्द्र वरिष्ठ सहायक मौजूद रहे। बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन टास्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा श्रम प्रवर्तन अधिकारियों, ए० एच० टी० यू०एफ०, डी०पी०ओ०, की गठित टीम द्वारा वित्तीय वर्ष में गत वर्ष के चिन्हांकन से कम प्रगति पर उक्त अधिकारियों के कार्यों से अप्रसन्नता व्यक्त की और प्रति सप्ताह कम से कम 01 अभियान गठित सचल प्रवर्तन दल एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रुप से निरीक्षण चिन्हाकन किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त माह में चिन्हांकित 42 बाल श्रमिकों में से पात्र पाये गये 14 बाल श्रमिकों के विद्यालयों में प्रवेश कराने की कार्यवाही से सहायक श्रम आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया। उन्होंने उक्त बाल श्रमिकों को पात्र पाये जाने की स्थिति में बाल श्रम विद्या योजना से लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में उक्त प्रवेशित बच्चों में से 09 बाल श्रमिक योजनान्तर्गत पात्र पाये जाने पर टास्क फोर्स द्वारा योजना से जोडने की सहमति प्रदान कर दी गयी। बन्धुआ श्रमिकों के सम्बन्ध में जिला टास्क फोर्स की बैठक में सहायक श्रम आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया किइस अवधि में जिले में बन्धुआ श्रम की 07 शिकायतें आयोग एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त हुयी, जिस पर कार्यवाही करते हुये श्रम प्रवर्तन अधिकारियों एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों द्वारा 41 श्रमिकों को उनके गृह जनपद राज्य मजदूरी भुगतान कराकर एवं यात्रा व्यय दिलाते हुये उनकी शिकायतो का निस्तारण किया गया। चूडी कारखानों में 08 घण्टे से अधिक कार्य लिये जाने के सम्बन्ध में जनपदीय श्रम बन्धु की बैठक में विचार विमर्श किया गया, सहायक श्रम आयुक्त द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया , कि विभिन्न श्रमिक संगठनों एवं कुछ कारखानों के मालिकों द्वारा यह शिकायत की गयी है। कि उ०प्र० औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत हुये समझौते के विरुद्ध शहर के 06 कारखानेदार श्रमिकों से बगैर ओवरटाईम मजदूरी भुगतान किये कार्य संचालन कर रहे है। सेवायोजकों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों ने कार्यवाही की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सहायक श्रम आयुक्त को कडा निर्देश दिया गया , कि जिले के सभी कारखाने अपने समझौते के अनुसार संचालित हो और समयान्तर्गत ओवर टाइम वेतन का भुगतान करें। औद्योगिक अशान्ति को वर्दाश्त नही किया जायेगा। सहायक श्रम आयुक्त ने कार्य के घण्टों के सम्बन्ध में सभी चूडी कारखानों में सी०सी०टी०वी० कैमरे लगाये जाने से अवगत कराया, जिस पर भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री रमाकान्त द्वारा कहा गया कि कुछ कारखानेदार कैमरे को बन्द कर देते है। इस पर अध्यक्ष द्वारा सिंडीकेट को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। सी०टू० के जिला उपाध्यक्ष नवल सिंह द्वारा मांग की गयी। कि श्रमिकों के द्वारा दायर मुकदमों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराया जाय और श्रमिकों को उनकी मजदूरी एवं सेवा सम्बन्धी विवादों का त्वरित समाधान कराया जाय, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सहायक श्रम आयुक्त को लम्बित श्रम वादों का निस्तारण समयान्तर्गत किये जाने के कडे निर्देश दिये गये। सहायक श्रम आयुक्त द्वारा बैठक में अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि विभिन्न श्रम वादों में अबतक 522 श्रमिकों को सहायक श्रम आयुक्त न्यायालय से रु0 95,81,116/- का भुगतान कराया जा चुका है ,और रु0 32,53,712 / क्षतिपूर्ति की राशि का सावधि जमा के माध्यम से लाभ प्रदान किया गया। भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजीव सिंह द्वारा श्रमिकों के पंजीकरण एवं योजनाओं के लाभ दिलाने हेतु पंजीकरण कैम्प लगाये जाने की मांग की। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि जनपद के औद्योगिक क्षेत्रों, निर्माण स्थलों एवं श्रमिक अड्डों पर पंजीकरण हेतु शिविर लगाये जाय और चिकित्सा विभाग के सहयोग से श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु हैल्थकैम्प प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्रों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं निर्माण स्थलों पर व्यापक रुप से लगाया जाय, जिसमें कम से कम 04 डाक्टर श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण हेतु उपस्थित रहे। २इसके अतिरिक्त उसमें श्रम विभाग की ओर से सहायक निदेशक कारखाना एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिवार्य रुप से उपस्थित रहे, और इसमें श्रमिक संगठनों उद्योगपतियों के साथ-साथ स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग प्राप्त किया जाय। ई०पी०एफ० विभाग की ओर से प्रवर्तन अधिकरी श्री सुमित कुमार पाल एवं श्रवण कुमार मिश्र ने जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना भारत सरकार द्वारा संचालित की गयी है। इस योजना में मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट से नये कर्मचारी रखने पर 04 वर्ष तक न्यूनतम 1,000 से 3,000 तक का इंन्सेंटिव प्रदान किया जायेगा और कर्मचारी को प्रोत्साहन के रुप में 15,000/- रु० तक की सहायता प्रदान की जायेगी। बैठक में अध्यक्ष को बताया कि जनपद में 25,000 श्रमिक ई०पी०एफ० की योजना से लाभान्वित है, जिस पर जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता व्यक्त की और प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक कारखाना श्रमिकों को भारत सरकार की मंशा के अनुसार ई०पी०एफ० में पंजीकरण किया जाय , और प्रत्येक सप्ताह में कम से कम एक कैम्प फिरोजाबाद के औद्योगिक अवस्थापन क्षेत्रों एवं सघन औद्योगिक क्षेत्र में अनिवार्य रुप से आयोजित कर श्रमिकों का पंजीयन ई०पी०एफ० योजना में किया जाय। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न वरती जाय।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती पर भाजपाइयों ने निकाली पद यात्रा!

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा सिरसागंज विधानसभा में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एकता पदयात्रा करहल तिराहा सिरसागंज से प्रारंभ होकर सिरसागंज नगर क्षेत्र से होती हुई उमंग रिसोर्ट कौरारा रोड सिरसागंज तक निकाली गई। पदयात्रा उमंग रिसोर्ट सिरसागंज में जन सभा में परिवर्तित हो गई। पद यात्रा में भारत माता के जयकारों और तिरंगे के उत्साह के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश देती हुई पदयात्रा का शुभारंभ मा. ब्रज बहादुर भारद्वाज प्रदेश उपाध्यक्ष / जिला प्रभारी ने हरी झंडी दिखाकर किया।। इस पदयात्रा एकता संदेश से सराबोर मार्च में गणमान्यजनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में आमजन, युवा, महिलाएँ और बुजुर्ग और पार्टी कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान ब्रज बहादुर भारद्वाज प्रदेश उपाध्यक्ष / जिला प्रभारी व मा. रामप्रताप सिंह चौहान प्रदेश महामंत्री ने पदयात्रा के उपरांत जनसभा को सम्बोधित* करते हुऐ कहा कि ये पद यात्रा एकता, राष्ट्रभावना और समाज के प्रति समर्पण जैसे आदर्शों पर आधारित यह यात्रा हम सभी को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देती है। राष्ट्र की एकता, अखंडता और दृढ़ संकल्प के प्रतीक सरदार पटेल की महान विरासत आज भी हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने और सामाजिक सद्भाव की राह पर चलने की प्रेरणा देती है । भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के सिद्धांत, राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश इस पदयात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुँच रहा है। अखंड भारत के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान का स्मरण इस यात्रा को और भी अर्थपूर्ण बनाता है। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पद यात्रा के दौरान सरदार पटेल जी के राष्ट्रनिर्माण में अमूल्य योगदान को याद किया गया तथा ह्यएकता, विकास और आत्मनिर्भरता के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया गया । पद यात्रा का नेतृत्व कर रहे हरिओम यादव पूर्व विधायक व विजय प्रताप सिंह छोटू यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह पदयात्रा पूरे देश भर में निकाली जा रहीं है। पद यात्रा के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और विकास के संकल्प को दोहराया। सरदार साहब ने भारत को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य किया था और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। हजारों लोगों ने इस यात्रा में उत्साहपूर्वक जुड़कर एकता, राष्ट्रभाव और राष्ट्र-समर्पण का अद्भुत संदेश दिया इस दौरान अतुल प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक ,जोगेंद्र यादव (ब्लाक प्रमुख मदनपुर), मानवेन्द्र प्रताप सिंह लोधी पूर्व जिलाध्यक्ष ने सम्बोधित किया।। इस दौरान प्रमुख रूप राघवेंद्र सिंह (पूर्व चैयरमेन) श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह (चेयरमैन सिरसागंज),राजीव गुप्ता (चैयरमेन) , अविनाश सिंह (भोले) , विपिन शिवहरे , केशव गुप्ता , शशिकला यादव , २ हनुमंत सिंह बघेल , डॉ अमित गुप्ता , अवनीश गुप्ता , रेनु उपाध्याय , ज्योति गुप्ता , विजय यादव , यशपाल सिंह ,अजित राजपूत , वीरू धाकरे , गोपाल कृष्ण सिंह ,जीतू यादव , सागर गुप्ता , मोनू कुशवाह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व क्षेत्रीय जन उपस्थित थे।

## बच्चों की भावनाओं को समझना हम सबकी जिम्मेदारीः - राजेश चौबे

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। सोनभद्र विकास समिति एवं चाइल्ड राइट्स एंड यू के सहयोग से बच्चों के साथ बाल दिवस अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम थीम सर्कल समय/ सुनने का समय - बच्चे समूह बैठक में समुदाय के सदस्यों के साथ अपने विचार/चिंताएं व्यक्त करेंगे के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र के ब्लाक रावर्टसगंज और घोरावल के ग्राम गड़ौरा, केरवा, रैपुरा और महुअरिया में गतिविधि का आयोजन किया गया। संस्था कार्यकर्ती सुनीता और रेखा द्वारा बताया गया की बच्चो के विचारों और उनके चिन्ताओ को सुनते हुए उसपर प्रभावि क्रियान्वयन किये जाने के उद्देश्य से समुदायो मे बैठक आहुत किया गया। संस्था सचिव राजेश चौबे द्वारा बताया गया की बच्चों की भावनाओं को समझना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनके मानसिक और सामाजिक विकास के लिए जरूरी है। इसके लिए, माता-पिता को बच्चों के व्यवहार को धैर्यपूर्वक देखना चाहिए, उनकी भावनाओं को स्वीकार करना और उन पर चर्चा करना चाहिए। साथ ही, बच्चों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए सरल तरीके सिखाना चाहिए, जैसे कि शांत रहने की तकनीकें और शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। मौकेपर अभियान में में संस्था सचिव राजेश चौबे, काउन्सलर साधना सिंह, सामाजिक कार्यकर्त्ती सुनीता, रीना शर्मा, रेखा, रीमा, प्रिति, एकाउंटेंट, कोर्डिनेटर सहित समुदाय के बच्चें और अभिभावक मौजूद रहे।

## सोनभद्र में डायल-112 को मिलीं 16 नई स्कार्पियो, पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, बढ़ेगी त्वरित प्रतिक्रिया

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद पुलिस को डायल-112 सेवा के लिए 16 नई स्कार्पियो गाड़ियां मिली हैं। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने पुलिस लाइन चुर्क से इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी गाड़ियां अत्याधुनिक संचार उपकरणों, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, फर्स्ट-रेस्पॉन्स किट और अन्य सुरक्षा संसाधनों से लैस हैं। इन वाहनों को जिले के विभिन्न थानों और महत्वपूर्ण गश्त वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया है। इससे आपातकालीन प्रतिक्रिया समय (इमरजेंसी रिस्पॉन्स टाइम) में कमी आने की उम्मीद है। इन गाड़ियों के माध्यम से पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ेगी, जिससे नागरिकों को दुर्घटना, विवाद, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और अन्य आपात स्थितियों में तेज, सुरक्षित और भरोसेमंद सहायता मिल सकेगी। इन 16 स्कार्पियो वाहनों के शामिल होने से डायल-112 प्रणाली की कवरेज और गतिशीलता में महत्व पूर्ण विस्तार होगा। इससे पुलिस गश्त, रूट डोमिनेशन और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आधुनिक संसाधनों से लैस इन वाहनों का उचित उपयोग कर जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। साथ ही, जनसेवा की गुणवत्ता को भी नए स्तर पर ले जाया जाएगा।

## अनियंत्रित होकर बाइक गढ्ढे में गिरी, बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**



सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के अरझट गांव में शुक्रवार को सुबह एक 42 वर्षीय व्यक्ति का दुर्घटना में मौत हुई शव मिला। मौत हुई व्यक्ति का शिनाख्त छत्तीसगढ़ निवासी खोड गांव थाना रमकोला जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार शिव शंकर देवांगन 42 पुत्र जगधारी देवांगन निवासी ग्राम खोड थाना रमकोला जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ अपने घर से बाइक से अपने छोटे भाई अनिल कुमार के घर खैरटिया टोला तेलजर जा रहा था। अरझट गांव में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के आगे अनियंत्रित होकर बाइक गढ्ढे में पलट गई और और वह रातभर पड़ा रहा और उसकी मौत हो गई। सुबह जब गांव के लोग बाहर निकले तो गढ्ढे में बाइक देखे और कुछ दूर पर व्यक्ति को जमीन पर गिरा हुआ देखा। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान को दिया। घटना की सूचना ग्राम प्रधान ने बभनी पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल तथा सब इंस्पेक्टर शिवमूरत यादव घटनास्थल पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद व्यक्ति का शिनाख्त हो सका। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई की औरत के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजा जा रहा है।

## डी.एस. पब्लिक स्कूल की दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




चोपन/ सोनभद्र। डी.एस. पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत चोपन के अध्यक्ष शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में निषाद पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित बिंद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर अध्यापकगण, अभिभावकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न खेलों–दौड़, कबड्डी, लम्बी कूद, गोला फेंक, रिले रेस, रस्साकशी,स्लो साइकिल रेस आदि में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के जोश और रोमांच से पूरा विद्यालय प्रांगण गूंज उठा। मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद छात्रों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है, यह अनुशासन, धैर्य और स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और प्रतिभा निखारने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि रोहित बिंद ने भी छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की तथा सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।प्रतियोगिता के अंत में विभिन्न वर्गों में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। समापन पर प्रबंधक कैलाश प्रजापति ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अगले वर्ष और बड़े स्तर पर आयोजन करने का आश्वासन दिया।

## माता सुकेता महिला सशक्तीकरण योजना के लाभार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर विकास खंड चोपन के सभागार में माता सुकेता महिला सशक्तीकरण योजना के लाभार्थियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत चोपन के अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद ने किया एवं संचालन मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें लाभार्थी महिलाओं को मत्स्य पालन से जुड़ी नवीनतम तकनीकों, उत्पादन बढ़ाने के उपायों, जल संरक्षण, बाजार उपलब्धता तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर निषाद पार्टी के कार्यकर्ता, स्थानीय प्रतिनिधि, विभागीय कर्मचारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आई बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक विकास और आत्म निर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएँ चला रही है और मत्स्य पालन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं को प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा मत्स्य आधारित आजीविका को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी महिलाओं ने प्रशिक्षण से मिले ज्ञान के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की और ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की मांग की। इस मौके पर संगठन जिलाध्यक्ष डॉ विजय साहनी, मत्स्य विभाग के एडीएफ राजेंद्र श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक राकेश ओझा, हिमांचल साहनी, जीतू सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## कृष्णा माइनिंग हादसा–एसआईटी टीम की बड़ी सफलता, एसआईटी टीम ने 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**एसआईटी की पूछताछ में बड़ी लापरवाही उजागर, 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
**खदान में सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी–दबाव में मजदूरों से कराया गया जोखिमपूर्ण कार्य**

**ब्यूरो समाज जागरण**




सोनभद्र। दिनांक 15.11.2025 को थाना ओबरा, सोनभद्र अन्तर्गत बिल्ली मारकुण्डी स्थित मेसर्स कृष्णा माइनिंग वर्क्स की खदान में ड्रिलिंग के दौरान पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ढह गया, जिसमें 7 मजदूरों की दबकर दुःखद मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 264/2025, धारा 105 बीएनएस पंजीकृत कर प्रभावी विवेचना प्रारंभ की गई। कृष्णा माइनिंग वर्क्स खदान हादसे की गहन जांच हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में 05 सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की गई थी, जिसे आज दिनांक 21.11.2025 को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। एसआईटी टीम ने हादसे से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों का अनावरण करते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त (माइन्स मैनेजर) अनिल कुमार झा, पुत्र श्री गोरीकांत झा निवासी इब्राहिमपुर, थाना बहेरा, पोस्ट हरिपुर, जिला दरभंगा (बिहार) वर्तमान पता निवारणपुर, थाना दोरन्दा, जिला रांची (झारखंड) उम्र 59 वर्ष। (माइन्स स्टाफ) अजय कुमार पुत्र स्व. रामअचल निवासी बिल्ली पोखरा के पास, थाना ओबरा, जिला सोनभद्र उम्र 44 वर्ष। (माइन्स मेट) चन्द्रशेखर पुत्र श्री राजेश्वर सिंह निवासी अग्रवाल नगर कॉलोनी, वार्ड संख्या 18, थाना ओबरा, जिला सोनभद्र मूल निवासी ग्राम कोच्या, पोस्ट विशुनपुरा, थाना विशुनपुरा, जिला गढ़वा (झारखंड) उम्र 46 वर्ष। (माइन्स स्टाफ) गौरव सिंह पुत्र श्री प्रेमनाथ सिंह निवासी अग्रेसक्टर 08, किड्स केयर के पास, थाना ओबरा, जिला सोनभद्र उम्र 33 वर्ष।

पूछताछ के दौरान एसआईटी के समक्ष माइन्स मैनेजर एवं माइन्स मेट ने स्वीकार किया कि खदान में ड्रिलिंग एवं विस्फोटक मानकों में हो रही अनियमितताओं की सूचना खान सुरक्षा निदेशक को नहीं दी गई।
ड्रिलिंग के समय मजदूरों को सुरक्षा निर्देश नहीं दिए गए, न ही आवश्यक सावधानी बरती गई।
मजदूरों के नीचे खदान में कार्य से मना करने के बावजूद खदान मालिक व ठेकेदारों के दबाव में उन्हें काम करने के लिए कहा गया। माइन्स मैनेजर एवं मेट ने इस गंभीर जोखिम की जानकारी न तो अपने उच्चाधिकारियों को दी और न ही कार्य को रोकने का प्रयास किया।
एसआईटी जांच में यह भी पाया गया कि मानक से अधिक ड्रिलिंग किए जाने के कारण खदान की संरचना कमजोर हो गई, जिसके परिणामस्वरूप पत्थर का विशाल हिस्सा अचानक ढह गया और उसके नीचे दबकर 07 मजदूरों की मृत्यु हो गई।
माइन्स मैनेजर एवं माइन्स मेट की भूमिका प्रथम दृष्टया घोर लापरवाही, कर्तव्यों की अनदेखी तथा सुरक्षा मानकों के उल्लंघन में पाई गई।
उपरोक्त साक्ष्यों के आधार पर सभी चारों को मौके पर ही हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई प्रचलित की गई है।
जनपद पुलिस द्वारा इस प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है तथा जांच निरंतर प्रगति पर है।

## चतरा आरएसएस खण्ड के खण्ड कार्यवाह लालू प्रसाद ने चतरा खण्ड में घर-घर संपर्क अभियान चलाया

**शताब्दी वर्ष पर संघ की उपलब्धियां और उद्देश्य बताए।**

**समाज जागरण/
अभय कुमार पटेल**



रामगढ़/ सोनभद्र। चतरा खण्ड के सिलथंम मंडल के पड़री कला खडिया तिलहर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) चतरा खण्ड के खण्ड कार्यवाह लालू प्रसाद ने घर-घर संपर्क अभियान चलाया। यह अभियान संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य संघ के 100 वर्षों की उपलब्धियों और उसके प्रमुख विचारों को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाना था। अभियान के तहत, स्वयंसेवकों ने पंच-परिवर्तन के सिद्धांतों पर जोर दिया, जिनमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी व स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर पत्रक और पुस्तिकाएं वितरित की, जिनमें संघ के इतिहास, कार्यों और राष्ट्र निर्माण के संकल्पों का विस्तृत उल्लेख था। लालू प्रसाद के नेतृत्व में सिलथंम मंडल मे और खण्ड विस्तारक राज के नेतृत्व मे रामगढ़ मे स्वयंसेवकों ने स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने समाज में एकता, सद्भाव, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। सत्यम ने बताया कि इस अभियान से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और लोग संघ के विचारों से जुड़ेंगे।स्थानीय निवासी ओम प्रकाश सोनी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने उनके घर आकर बहुत अच्छा संदेश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि संघ समाज को जोड़ने और युवाओं को सही दिशा दिखाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस दौरान लगभग 75 घरों में संपर्क स्थापित किया गया।

संघ के स्वयंसेवकों ने इस जनसंपर्क प्रयास को भविष्य में भी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। इस अभियान में विजय, सुजीत गुप्ता, खण्ड विस्तारक राज, देवेंद्र सहित कई स्थानीय स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## चतरा प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र पटेल समेत दो आरोपी हुए दोषसिद्ध, न्यायिक हिरासत में लेकर भेजा गया जेल

**- साढ़े 19 वर्ष पूर्व हुए चालक शारदा प्रसाद चौबे की हत्या का मामला**
**- 28 नवंबर को सजा के बिंदु पर होगी सुनवाई**

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। साढ़े 19 वर्ष पूर्व हुए चालक शारदा प्रसाद चौबे हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू , सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए आरोपी चतरा प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र पटेल व राजेश सिंह को दोषसिद्ध करार दिया। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेकर जिला कारागार गुरमा भेज दिया गया। सजा के बिंदु पर आगामी 28 नवंबर को सुनवाई होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक 22 फरवरी 2006 को यतींद्र सिंह यादव पुत्र श्याम राज सिंह यादव निवासी मैनपुर, थाना करगंडा, जिला गाजीपुर ने खानपुर थानाध्यक्ष को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी पत्नी सीमा यादव के नाम से मार्शल गाड़ी संख्या यूपी 64एफ/4993 है। यह गाड़ी व्यक्तिगत कार्य हेतु बहनोई के पास थी। जिसका चालक शारदा प्रसाद चौबे पुत्र मदन मोहन चौबे निवासी लेबर कालोनी चुर्क, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र हैं। आवश्यक कार्य से 18 फरवरी 2006 को चालक गाड़ी लेकर रॉबर्ट्सगंज गया था। उसी दिन सायं 5 बजे सवेरा होटल के पास से राजेश सिंह पुत्र विजय प्रताप सिंह निवासी मगरहथा, थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र चालक से अपनी बहन की विदाई कराने वाराणसी जाने की बात कहकर चालक को लेकर चला गया। जब गाड़ी 19 फरवरी को वापस नहीं आई तो बहनोई ने रॉबर्ट्सगंज थाने में इसकी सूचना दे दी थी।21 फरवरी को पता चला कि गाड़ी को राजेश सिंह, बबलू यादव व एक अन्य व्यक्ति लेकर गए थे। 22 फरवरी को समाचार पत्र में खबर छपी थी एक व्यक्ति के शव मिलने के सम्बंध में तो थाने पर जाकर चालक के भाई विंध्यवासिनी चौबे ने अपने भाई शारदा प्रसाद चौबे की शिनाख्त की। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने विवेचना किया। विवेचना के दौरान धीरेंद्र पटेल का नाम आया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था।
मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान और पत्रावली का अवलोकन करने पर चतरा प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र पटेल व राजेश सिंह को दोषसिद्ध करार दिया। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेकर जिला कारागार गुरमा भेज दिया गया।

सजा के बिंदु पर 28 नवंबर को सुनवाई होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

## घर में घुसकर 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने एवं आत्महत्या के लिए उकसाने का था आरोप

**दुष्कर्म का आरोपी नीरज गिरी दोषमुक्त**
**अभियोजन पक्ष दोषसिद्ध करने में रहा असफल**

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। करीब साढ़े 7 वर्ष पूर्व घर में घुसकर 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म व आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए साक्ष्य के अभाव में आरोपी नीरज गिरी को दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष दोषसिद्ध करने में असफल रहा।
अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 28 जून 2018 को पन्नूगंज थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 24 जून 2018 को वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ मौसी की लड़की की शादी में गया था। घर पर उसकी दो नाबालिग बेटियां उम्र क्रमशः 16 वर्ष व 13 वर्ष थीं। 24 जून 2018 को नीरज गिरी पुत्र संतधारी गिरी निवासी परसिया, थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ किया। 26 जून 2018 को जब घर पहुंचा तो घर के अंदर से नीरज गिरी निकल कर भाग गया। जब घर के अंदर पत्नी के साथ गया तो बेटी ने बताया कि नीरज गिरी उसके साथ बुरा काम कर रहा था। इसलिए वह डरकर भाग गया। उसने उसके मुंह में दुपट्टा रखकर मुंह बंद कर दिया था। बेटी ने यह भी बताया कि 24 जून 2018 को भी नीरज गिरी उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया था। 27 जून 2018 को इसी बात से दुखी होकर बेटी ने घर में रखे अनाज की जहरीली दवा खा ली। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। लोक लाज के डर से व इलाज में व्यस्तता के कारण अब सूचना दे रहा हूं। पुलिस ने 28 जून 2018 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने आरोपी नीरज गिरी के विरुद्ध घर में घुसकर दुष्कर्म करने, आत्महत्या के लिए उकसाने व पॉक्सो एक्ट में न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।
मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 12 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर आरोपी नीरज गिरी (30) वर्ष को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष दोषसिद्ध करने में असफल रहा। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता धर्मेंद्र दुबे ने बहस की।

## निजी विक्रेताओं के द्वारा उच्च दर से बेचा जा रहा उर्वरक, लाईसेंस निलम्बित व प्रतिबन्धित दुकानों से भी हो रही धडल्ले से खाद की बिक्री

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**



म्योरपुर/ सोनभद्र। विकास खण्ड म्योरपुर के म्योरपुर, लिलासी, सागो बांध कुदरी वरवाटोला के निजी विक्रेताओं के द्वारा उच्च दर से खाद बेचा जा रहा है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि जिला कृषि अधिकारी के द्वारा जिन दुकानों को दिनांक 3/11/25 को निलम्बित व खाद विक्रय का प्रतिबन्धित किया गया था, उन दुकानों को थोक उर्वरक आपूर्ती कताओं के द्वारा बार-बार उर्वरक आपूर्ती किया जा रहा है और उन दुकानों के द्वारा उच्च दर से धडल्ले से खाद बेचा भी जा रहा हैं जो कानून का घोर उलंघन व विधि के विरुद्ध हैं इससे ऐसा प्रतित हो जाता हैं कि खाद वितरण व्यवस्था में घोर अनिमियता व ज्वलंत भ्रष्टाचार व्याप्त है, जो उच्च अधिकारियों के संरक्षण में ऐसा अवैध व्यापार फल- फूल रहा हैं थोक उर्वरक आपूर्ती कताओं व निजी विक्रेताओं बिल्कुल निरंकुश बने हुए हैं। जबकि डीएपी खाद की निर्धारित रेट ₹1350 है जिसे ₹1600 से ₹1800तक खुले आम किसानों को बेचा जा रहा हैं वही यूरिया खाद की निर्धारित रेट ₹266.50 है। जिसे किसानों को ₹700 से ₹800 मे बेचा जा रहा हैं जो खुले आम किसानों का शोषण जारी हैं खाद वितरण व्यवस्था में पार्दर्शिता लाने के लिए सैकडों किसानों ने लोक हित एवं जन हित मे सामुहिक हस्ताक्षर युक्त पत्र लिख कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उर्वरक मंत्री, कृषि मंत्री से निवेदन कर उच्च स्तयरिय जांच कर सख्त कार्रवाई करने मांग की है।

## खनन हादसाः एनएसयूआई ने निकाला कैंडल मार्च, अवैध खनन के दोषी अधिकारियों, ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग

**ब्यूरो चीफ/ विजय कुमार अग्रहरी/
समाज जागरण**



सोनभद्र। ओबरा खनन हादसे में मारे गए मजदूरों को श्रद्धांजलि देने के लिए एनएसयूआई कार्यकताओं ने बुधवार की शाम चाचा नेहरू पार्क से बढ़ौली चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान मृतक परिवारों के समर्थन में आवाज बुलंद की गई और अवैध खनन में शामिल अधिकारियों व ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठी।
कार्यक्रम में शामिल एनएसयूआई पूर्वी जोन अध्यक्ष ऋषभ पांडे ने कहा कि हादसा गरीब परिवारों को तोड़ देता है। परिवार के सदस्य मजदूरी कर जीवनयापन कर रहे थे, अब उनके सहारे छिन गए हैं। मृतक परिवारों को कम से कम 50-50 लाख रुपए मुआवजा और एक सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी सोनभद्र आकर पीड़ितों से मुलाकात कर चुके हैं और उनकी मांग पूरी तरह न्यायसंगत है। पांडे ने कहा कि अवैध खनन में लिप्त ठेकेदारों तथा मिलीभगत करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता ने कहा कि दुर्घटना में पिता को खो चुके बच्चों के भविष्य की सुरक्षा आवश्यक है। शासन को पीड़ित परिवार के बच्चों की निःशुल्क शिक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, क्योंकि अब उनके ऊपर कोई सहारा नहीं बचा है।
कार्यक्रम में मौजूद रहे राजेश द्विवेदी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड, पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, यूपी कांग्रेस सदस्य आशुतोष दुबे (आशु), बृजेश तिवारी, सत्यम पांडे, संदीप पाल, सशंक, रौनिक, रोहित भारती, शशांक मिश्र, सूरज वर्मा, राहुल जैन, प्रमोद प्रजापति, राजन पांडे, मृदुल मिश्र, उमेश पटेल, हरिद्वार सिंह, रविंद्र विश्वकर्मा, अनूप चौहान सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीमांचल एक्सप्रेस फेसबुक ग्रुप के मुख्य एडमिन एवं पोस्टकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।** फेसबुक पर भ्रामक, तथ्यहीन एवं असत्य सामग्री पोस्ट किए जाने के मामले में सीमांचल एक्सप्रेस फेसबुक न्यूज ग्रुप के मुख्य एडमिन एवं पोस्टकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

ठाकुरगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अखलाकुर्रहमान के विरुद्ध फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने वाली भ्रामक, तथ्यहीन, असत्य एवं छवि धूमिल करने वाली पोस्ट की गई थी। इस मामले में डॉ. अखलाकुर्रहमान द्वारा स्थानीय थाना ठाकुरगंज में लिखित आवेदन देकर आरोपी एडमिन एवं पोस्टकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

स्थानीय पुलिस द्वारा थाना कांड संख्या-231/2025, दिनांक 20.11.2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धाराओं 352, 353(2), 356(2,3)/3(5) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस द्वारा प्रकरण की जाँच प्रारंभ कर दी गई है तथा अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# डीपीएस शतरंज में 200 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में इसके लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स अकादमी द्वारा शहर के हलीम चौक, पुराना खगड़ा स्थित डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) में विद्यालय के सहयोग से शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के बीच एक निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक आसिफ इकबाल एवं प्राचार्या फरहीन इकबाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ शतरंज सहित विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास संभव है, जो वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकता है। जिला शतरंज संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता तथा आयोजन सचिव एवं चेस क्रॉप्स के प्रमुख कमल कर्मकार ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को कुल 14 विभागों में विभाजित कर मुकाबले कराए गए। कार्यक्रम के संयोजक एवं संघ के संयुक्त सचिव तथा शतरंज प्रशिक्षक रोहन कुमार ने परिणाम की घोषणा की। वर्ग 3 से 9 तक के प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार रही– बालक वर्गः राहीद आलम, मोहम्मद रऊफ, मीर खुश, सरताज खान, अभिजीत कुमार सिंह, अबु रेहान, मोहम्मद इकलाख, नूर अख्तर और जैश जावेद। बालिका वर्गः फलक नाज, जिया, जाहीन नवाब, माही नाज, रूहानी साद असगर, रूश्दा और सौगती नवाब।

विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रत्येक विभाग के शीर्ष तीन विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकवृंद–विवेक दीवान, प्रियंका राय, कुशेष गिरी, डॉ. मोहम्मद मसीहुर रहमान, अंजार आलम, जॉनसन लेप्चा, जीशान हाशमी, जकी अनवर, अजय नाथ झा तथा अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# नीतीश मंत्रिमंडल में विभागों का हुआ बंटवारा, सम्राट चौधरी बने गृह मंत्री

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा कर दिया। शुक्रवार को यह बंटवारा कई मायनों में ऐतिहासिक साबित हुआ है, क्योंकि पहली बार राज्य में गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास न रहकर किसी अन्य मंत्री को सौंपा गया है। इस बार गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी भाजपा के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को दी गई है। सरकार के दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को भूमि, राजस्व और खनन जैसे महत्वपूर्ण विभाग का जिम्मा दिया गया है। यह विभाग न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य के विकास, खनन नीतियों और जमीन से जुड़े मामलों को भी सीधे प्रभावित करता है। विजय सिन्हा का कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें यह भारी-भरकम विभाग दिया गया माना जा रहा है। नीतीश कैबिनेट में इस बार कुल 26 मंत्री शामिल किए गए हैं। इनमें भाजपा के 14, जदयू के 9, लोजपा (रामविलास) के 2, जबकि हम और रालोमो के 1-1 मंत्री शामिल हैं। चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) से संजय पासवान



और संजय सिंह को मंत्री बनाया गया है। संजय पासवान को गन्ना उद्योग विभाग और संजय सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण यानी पीएचईडी विभाग मिला है। जीतनराम मांझी के बेटे संतोष सुमन को लघु जल संसाधन विभाग और उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को पंचायती राज विभाग दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटर और पहली बार विधायक बनीं श्रेयसी सिंह को खेल विभाग के साथ-साथ आईटी विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है। युवा चेहरा होने के साथ-साथ खेल जगत में उनकी विशेष उपलब्धियों को देखते हुए यह विभाग उनके लिए उपयुक्त माना जा रहा है। उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे बिहार में खेल अवसंरचना और डिजिटल सेक्टर को नई दिशा देंगी। नई सरकार में विभागों का बंटवारा इस तरह किया गया है कि अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन, जातीय समीकरण और राजनीतिक महत्व को समाहित किया जा सके। नए मंत्रिमंडल में सम्राट चौधरी को गृह, विजय सिन्हा को भूमि राजस्व एवं खनन, विजय चौधरी को जल संसाधन व भवन निर्माण, बिजेंद्र यादव को ऊर्जा, श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास, मंगल पांडे को स्वास्थ्य एवं विधि, दिलीप जायसवाल को उद्योग, अशोक चौधरी को ग्रामीण कार्य, लेशी सिंह को खाद्य उपभोक्ता, मदन सहनी को समाज कल्याण, नितिन नवीन को पथ निर्माण व नगर विकास, रामकृपाल यादव को कृषि, संतोष सुमन को लघु जल संसाधन, सुनील कुमार को शिक्षा, जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण, संजय टाइगर को श्रम संसाधन, अरुण शंकर प्रसाद को कला, संस्कृति एवं पर्यटन, सुरेंद्र मेहता को पशु एवं मत्स्य संसाधन, श्रीनारायण प्रसाद को आपदा प्रबंधन, रमा निषाद को पिछड़ा व अति पिछड़ा कल्याण, लखेन्द्र रोशन को एससी एसटी कल्याण, श्रेयसी सिंह को खेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी, प्रमोद कुमार को सहकारिता, संजय पासवान को गन्ना उद्योग, संजय सिंह को पीएचईडी, दीपक प्रकाश को पंचायती राज बिभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। इस मंत्रिमंडल में पुराने अनुभवी नेताओं के साथ नए चेहरों का मिश्रण है। जदयू के वरिष्ठ नेता जैसे बिजेंद्र यादव, श्रवण कुमार और विजय चौधरी को उनके पूर्व अनुभवों के आधार पर वही महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। वहीं भाजपा के कई युवा नेताओं और पहली बार मंत्रिमंडल में शामिल हुए सदस्यों को भी महत्वपूर्ण विभाग देकर उन्हें उभारने की कोशिश की गई है।

# पटना में बस पलटने से एक महिला कि मौत, दो दर्जन घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बख्तियारपुर मोकामा फोरलेन पर शुक्रवार की सुबह एक तीर्थयात्रियों से भरी बस असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 24 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से तुरंत मोकामा ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार बस में सवार सभी तीर्थयात्री मधुबनी जिले के रहने वाले थे। वे धार्मिक यात्रा के लिए अयोध्या गए थे और सिमरिया धाम लौट रहे थे। यात्रियों के लिए यह यात्रा आध्यात्मिक शांति और आस्था से भरी होनी थी, लेकिन वापसी के दौरान बरहपुर के पास फोरलेन पर उनकी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटनास्थल के नजदीक सड़क का एक मोड़ है, जहां वाहन अक्सर असंतुलित हो जाते हैं। यह मोड़ पहले भी कई दुर्घटनाओं का कारण बन चुका है और सुरक्षा उपायों की कमी को लेकर स्थानीय लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं।घटना में घायल एक महिला यात्री ने बताया कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय नींद आ रही थी। उसने बस मालिक से कहा था कि वह थक चुका है और गाड़ी चलाना मुश्किल हो रहा है। इसके बावजूद मालिक जिसे ड्राइविंग की पूरी जानकारी नहीं थी उसने बस चलाने के लिए तैयार हो गया। यात्रियों के अनुसार बस मालिक ने अनुभव की कमी के बावजूद गाड़ी संभालने की कोशिश की और सड़क के मोड़ पर वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। प्रत्यक्षदर्शियों और बचाव कार्य में शामिल स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि बस बिखर सी गई। लोहे की बैरिकेडिंग टूटकर सड़क के नीचे गिरती बस का मलबा चारों ओर फैल गया। बस के शीशे टूट चुके थे और कई यात्री बस में फंस गए थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और खुद राहत कार्य में जुट गए। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल था। कई यात्री घायल अवस्था में दर्द से तड़प रहे थे और जिन्हें गंभीर चोटें आई थीं, उन्हें प्राथमिकता के साथ ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। मोकामा ट्रॉमा सेंटर में घायलों का इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि कुछ यात्रियों की हालत गंभीर है और उन्हें विशेष चिकित्सा की जरूरत है। चिकित्सकों के अनुसार सिर, पैर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें पाई गई हैं। कुछ मरीजों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किए जाने की संभावना भी जताई गई है। अस्पताल में बड़ी संख्या में परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ लगी हुई है, जिससे तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए। सड़क पर जाम लगने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि ड्राइवर की लापरवाही और मोड़ पर नियंत्रण खो देने से दुर्घटना हुई। स्थानीय प्रशासन ने यह भी कहा कि उस क्षेत्र में वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत है और सड़क की संरचना पर भी सुधार की आवश्यकता महसूस होती है। हादसे के बाद तीर्थयात्रियों में डर और सदमा फैल गया है। कई यात्री अभी भी हादसे के क्षणों को याद कर सहम जा रहे हैं। कुछ यात्रियों ने बताया कि बस अचानक तेजी से हिलने लगी और कुछ ही सेकंड में वह सड़क से नीचे जा गिरी। किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। परिजनों और ग्रामीणों में शोक का माहौल है, खासकर उस महिला के परिवार में जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।





# बिहार महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम से नाराज होकर सौंपी इस्तीफा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी को जहां गहरा आघात पहुंचाया है, वहीं अब उससे जुड़े नेताओं ने भी आत्ममंथन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष डॉ. सरवत जहाँ फातमा ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा देकर नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है। उन्होंने अपना त्यागपत्र अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है। अपने इस्तीफे में डॉ. फातमा ने लिखा कि वह भारी मन लेकिन दृढ़ संकल्प के साथ यह निर्णय ले रही हैं। हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में पार्टी को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा, जहां कांग्रेस सिर्फ पाँच सीटों पर सिमट गई। इस हार को उन्होंने संगठनात्मक कमजोरी और महिला नेतृत्व को उचित अवसर न मिलने से जोड़ा। उन्होंने स्पष्ट लिखा कि महिला कांग्रेस की अध्यक्ष होने के नाते वे नैतिक रूप से जिम्मेदार महसूस करती हैं। इस बार कांग्रेस ने महिलाओं को मात्र 4% टिकट दिया, जिसे वे अत्यंत निराशाजनक बताती हैं। उनके अनुसार, महिला नेतृत्व को अवसर देने के कई प्रयास हुए, लेकिन चुनाव में यह लक्ष्य पूरी तरह विफल रहा। त्यागपत्र में डॉ. फातमा ने अपने 28 महीनों के कार्यकाल का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इस अवधि में बिहार महिला कांग्रेस को बूथ स्तर से जिला स्तर तक मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए। बूथ स्तर तक महिला पदाधिकारियों की नियुक्ति नियमित प्रशिक्षण शिविर, घर-घर संपर्क अभियान, स्थानीय मुद्दों पर आंदोलन और हस्तक्षेप में शामिल थी। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से संगठन को मजबूती मिली, लेकिन चुनावी परिणाम सभी मेहनत को धुंधला कर देने वाले साबित हुए। अपने पत्र में उन्होंने कांग्रेस के इतिहास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी, स्वर्गीय राजीव गांधी और सोनिया गांधी ने महिलाओं को राजनीति में सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिला कांग्रेस हमेशा से इस विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास करती रही है। उनके अनुसार, यही प्रेरणा उन्हें संगठन के साथ जोड़कर रखती आई, और आगे भी वे पार्टी के सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति समर्पित रहेंगी।



# उपायुक्त ने किया शिविर का निरीक्षण

## सुनी ग्रामीणों की समस्या, अधिकारियों को दिए कई निर्देश

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।** विष्णुगढ़ ।प्रखंड के भेलवारा पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया ।मौके पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1943 आवेदकों ने आवेदन दिया ।जिसमें 1253 आवेदनों का मौके पर निष्पादन किया गया ।मौके पर खासतौर पर पहुंचे उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शिविर का निरीक्षण किया ।उपायुक्त ने शिविरों में चल रहे विभिन्न सेवा-काउंटरों का जायजा लिया एवं आमजनों को योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने को ले दिए गए निदेर्शों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक काउंटर पर प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति,निष्पादन की गति एवं सेवा प्रदायगी से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि प्रणाली का भी अवलोकन किया एवं तकनीकी टीम से इसके सुचारू संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक प्राप्त आवेदन का समयबद्ध ऑनलाइन पंजीकरण,सत्यापन एवं निष्पादन सुनिश्चित किया जाए,ताकि सेवा का अधिकार अधिनियम की भावना के अनुरूप नागरिकों को समय से सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।





उपायुक्त ने कहा कि "सेवा का अधिकार सप्ताह"का उद्देश्य जनता की पहुंच सभी सरकारी सेवाओं तक आसान, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है ।उन्होंने उपस्थित आमजन से भी बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं तथा तत्काल समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ।मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार सिंह, सीओ नित्यानंद दास,बीपीओ राजमोहन वर्मा, ममता सिंह,प्रमुख जैबून निशा, उप प्रमुख सरयु साव, मुखिया लक्ष्मी देवी,जनप्रतिनिधियों के अलावा सरकारी कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# परंपरा और सम्मान के साथ मनाई गई वीर शहीद कोका कमार करमाली की 164वीं जयंती

**संवाददाता परमबीर पात्रो समाज जागरण**

जमशेदपुर, 21 नवम्बर 2025 बारीडीह स्थित वीर शहीद कोका कमार करमाली चौक में शुक्रवार को वीर शहीद कोका कमार करमाली की 164वीं जयंती पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन बलराम कर्मकार (प्रमुख संस्थापक) तथा राजू लोहरा (आयोजक) की अगुवाई में किया गया।

कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी (का.) के जिला प्रभारी सनत सिंह सरदार एवं संगठन प्रभारी सह मीडिया प्रभारी, पूर्वी सिंहभूम तथा सरायकेला-खरसावां के परमबीर पात्रो को जेएमएम के नगर अध्यक्ष गोविंद लोहार और राजू लोहार द्वारा सम्मानित किया गया पदाधिकारियों ने शहीद कोका कमार करमाली के योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और भाषा-संस्कृति संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।





सुबह 7:00 बजे माल्यार्पण के साथ जयंती समारोह की शुरूआत हुई। स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। लोगों ने शहीद के संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान हेतु उनके योगदान को याद किया।

शाम 6:00 बजे दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदिवासी पारंपरिक नृत्य, गीत और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा माहौल उत्सवमय रहा। कलाकारों ने सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता पर आधारित प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

यह कार्यक्रम वीर शहीद कोका कमार करमाली सेना संघर्ष समिति और बिरसा सेना के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर रविन्द्र लोहारा, कृष्णा लोहार,गोविंद लोहार, घनश्याम कर्मकार, राजू कंवर, लालू लोहार, मोहन कंवर, जय नारायण मुंडा, दीपक रंजीत, राममुनि बाजनदारी, पप्पू कंवर, पप्पू लोहार, जानी बसाई, श्याम सिंह सरदार, सुनील सोरेन, गोविंद लोहार, सोमाई लोहार, मंगरा लोहार, रमेश लोहार, दिलीप लोहार, सुशील लोहार, धनंजय मुर्मू, सोभायन लोहार, दिवान सोरेन, सुबोध लोहार, राजा राय मुर्मू, सुनील हेंब्रम, जेरी सोरेन, पंकज लोहार, मिहिलाय मुर्मू, दीप लोहार, बेसराम चाय, असमान बाजरे, राजू राम, डॉ. रवी प्रसाद, भोलाराम कंवर, राजू लोहार, बिनोद कंवर आदि अंत में आयोजनकर्ता बलराम कर्मकार और राजू लोहरा ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। समारोह शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान , अवलोकन और आलोचनात्मक सोच के साथ समग्र विकास मददगार होता है:--राकेश कुमार मिश्र

**समाज जागरण**

पटनाः- राजधानी पटना के एजी कालोनी, पटना स्थित आर.सी.सेंट्रल स्कूल के तत्वावधान में भारत पर्यटन विभाग के सौजन्य से विश्व धरोहर दिवस के पावन अवसर पर शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ भारत पर्यटन विभाग के अधिकारियों के सौम्य उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर किया गया। शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम के निमित्त टोली को रवाना करने के पूर्व अधिकारियों ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान, अवलोकन और आलोचनात्मक दृष्टि जैसे वास्तविक दुनिया के कौशल को सीखाता है और यह कक्षा के बाहर सीखने को प्रोत्साहित करके उनके समग्र विकास में मदद करता है ।यह शैक्षणिक परिभ्रमण छात्रों को ऐतिहासिक स्थलों संग्रहालयों, विज्ञान केंद्रों या औद्योगिक इकाइयों का दौरा करने का अवसर प्रदान करता है जिससे उनकी रुचि जगती है और विषय की गहरी समझ विकसित होती है। इसके अतिरिक्त छात्रों के बीच सामाजिक कौशल व टीम भावना को भी बढ़ावा देता है ।साथ -साथ उन्हें विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोण से परिचित होने का अवसर भी मिलता है। शैक्षणिक परिभ्रमण से बेहतर शिक्षा, प्रेरणा में वृद्धि, वास्तविक दुनिया का कौशल, सामाजिक और व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। शैक्षणिक परिभ्रमण ऐतिहासिक स्थलों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक संग्रहालयों , प्राकृतिक स्थलों आदि का कराना श्रेष्ठतम होगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती अमृता सिन्हा ने किया जबकि आगत अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य राकेश कुमार मिश्र ने कराया। परिचय कराते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि आर.सी.सेंट्रल स्कूल, एजी कालोनी पटना परिवार भारत पर्यटन विभाग का आभारी हैं कि इन्होंने शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम के दृष्टि से आर.सी.सेंट्रल स्कूल, एजी कालोनी पटना का चयन किया है। आज के शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम में कुम्हरार स्थित खुदाई से प्राप्त अवशेष,बापू टावर एवं गोलघर का शैक्षणिक परिभ्रमण कराया गया ।आभार ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षिका डा.प्रज्ञान दीदी ने किया। आभार ज्ञापन करते हुए उन्होंने भारत पर्यटन विभाग के कार्यों की भूरि-भूरि सराहना की ।इस अवसर पर शिव कुमार साहू, राजकुमार दूबे,डा.प्रज्ञान,काजल कुमारी, सविता दीदी, ज्योति कुमारी, रामविनय सिंह सिंह राकेश कुमार, आर्यन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।













# सबको हराने" की जगह "सबको जीतने" की कोशिश करे, बहुतसारी मुशिकले आसान हो जाएगी।

**समाज जागरण**

जीवन में हम अक्सर प्रतिस्पर्धा को केवल दूसरों को हराने के रूप में देखते हैं। हमें लगता है कि सफलता तभी है जब हम सामने वाले को पीछे छोड़ दें। परंतु यह सोच हमें भीतर से छोटा भी करती है और कई अनावश्यक तनाव भी पैदा करती है। इसी संदर्भ में यह विचार अत्यंत प्रेरक है कि सबको हराने की जगह सबको जीतने की कोशिश करें, बहुत-सी मुश्किलें आसान हो जाएँगी।

इसका अर्थ है कि हमारा उद्देश्य दूसरों को नीचा दिखाना नहीं, बल्कि अपने व्यवहार, सहयोग और सद्भावना से लोगों का दिल जीतना होना चाहिए। जब हम दूसरों को हराने के बजाय उनके साथ मिलकर आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं, तो रिश्तों में मधुरता आती है। एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझने से गलतफहमियाँ कम होती हैं और समस्याएँ स्वयं सरल हो जाती हैं।

प्रतिस्पर्धा बुरी नहीं है, परन्तु यदि वह अहंकार, ईर्ष्या और कटुता का रूप ले ले, तो जीवन कठिन हो जाता है। इसके विपरीत, यदि हम सहयोग, सहानुभूति और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें, तो न केवल हम स्वयं बेहतर बनते हैं बल्कि आसपास का वातावरण भी सौहार्दपूर्ण बनता है।

कार्यस्थल, विद्यालय या परिवार–हर जगह यह सिद्धांत लागू होता है। जो व्यक्ति सबका विश्वास जीत लेता है, उसके लिए लोगों का सहयोग पाना आसान हो जाता है और कठिन कार्य भी सहजता से पूरे हो जाते हैं।



इस प्रकार साफ है कि जीवन की असली जीत दूसरों को हराने में नहीं, बल्कि लोगों के दिल जीतने में है। यही सोच हमारी मुश्किलों को कम करती है और सफलता के द्वार खोलती है।

**विश्लेषणात्मक आलेख**

सबको हराने की जगह सबको जीतने की कोशिश करें–बहुत-सी मुश्किलें आसान हो जाएँगी

मानव समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है–प्रतिस्पर्धा और सहयोग के मध्य संतुलन बनाना। अक्सर हम सफल होने के लिए दूसरों को हराने, पीछे छोड़ने या छोटा साबित करने की दौड़ में लग जाते हैं। लेकिन वास्तविक प्रगति और दीर्घकालिक सफलता का रास्ता उस मानसिकता से आता है, जिसमें हम सबको हराने के बजाय सबको जीतने का प्रयास करें। यह सोच न सिर्फ मानवीय संबंधों को सहज बनाती है, बल्कि व्यक्तिगत, सामाजिक और पेशेवर–तीनों स्तरों पर जीवन को सरल भी कर देती है।

मानव इतिहास बताता है कि जहाँ प्रतिस्पर्धा ने नवाचार को गति दी, वहीं सहयोग ने सभ्यताओं को टिकाया। जब हमारा लक्ष्य दूसरों को हराना होता है, तब हमारा ध्यान समाधान से हटकर तुलना और ईर्ष्या पर केंद्रित हो जाता है।

इसके विपरीत, जब हम दूसरों का विश्वास जीतने, रिश्ते जोड़ने और टीम के रूप में आगे बढ़ने की सोच रखते हैं, वहां से हमारी भावनात्मक बुद्धिमत्ता, संचार कौशल और सहनशीलता बढ़ती है।

हराने की मानसिकता क्यों मुश्किलें बढ़ाती है ?तनाव बढ़ाता है लगातार तुलना और प्रतियोगिता मानसिक दबाव को बढ़ाती है। मैं ही जीतूंगा की सोच लोगों को असुरक्षित और दूर कर देती है।

निर्णय क्षमता पर असरः प्रतिस्पर्धा के कारण हम भावनात्मक निर्णय लेने लगते हैं, तार्किक सोच पीछे रह जाती है।

हराने की मानसिकता समूह में अविश्वास पैदा करती है, जिससे प्रोजेक्ट और सहयोग प्रभावित होते हैं।

जब हम सबको जीतने की सोच रखते हैं, यानी ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश करते हैं जिसमें सभी सुरक्षित, सम्मानित और सक्षम महसूस करें, तबः

लोग उन पर अधिक भरोसा करते हैं जो उनके हितों को समझते हैं या सम्मान देते हैं।

टीम का माहौल सकारात्मक होता है, जिससे उत्पादन क्षमता और रचनात्मकता बढ़ जाती है।

जब लोग खुद को प्रतियोगी नहीं बल्कि साथी मानते हैं, तो विवाद स्वाभाविक रूप से कम हो जाते हैं।

सच्चा नेतृत्व वही है जो लोगों के बीच जीत-हार कम और सहयोग-विकास अधिक देखता है।

1. तुलना कम, आत्मविश्लेषण अधिक

दूसरों को हराने की प्रेरणा अंतहीन है। लेकिन स्वयं को बेहतर बनाने की प्रेरणा स्थायी है।

2. सुनने की क्षमता का विकास करना चाहिए

दूसरों को जीतने का सबसे आसान तरीका है–उन्हें सुना और समझा जाए।

3. समस्याओं को हम बनाम समस्या के रूप में देखना चाहिए इससे समाधान केंद्रित सोच पैदा होती है।

4. दूसरों की उपलब्धियों को स्वीकार करना सीखना चाहिए

किसी की सफलता आपकी हार नहीं है। यह दृष्टिकोण मन के बोझ कम करता है।

5. सहानुभूति रखना चाहिए

दूसरों की स्थिति में खुद को रखने से निर्णय अधिक संतुलित और मानवीय बनते हैं।

5. निष्कर्ष

सबको हराने की सोच हमें संघर्ष, तनाव और प्रतिस्पर्धा के उस चक्र में डाल देती है जहाँ मुश्किलें बढ़ती ही जाती हैं।

वहीं सबको जीतने–अथार्त सहयोग, संवाद, सम्मान और समावेशन–की मानसिकता अपनाते ही जीवन सरल, हल्का और सार्थक हो जाता है।

हर संघर्ष जीत से नहीं, कई संघर्ष समझ और सहयोग से खत्म होते हैं। अगर हम यह समझ लें कि हमारी जीत दूसरों की हार पर निर्भर नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और सामूहिक प्रयास पर आधारित है, तो सचमुच हमारी अधिकांश मुश्किलें आसान हो जाएँगी।



लेखिका- सुनीता कुमारी बिहार

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**





आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी









नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

वैसे तो कई लोग फरूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.











वैसे तो कई लोग फरूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

